
रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 17 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-57 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### धनखड़ मानवाधिकार आयोग के स्थापना दिवस को संबोधित करेंगे



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग 31वें स्थापना दिवस पर एक समारोह का आयोजन कर रहा है जिसमें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बतौर मुख्य अतिथि होंगे। समारोह में आयोग की कार्यवाहक अध्यक्ष विजया भारती सयानी , महासचिव भरत लाल , आयोग के वरिष्ठ अधिकारी और कई राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय गणमान्य हस्ती शामिल होंगे। आयोग वृद्धजनों के अधिकारों पर आधारित एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का भी आयोजन करेगा, जिसका विषय ' भारत के बुजुर्गों के लिए संरचनात्मक ढांचे, कानूनी सुरक्षा उपाय, सुरक्षा अधिकार और संस्थागत संरक्षण का आकलन' होगा।

### कच्ची कॉलोनियों में बिना एनओसी 15 दिन में मिलेगा बिजली कनेक्शन : आतिशी



**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार ने यह फैसला किया है कि अब लोगों को कच्ची कॉलोनियों में बिजली कनेक्शन के लिए डीडीए से एनओसी लेने की जरूरत नहीं होगी। आतिशी ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा कच्ची कॉलोनियों में बिजली कनेक्शन के लिए एनओसी की अनिवार्यता से लोग दर दर भटकने और रिश्वत देने को मजबूर थे।

### शेयर बाजार का गिरना जारी

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर सीडी, आईटी, ऑटो और टेक समेत तेरह समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिर गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 318.76 अंक की गिरावट लेकर 81,501.36 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 86.05 अंक उतरकर 24,971.30 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 0.10 प्रतिशत फिसलकर 48,644.82 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.31 प्रतिशत मजबूत होकर 57,403.07 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4068 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2021 में लिवाली जबकि 1941 में बिकवाली हुई वहीं 106 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# 14 नवंबर से धान खरीदी, 160 लाख टन उपार्जन का अनुमान

## कर्मचारियों को मिला दिवाली तोहफा, 4 फीसदी बढ़ा महंगाई भत्ता

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में धान खरीदी, राजनीतिक आंदोलनों से संबंधित प्रकरणों समेत कई अहम् मुददों पर चर्चा के निर्णय लिए गए। बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन तथा कस्टम मिलिंग की नीति का अनुमोदन किया गया। मंत्रिमण्डलीय उप समिति की अनुशंसा के आधार पर राज्य में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान समर्थन मूल्य पर राज्य के किसानों से नगद एवं लिंकिंग में धान खरीदी 14 नवम्बर से प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। राज्य में धान खरीदी 31 जनवरी 2025 तक की जाएगी। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए कृषि विभाग द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से किसान पंजीयन की प्रक्रिया जारी है, जो 31 अक्टूबर 2024 तक चलेगी। वर्ष 2024-25 में 160 लाख टन धान के उपार्जन का अनुमान है। समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए बायोमेट्रिक व्यवस्था पूर्व वर्ष की भांति लागू रहेगी। मंत्रिपरिषद में खरीदी केन्द्रों में धान के नियंत्रित एवं व्यवस्थित रूप से उपार्जन हेतु सीमांत एवं लघु कृषकों को अधिकतम दो टोकन तथा दीर्घ कृषकों को अधिकतम तीन टोकन प्रदाय करने का निर्णय लिया गया। सभी खरीदी केन्द्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र के माध्यम से धान खरीदी होगी। धान खरीदी के लिए 4.02 लाख गठान नये जूट बारदाना जूट कमिश्नर के माध्यम से क्रय करने की स्वीकृति दी गई है। धान खरीदी के लिए कुल 8 लाख गठान बारदाने की जरूरत होगी। मंत्रिपरिषद की बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में सहकारी समितियों में कार्यरत डाटा एन्ट्री ऑपरेटरों को 18,420 रूपए प्रतिमाह के मान से कुल 12 माह का मानदेय भुगतान का निर्णय लिया गया। इस पर कुल 60 करोड़ 54 लाख रूपए का व्यय भार आएगा। जिसके भुगतान के लिए पूर्व वर्षो की भांति राशि मार्कफेड को प्रदाय की जाएगी। विशुद्ध रूप से राजनीतिक आंदोलनों से संबंधित प्रकरणों को जनहित में न्यायालय से वापस लिये जाने के संबंध में गठित मंत्रिपरिषद की उपसमिति द्वारा अनुशंसित 49 प्रकरणों को माननीय न्यायालय से वापस लिए जाने का निर्णय लिया गया है। मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक (अराजपत्रित) सेवा भर्ती नियम 2021 के नियम 8 (2) में सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमाण्डर के पद पर नियुक्ति हेतु भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2024 में केवल एक बार के लिए अभ्यार्थियों की निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट प्रदान करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सभी छूटों को मिलाकर अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। राज्य के सभी ग्राम पंचायतों के प्रत्येक घर में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु छत्तीसगढ़ ग्रामीण पेयजल संचालन एवं संधारण नियम, 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। जिसके तहत पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति अपने दायित्वों के साथ-साथ ग्रामीण पेयजल व्यवस्था के संचालन एवं संधारण का कार्य भी देखेगी। ग्राम सभा के अनुमोदन से जल प्रभार का निर्धारण के अलावा नये कनेक्शन का निर्णय, वित्तीय प्रबंधन, मरम्मत, पेयजल गुणवत्ता का निर्धारण एवं शिकायतों का निराकरण करेगी। दिवंगत शिक्षक (पंचायत) संवर्ग के कर्मचारियों के अनुकम्पा हेतु पात्र आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इसके तहत ऐसे शिक्षक (पंचायत) संवर्ग के कर्मचारी जिनकी मृत्यु सेवाकाल में हो गई थी और जिनके आश्रित नियमानुसार अनुकम्पा हेतु पात्र है, उन्हें छत्तीसगढ़ शिक्षक (पंचायत) संवर्ग नियम 2018 के आधार पर पात्रता अनुसार अनुकम्पा नियुक्ति दी जाएगी। ऐसी स्थिति में स्कूल शिक्षा विभाग से पद पूर्ति के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को पद प्रदाय करने के पूर्व के आदेश को शिथिल करने का निर्णय भी लिया गया है, ताकि दिवंगत के पात्र आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की जा सके। लोकनायक जयप्रकाश नारायण (मीसा/डी.आई.आर. राजनैतिक या सामाजिक कारणों से निरूद्ध व्यक्ति) सम्मान निधि नियम, 2008 में संशोधन का अनुमोदन किया गया।



मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की बैठक के पहले ही बड़ी घोषणा की है, राज्य के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 4 फीसदी बढ़ाते हुए अब 46 से 50 प्रतिशत कर दिया गया है। 1 अक्टूबर से राज्य के कर्मचारियों को महंगाई भत्ता का बढ़ा हुआ लाभ मिलेगा।

## अमन साहू का राजधानी में नेटवर्क का पुलिस ने किया खुलासा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू ने छत्तीसगढ़ की राजधानी में अपना नेटवर्क फैला लिया है। रायपुर पुलिस द्वारा रिमांड पर लेकर की जा रही पूछताछ में साहू ने कई बड़े खुलासे किए हैं। रायपुर एसपी संतोष सिंह ने बताया कि राजधानी में अमन साहू का लोकल नेटवर्क सक्रिय है, और इसके कई लिंक पुलिस के सामने आए हैं। पुलिस ने खुलासा किया कि तेलीबांधा और गंज थाने में दर्ज मामलों में अमन साहू से पूछताछ जारी है। पिछले दो दिनों से लगातार जांच चल रही है। उल्लेखनीय है कि रायपुर कोर्ट ने अमन साहू को 19 अक्टूबर तक पुलिस रिमांड पर भेजा है। अमन साहू को रायपुर में सीधे क्राइम ब्रांच ऑफिस में रखा गया है, जहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, तेलीबांधा में एक कारोबारी के ऑफिस के बाहर हुई गोलीबारी में उसकी भूमिका की जांच हो रही है। इस मामले में गैंग की महिला सदस्य समेत 12 लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

## जयशंकर ने पाकिस्तान को दी आत्मनिरीक्षण की सीख



**इस्लामाबाद/वार्ता।** भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (एसीओ) को उसके घोषणापत्र में आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौतियों का दृढ़ता से मुकाबला करने की उसकी प्रतिबद्धता बुधवार को याद दिलायी और कहा कि विश्वास, मित्रता, सहयोग और अच्छे पड़ोसी की भावना में कमी हो तो आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। डॉ. जयशंकर ने पाकिस्तान की अध्यक्षता में आयोजित एससीओ के शिखर सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रतिनिधि के रूप में संबोधित किया।

## केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री बने उमर अब्दुल्ला

एजेंसी ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने अनुच्छेद 370 के निरस्त होने और केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के रूप में बुधवार को शपथ ली। अब्दुल्ला इससे पहले 2009 और 2014 की अवधि में जम्मू-कश्मीर राज्य के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने 1998 से 2009 तक दो बार लोकसभा में श्रीनगर का प्रतिनिधित्व किया। वह सबसे कम उम्र के लोकसभा सदस्य थे और पांच जनवरी-2009 को कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन सरकार बनाने के बाद जम्मू-कश्मीर राज्य के सबसे कम उम्र के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने वर्ष 2014 से 2018 तक पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य में विपक्ष के नेता के रूप में कार्य किया।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने प्रदेश के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। उन्होंने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक में रायपुर नगर (दक्षिण) विधानसभा उप-निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता, निर्वाचन व्यय, मतदान के दिन की व्यवस्था और भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 15 अक्टूबर को रायपुर नगर (दक्षिण) विधानसभा उप-निर्वाचन के कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। रायपुर नगर (दक्षिण) उप-निर्वाचन के लिए 13 नवम्बर को मतदान और 23 नवम्बर को मतों की गिनती होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में आदर्श आचारसंहिता प्रभावशील हो गई है। उन्होंने बताया कि मतदान के लिए रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में 253 मतदान केंद्र हैं जो सभी शहरी क्षेत्र में स्थित हैं। उन्होंने कहा कि 1500 से अधिक मतदाता संख्या वाले 13 मतदान केंद्रों में सहायक मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना कंगाले ने जानकारी दी कि आयोग के निर्देशानुसार मतदान केंद्रों में मतदाता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र के साथ ही आयोग द्वारा अधिसूचित 12 अन्य तरह के पहचान पत्र दिखाकर मतदान कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी कि नामनिर्देशन के लिए अभ्यर्थी के मात्र 3 वाहन ही नामांकन केंद्र के 100 मीटर की परिधि में प्रवेश कर सकेंगे।

## प्रधान आरक्षक की पत्नि-पुत्री की हत्या के आरोपी कुलदीप साहू समेत 5 गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com


जिला मुख्यालय सूरजपुर में प्रधान आरक्षक की पत्नि और नाबालिग पुत्री की नृशंस हत्या करने वाले कुख्यात आरोपी कुलदीप साहू और उसके चार साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में एक नाम एनएसयूआई का जिला अध्यक्ष चंद्रकांत चौधरी का भी बताया जा रहा है। बताया जाता है कि कुलदीप साहू पुलिस द्वारा उसके आपराधिक कृत्यों पर की गई कार्रवाइयों से नाराज था और वह प्रधान आरक्षक की सक्रियता से गुस्से में था, जिसके चलते उसने यह भयावह कदम उठाया। 13 अक्टूबर 2024 की रात को आरोपी कुलदीप साहू और उसके साथी आर्यन विश्वकर्मा उर्फ गोल्डी, चंद्रकांत चौधरी उर्फ सी.के. और रिंकू सिंह सूरजपुर के पुराने बस स्टैंड पर बैठे थे। उसी समय आरक्षक धनश्याम सोनवानी ने कुलदीप को देखा और उसे पकड़ने का प्रयास किया। कुलदीप ने गर्म तेल फेंककर आरक्षक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने एक स्विफ्ट डिजायर कार से पुलिसकर्मियों को कुचलने का प्रयास भी किया और घटना स्थल से भाग निकले। इसके बाद प्रधान आरक्षक तालिब शेख अपने घर पहुंचे, जहां उन्हें खून बिखरा मिला और उनकी पत्नि और बेटी गायब थीं। अगले दिन 14 अक्टूबर को पुलिस को दो शव मिले, जो प्रधान आरक्षक की पत्नि और पुत्री के थे। उनकी हत्या धारदार हथियार से की गई थी। इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपी कुलदीप साहू और उसके साथियों को पकड़ने के लिए कई टीमें बनाई और साइबर सेल की मदद से आरोपियों को ट्रैक किया।

## गठबंधन सरकार जम्मू-कश्मीर में लोगों के अधिकार बहाल करेगी : राहुल-प्रियंका

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के नेता उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में गठित सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए और कहा कि गठबंधन सरकार वादे पूरे कर अवाम के अधिकारों को बहाल करेगी। कांग्रेस नेताओं ने 'एक्स' पर कहा कि राज्य की इंडिया समूह सरकार हर स्तर पर जनता के हक की लड़ाई लड़ेगी और जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ न्याय करके उन्हें उनका हक देगी। गांधी ने कहा, जम्मू-कश्मीर में इंडिया समूह के वरिष्ठ नेताओं के साथ प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुआ। जम्मू-कश्मीर में इंडिया समूह की सरकार, न्याय की, उम्मीदों की, बरकत की सरकार बनेगी।



### मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी

## केन्द्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की बढोतरी

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते तथा पेंशनभोगियों की महंगाई राहत में तीन प्रतिशत की बढोतरी करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बाद में एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि केन्द्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत में तीन प्रतिशत की बढोतरी एक जुलाई से लागू होगी। यह निर्णय सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों में स्वीकृत फार्मूले के अनुरूप लिया गया है। इस निर्णय से सरकारी खजाने पर 9448.35 करोड़ रूपये का वार्षिक बोझ बढेगा। इस निर्णय से केन्द्र सरकार के 49 लाख 18 हजार कर्मचारियों और 64 लाख 89 हजार पेंशनभोगियों को फायदा मिलेगा।

## संगीत, नृत्य युवा पीढ़ी को राष्ट्र की परंपराओं से जोड़ने में निभाता है अहम भूमिका : मोदी



संगीत नाटक अकादमी ने भारतीय नृत्य पर मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय महोत्सव आयोजित किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महोत्सव के लिए एक विशेष संदेश साझा किया और भारतीय संस्कृति में नृत्य के महत्व रेखांकित करते हुए कहा यह युवा पीढ़ी को राष्ट्र की परंपराओं से जोड़ने में अहम भूमिका निभाता है। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज राजधानी में छह दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन किया। यह मंत्रालय का भारतीय नृत्य पर पहला अंतरराष्ट्रीय महोत्सव है, जिसका उद्देश्य भारतीय नृत्य शैलियों की विविधता और समृद्धि का जश्न मनाया तथा उनका अन्वेषण करना है। उन्होंने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य कला में स्थायी करियर पर चर्चा को बढ़ावा देना और भारतीय नृत्य के लिए संस्थागत समर्थन को प्रोत्साहित करना है, जिससे सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का मंच बने। मोदी ने संगीत नाटक अकादमी एवं संस्कृति मंत्रालय का आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'यह हमारे लिए एक ऐतिहासिक क्षण और एक यादगार अवसर है। विभिन्न देशों के कलाकारों की भागीदारी सांस्कृतिक विनिमय में मदद करती है। संगीत और नृत्य ऐसी भाषाएं हैं जो सीमाओं को पार करती हैं और जिन्हें सभी जगह समझा जाता है। प्रदर्शन कलाओं के लिए सबसे प्राचीन ग्रंथ भारत में भरत मुनि द्वारा लिखे गए थे। इस विरासत को आगे बढ़ाना गर्व और जिम्मेदारी दोनों है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि इस तरह के महोत्सवों में युवा पीढ़ी को संलग्न करने से उन्हें अपनी जड़ों से जुड़े रहने में मदद मिलती है और यह राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को मजबूत करता है। शेखावत ने कहा, 'यह महोत्सव भारतीय नृत्य की भव्य परंपरा का जश्न मनाता है।

## भारत के नये नियमों ने वैज्ञानिक एवं नैतिक अनुसंधान को बढ़ावा दिया : अनुप्रिया



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया सिंह पटेल ने कहा कि भारत के नए नियमों और विनियामक प्रक्रियाओं ने वैश्विक अपेक्षा और अंतर्राष्ट्रीय मांग के अनुरूप वैज्ञानिक और नैतिक अनुसंधान को बढ़ावा दिया है। पटेल ने यहां 19वें अंतर्राष्ट्रीय औषधि विनियामक प्राधिकरण सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विनियमन के क्षेत्र में भारत के प्रयासों से दुनिया भर के लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य परिणाम मिल सकते हैं। इस अवसर पर नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी.के. पॉल भी उपस्थित थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन देश में पहली बार यह कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक देशों के नियामक प्राधिकरण, नीति निर्माता और स्वास्थ्य अधिकारी भाग ले रहे हैं। पटेल ने देश में शुरू किए गए नए नियमों और नियामक प्रक्रियाओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा, नये औषधि और नैदानिक परीक्षण नियम 2019 और चिकित्सा उपकरण नियम 2017 के रूप में नैदानिक परीक्षण के क्षेत्रों में प्रकाशित नए नियमों ने वैश्विक अपेक्षा और अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं के अनुरूप वैज्ञानिक और नैतिक अनुसंधान को बढ़ावा दिया है।

# निवेशकों की सहूलियतों में इजाफा करेगी योगी सरकार

पायनियर संवाददाता ◄ लखनऊ
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में औद्योगिक प्राधिकरणों में प्रॉपर्टी मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (पीएमआईएस) को लागू करने और उसके जरिए निवेशकों से चरणबद्ध संवाद की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की योजना पर कार्य हो रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि सरकार निवेशकों की सहूलियतों में इजाफा करने की दिशा में व्यापक कदम उठा रही है। इस क्रम में, निवेश मित्र एक बड़ा माध्यम बन रहा है, वहीं प्रदेश के विभिन्न औद्योगिक प्राधिकरणों ने भी इस दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। इसमें उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा), यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा), नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा) व ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण प्रमुख हैं। उन्होने बताया कि पीएमआईएस को लागू करने, उसके फ्रेमवर्क को विकसित व सुदृढ़ करने और सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम के रूप में कार्यरत निवेश मित्र पोर्ट के साथ इंटीग्रेट करके



लैंड बैंक समेत विभिन्न प्रकार की जानकारियां तक एक्सेस को बढ़ाया जाएगा।

तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार, प्रक्रिया पूरी होने पर हाउसिंग, रेजिडेंशियल, इंडस्ट्रियल, इंस्टीट्यूशनल, कॉमर्शियल व ग्रुप हाउसिंग स्कीमों के लिए आवेदन व संचालन गतिविधियों की सीधी मॉनिटरिंग हो सकेगी। वहीं, सीआईसी, बिल्डिंग मैप अप्रूवल, एक्सटेंशन लेटर तथा ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट समेत विभिन्न दस्तावाजों के जारी होने और उनकी निगरानी को ट्रैक करने का फ्रेमवर्क भी प्रक्रिया के जरिए तैयार हो जाएगा। सूत्रों ने बताया कि निवेश मित्र से इंटीग्रेट होने के साथ ही नोएडा प्राधिकरण के लैंड बैंक समेत विभिन्न जानकारियां निवेश मित्र से एक्सेस हो सकेंगी, वहीं इससे नोएडा प्राधिकरण में भी चरणबद्ध तरीके से परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति के बारे में हर अपडेट निवेशकों को पता लग सकेगी। पीएमआईएस के जरिए निवेशकों के हर अप्रूवल व क्वेरी की जानकारी उनके द्वारा रजिस्टर्ड एसएमएस, ई-मेल व व्हॉट्सऐप पर उपलब्ध कराई जाएगी। यह न केवल कार्यप्रणाली में पारदर्शिता को बढ़ावा देने वाला कदम होगा बल्कि इससे निवेशकों को भी सरकारी कार्यप्रणाली सीधा संवाद करती प्रतीत होगी।

प्रक्रिया के अंतर्गत, नोएडा की लगभग 96 हजार प्रॉपर्टी का विस्तृत लेखा-जोखा नोएडा प्राधिकरण द्वारा विकसित कराए जा रहे वेब बेस्ड एप्लीकेशन पैकेज पर उपलब्ध होगा। इसके देखरेख को सुनिश्चित करने के लिए वेब बेस्ड मॉड्यूल का भी विकास किया जाएगा। इसके साथ ही, एप्लिकेशन डाटा प्रोसेसिंग (ऑनलाइन, ऑफलाइन), नई प्रॉपर्टी के पंजीयन व डाटा प्रोसेसिंग, अलॉटमेंट लेटर समेत अलॉटी व प्रॉपर्टी से जुड़े विवरणों का संकलन और समयबद्ध व चरणबद्ध तरीके से विभिन्न सरकारी प्रपत्रों को जारी करने की अद्यतन स्थिति, ऑनलाइन पेमेंट के लिए बैंक गेटवे के साथ इंटीग्रेशन जैसी प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि यूपीसीडा द्वारा बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान (बीआरएपी) को लागू करने पर काम हो रहा है। यह डीटेल्ड मैकेनिज्म की तरह कार्य करेगा जो यूपीसीडा के ऑफिशियल्स की परफॉर्मेंस में इजाफा करने, ऑनलाइन सर्विसेस के मॉडिफिकेशन व निवेश मित्र के साथ उसके इंटीग्रेशन का मार्ग प्रशस्त करेगा। इसके साथ ही, इंडस्ट्रियल पार्क रेटिंग सिस्टम (आईपीआरएस रैंकिंग) का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। वहीं, निवेश मित्र पोर्टल को भी बिजनेस यूजर्स के लिए यूनिफाइड जी2बी इंटरफेस, माइक्रो सर्विस आर्किटेक्चर, इंटीग्रेशन व एफिशिएंट कंटेंट मैनेजमेंट प्रणाली से युक्त करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

# रेल प्रशासन का यात्रियों को सुरक्षित यात्रा उपलब्ध कराने की दिशा में बेहतर प्रयास

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रेलवे प्रशासन की ओर से यात्रियों को आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बेहतर प्रयास किया जा रहा है। इस तारतम्य में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली सभी गाड़ियों में योजनाबद्ध तरीके से पुराने पारंपरिक कोचों के बदले सुविधाजनक, आरामदायक और ज्यादा सुरक्षित नई तकनीक वाले एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। एलएचबी कोच यात्रियों के लिए काफी आरामदायक व सुविधायुक्त होता है। रेल परिचालन की दृष्टि से एलएचबी कोच काफी सुरक्षित भी है। वर्तमान समय की मांग पर अगर स्पीड की बात की जाए तो ये कोच सामान्य कोचों की अधिकतम गति 110-130 कि.मी. की तुलना में 160 से भी अधिक की गति के लिए डिजाईन की गई है। इन कोचों में सामान्य कोचों की तुलना में ज्यादा जगह भी होती है। आईसीएफ़ कोच की तुलना में एलएचबी कोच में बर्थ की संख्या भी अधिक होती है। इससे रेल यात्रियों को अधिक से अधिक बर्थ की सुविधा प्रदान करने में भी सहायता मिल रही है। एलएचबी कोच में हाइड्रोलिक सस्पेंशन का प्रयोग किया जाता है। वही दाएं-बाएं मूवमेंट के लिए भी सस्पेंशन का प्रयोग किया गया है, जिससे सफर आरामदायक हो जाता है। उपयुक्त सभी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये गाड़ी संख्या 12129/12130 पुणे-हावड़ा-पुणे आजाद हिन्द एक्सप्रेस, 11756/11755 रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी)-रीवा एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 12767/12766 हजूर साहिब नान्देड-सांतरागाछी-हजूर साहिब नान्देड एक्सप्रेस में पारंपरिक कोचों के बदले एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिन्द एक्सप्रेस में 15 फरवरी, 2025 से तथा 12130 हावड़ा-पुणे आजाद हिन्द एक्सप्रेस में 17 फरवरी, 2025 से उपलब्ध रहेगी । इसी प्रकार 11756 रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) एक्सप्रेस में 19 फरवरी, 2025 से तथा 11755 नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी)-रीवा एक्सप्रेस में 20 फरवरी, 2025 से उपलब्ध रहेगी। यह सुविधा 12767 हजूर साहिब नान्देड-सांतरागाछी एक्सप्रेस में 10 फरवरी, 2025 से तथा 12766 सांतरागाछी- हजूर साहिब नान्देड एक्सप्रेस में 12 फरवरी, 2025 से उपलब्ध रहेगी। इससे यात्रियों को बेहतर आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा सुविधा मिलेगी।

# रामपुर में आचार संहिता के उल्लघंन के मामले में जयाप्रदा बरी

वार्ता ◄ रामपुर
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में रामपुर जिले की एमपी/एमएलए अदालत ने पूर्व सांसद और सिने अभिनेत्री जयाप्रदा को आचार संहिता के उल्लघंन के पांच साल पुराने एक मामले से बरी कर दिया है। जयाप्रदा पर 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता में सड़क का उद्घाटन और रोड शो करने का आरोप था। यह फैसला पांच साल बाद आया है। फैसले से उत्साहित जयाप्रदा ने कहा कि उन्हें साजिश के तहत फंसाया गया था। षड्यंत्र करने वालों को वह सबक सिखायेंगी। पूर्व सांसद जया प्रदा नाहटा के खिलाफ जिले में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामला विचाराधीन था। इस मामले में फाइनल बहस पूरी हो चुकी थी। आज इस मामले में एमपी एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट अपर सिविल जज शोभित बंसल ने फैसला सुनाया। जया प्रदा के खिलाफ साल 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में थाना स्वार में एफआईआर दर्ज हुई थी। आरोप था कि जया प्रदा के द्वारा साल 2019 में सड़क का उद्घाटन किया गया और इसके साथ ही बिना परमिशन के रोड शो भी करने का आरोप था। जयाप्रदा पक्ष के वकील नजर अब्बास ने बताया कि उनके मुवक्किल नाहटा के खिलाफ वीडियो एविडेंस में सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर के मुताबिक सर्टिफिकेट अभियोजन पेश नहीं कर सका। उन पर आरोप था कि उन्होंने स्वार क्षेत्र में रोड शो और रैली निकाली थी। इसी के बाबत चुनाव फ्लाइंग स्क्वायड के मजिस्ट्रेट ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसका ट्रायल एमपी एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट रामपुर में चल रहा था। आरोप है कि उन्होंने 19 अप्रैल 2019 को आदर्श आचार संहिता लगी हुई थी, इस दौरान उन्होंने सड़क का उद्घाटन किया जो पूरी तरह सही नहीं है। यह मामला प्रॉसीक्यूशन द्वारा साबित नहीं किया गया है। इस मौके पर जया प्रदा ने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि उन्हें साजिश के तहत फंसाया गया था।

# धमतरी में सड़क हादसे में 15 जवान घायल

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के एनएच-30 में पुलिस जवान से भरी बस और ट्रक में जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें 15 जवान घायल हो गये। हुई इस दुर्घटना में घायल हुए दो जवानों की हालत गंभीर है। सभी घायलों का इलाज जारी है। अर्जुनी थाना क्षेत्र के संबलपुर की यह घटना बताई जा रही है। उक्त बस में 20 जवान सवार थे। सभी रायपुर से सुकमा जा रहे थे। इस दौरान सामने से आ रही ट्रक से बस की भिड़ंत हो गई जिसके कारण यह हादसा हुआ।

# सर्व आदिवासी समाज की नक्सलियों से भीमा को तुरंत रिहा करने की अपील

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के सर्व आदिवासी समाज और कोया समाज ने नक्सलियों से अपील की है कि वे ग्रामीण युवक बारसे भीमा को बिना शर्त तुरंत रिहा करें। गौरतलब है कि सुकमा जिले के पैदाबोडकेल गांव के निवासी बारसे भीमा नामक एक ग्रामीण युवक का नक्सलियों ने अपहरण कर अपने साथ ले गये हैं। विगत नौ दिनों से भीमा नक्सलियों के कब्जे में रह रहा है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद बुधवार को सर्व आदिवासी समाज और कोया समाज ने नक्सलियों से अपील की है कि वे ग्रामीण युवक बारसे भीमा को बिना शर्त तुरंत रिहा करें। पैदाबोडकेल गांव का निवासी भीमा नौ दिनों से नक्सलियों के कब्जे में है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि नक्सलियों ने उसे क्यों पकड़ा। बारसे भीमा के परिवार ने भी जल्द रिहा करने की गुहार लगाई है, ताकि वह सुरक्षित अपने घर लौट सके। नक्सलियों द्वारा युवक के अपहरण की जानकारी के बाद से सर्व आदिवासी समाज और कोया समाज के सदस्यों ने नक्सलियों से युवक की रिहाई की मांग की है। समाज ने अपील करते हुए कहा कि बारसे भीमा निर्दोष है और उसका किसी भी गतिविधियों से कोई लेना-देना नहीं है। नक्सलियों को उसे तुरंत और बिना शर्त रिहा करना चाहिए, ताकि उसके परिवार को राहत मिल सके और क्षेत्र में शांति बनी रहे। सर्व आदिवासी समाज और कोया समाज ने नक्सलियों से हिंसा का रास्ता छोड़ने और शांति बनाए रखने की भी अपील की है।

# केंद्रीय सुरक्षा बल का जवान रायफल का ट्रिगर दबने से घायल

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पदस्थ केन्द्रीय सुरक्षा बल का एक जवान बुधवार को सर्चिंग के दौरान रायफल का ट्रिगर दबने से घायल हो गया। घायल जवान को बेहतर उपचार के लिए रायपुर भेजा जा रहा है। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने बताया कि आज मोटरसाइकल पर सर्चिंग करने 150वीं बटालियन के जवान निकले थे।

इस बीच अचानक जवान मुकेश उराव के रायफल का टिगर दब जाने से पेट में गोली लगी जिससे वह घायल हो गया।

प्रारंभिक उपचार के लिए बीजापुर अस्पताल में भर्ती किया गया था लेकिन बेहतर इलाज के लिए हेलीकाप्टर से रायपुर रवाना किया जा रहा है।

# गोण्डा में सड़क हादसे में दो मरे

**गोण्डा।** उत्तर-प्रदेश में गोण्डा जिले के परसपुर क्षेत्र में भौरीगंज मार्ग पर तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मृत्यु हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि वीरेंद्र यादव (22) अपने साथी रमेश यादव (28) और अमित यादव (26) संग बाइक पर सवार होकर परसपुर बाजार जा रहे थे कि रास्ते में तपस्वी धाम के पास बाइक सामने से आ रही जीप से टकरा गयी। हादसे में वीरेंद्र और रमेश की मृत्यु हो गयी जबकि अमित घायल हो गया जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है । आरोपी जीप चालक को पकड़कर जीप कब्जे में ले ली गयी है।

## 150 किलो दूषित केक नष्ट करवाया

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर जिले के नसीराबाद में जिला खाद्य सुरक्षा दल ने 150 किलो दूषित पुराना केक नष्ट करवाया। अजमेर की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. ज्योत्सना रंगा ने बताया कि दल ने नसीराबाद बस स्टैंड के बाहर मामा रेस्टोरेंट के निरीक्षण में पाया कि एक चाय की दुकान जो बंसीलाल द्वारा संचालित की जा रही थी पर करीब 100 किलो खराब हो चुका मिक्स केक, 30 किलो मीठा मावा और 20 किलो पुरानी सूखी बर्फी प्लास्टिक के कट्टों में और एक बंद पड़े फ्रिज में रखे पाए गए। उन्होंने बताया कि दीपावली के त्यौहार पर इस पुरानी सामग्री को दुबारा तैयार करके बाज़ार में बेचने की आशंका के मद्देनजर इन्हें जब्त करके मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया।

## कुशीनगर में तीन युवकों को कार ने रौंदा, मौत

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश में कुशीनगर जिले के कसया क्षेत्र में एनएच-28 पर पकवा इनार सर्विस लेन के पास एक स्कार्पियो कार ने तीन युवकों को रौंद दिया। हादसे में तीनों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कार की टक्कर से सड़क पर टहल रहे क्षेत्र के निवासी अंशू गुप्ता (17), अमन भारती (18) की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि साहिल पटेल (16) गंभीर रुप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया भेजा गया। जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रवींद्रनगर रेफर किया मगर ईलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी। पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## विजयपुर और बुधनी में 13 नवम्बर को होगा मतदान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह ने आज यहां निर्वाचन सदन में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने दल पदाधिकारियों को श्योपुर जिले की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्र. 02-विजयपुर और सीहोर जिले की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्र. 156-बुधनी में उप निर्वाचन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। सीईओ सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने दोनों विधानसभा क्षेत्रों में उप निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। घोषणा के साथ ही श्योपुर और सीहोर जिले की सम्पूर्ण सीमाक्षेत्र में आदर्श आचार संहिता पूरी तरह से प्रभावशील हो गई है। उन्होंने दल पदाधिकारियों से आदर्श आचार संहिता का शब्दशः पालन करने की अपील की। उन्होंने दल पदाधिकारियों को बताया कि उप निर्वाचन के लिए 18 से 25 अक्टूबर तक नाम-निर्देशन पत्र भरे जाएंगे। नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 28 अक्टूबर को होगी और 30 अक्टूबर तक नाम-निर्देशन पत्र वापस लिये जा सकेंगे। मतदान 13 नवम्बर को एवं मतगणना 23 नवम्बर को होगी। सीईओ सिंह ने बताया कि विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में 327 एवं बुदनी विधानसभा क्षेत्र में 363 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में 2 लाख 54 हजार 750 मतदाता हैं, जिसमें 1 लाख 21 हजार 01 महिला मतदाता और 1 लाख 33 हजार 554 पुरुष मतदाता हैं। थर्ड जेण्डर मतदाता 02 और सर्विस वोटर्स 103 हैं। इसी प्रकार सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में 2 लाख 76 हजार 591 मतदाता हैं, जिसमें 1 लाख 33 हजार 280 महिला मतदाता और 1 लाख 43 हजार 111 पुरूष मतदाता हैं।


# युवा अधिकारी संगठनात्मक हितों को सर्वोपरि रखें: प्रवीण सूद

एजेंसी ◄ गाजियाबाद
www.dailypioneer.com

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशक प्रवीण सूद ने युवा अधिकारियों से अपील की कि वे संगठनात्मक हितों को सर्वोपरि रखें और सोशल मीडिया जैसे बाहरी मंचों के माध्यम से प्रशंसा की तलाश न करें। सीबीआई अकादमी में बुधवार को 92 उप-निरीक्षकों (28वें बैच) का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर सूद ने युवा अधिकारियों से कहा कि सीबीआई अच्छे कार्य की सराहना के लिए अंदरूनी स्तर पर अपार अवसर प्रदान करती है और उन्हें सलाह दी कि वे सोशल मीडिया जैसे बाहरी मंचों के माध्यम से प्रशंसा की तलाश न करें। उन्होंने अधिकारियों से सीबीआई के आदर्श वाक्य उद्यमिता, निष्पक्षता एवं सत्यनिष्ठा से हर समय प्रेरणा लेने को कहा। उन्होने सीबीआई अकादमी द्वारा प्रदत्त आधुनिक एवं नए युग के जांच उपकरणों सहित जांच के विभिन्न पहलुओं को कवर करने वाले प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर युवा अधिकारियों व उनके परिवारों को बधाई दी। उन्होंने युवा अधिकारियों के कौशल को निखारने की दिशा में कड़ी मेहनत करने के लिये सीबीआई अकादमी के अधिकारियों व कर्मचारियों की भी सराहना की। विभिन्न क्षेत्रों से आकर सीबीआई से जुड़े इन अधिकारियों के समूह का उल्लेख करते हुए, सूद ने संतोष व्यक्त किया कि महिला अधिकारी तेजी से सीबीआई में शामिल हो रही हैं, जो कि एक स्वागत योग्य संकेत है। उन्होने अधिकारियों से कहा कि वे अकादमी में सीखे गए कौशल का पूरा उपयोग करते हुए अपनी सर्वश्रेष्ठ सेवाएं प्रदान करें, साथ ही प्रमुख जांच एजेंसी के रूप में सीबीआई के संगठनात्मक लक्ष्य को भी ध्यान में रखें। उन्होंने जोर दिया कि यह उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि अधिकारियों की वास्तविक शिक्षा अब शुरू होती है, क्योंकि वे जांच, अभियोजन आदि के लिए अपनी तैनाती के दौरान वास्तविक कार्य में लग जाएँगे, जो उनके कौशल को और अधिक निखारने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करता है। सीबीआई निदेशक ने कहा कि सीखने की प्रक्रिया उनके जीवन का हिस्सा बनी रहेगी क्योंकि सीबीआई कौशल को और निखारने के लिये अपार अवसर प्रदान करती है। सूद ने अधिकारियों को सलाह दी कि वे अनुभवों से सीखते रहें तथा चुनौतियों या असफलताओं से कभी निराश न हों, क्योंकि इससे उन्हें अपने ज्ञान एवं विशेषज्ञता को बढ़ाने का अवसर मिलेगा। सीबीआई के अपने डीएनए में सत्यनिष्ठा एवं निष्पक्षता पर बात करते हुए सूद ने जोर देकर कहा कि अधिकारियों को बाहरी प्रभावों से बचना चाहिए। अधिकारियों एवं उनके परिवारों को भारत में कहीं भी सेवा देने के लिये तैयार रहना चाहिए। स्मार्ट वर्क का आह्वान करते हुए, सीबीआई निदेशक ने रेखांकित किया कि कड़ी मेहनत का मतलब है, कम से कम प्रयासों के साथ वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिये कौशल का उत्पादक रूप से उपयोग करना।

# जम्मू–कश्मीर में नयी सरकार के समक्ष कई चुनौतियां: चौधरी

एजेंसी ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र शासित प्रदेश में मुद्दों का अभाव रहा है और नयी सरकार के सामने कई चुनौतियां हैं। चौधरी ने एसकेआईसीसी में आयोजित समारोह के दौरान जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद संवाददाताओं से कहा , पिछले 10 वर्षों में मुद्दों का अभाव रहा है, इसलिए कई चुनौतियां हैं, लेकिन हमें उम्मीद है कि हमारा नेतृत्व सभी चुनौतियों पर काबू पा लेगा। मेरे नेताओं ने मुझे उपमुख्यमंत्री नियुक्त करके मुझ पर एक बड़ी जिम्मेदारी डाल दी है और ऐसे कई मुद्दे हैं, जिनका पिछले दस वर्षों में समाधान नहीं किया गया है और उन्हें केवल पांच वर्षों में पूरा करना बहुत कठिन कार्य है। उन्होंने कहा, बीते 75 साल की राजनीति में पहली बार जम्मू क्षेत्र के पीरपंजाल क्षेत्र को उपमुख्यमंत्री का पद मिला है और यह नौशेरा के लोगों के लिए सम्मान की बात है जिन्होंने मुझे और पूरे जम्मू क्षेत्र को वोट दिया। हमें उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व पर विश्वास है और हम उनके निर्देशों का पालन करेंगे , ताकि जम्मू-कश्मीर के लोगों के मुद्दों का समाधान किया जा सके। मैं पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला का आभारी हूं कि उन्होंने मुझे यह जिम्मेदारी दी और मैं अपनी योग्यता साबित करुंगा। गौरतलब है कि चौधरी ने नौशेरा विधानसभा क्षेत्र से जम्मू-कश्मीर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रविंदर रैना को पराजित किया है।

# पहली बार भर्ती कलैण्डर जारी किया गया: रावत

एजेंसी ◄ अजमेर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के जलसंसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा है कि राज्य के इतिहास में पहली बार युवाओं को रोजगार दिये जाने के उद्देश्य से कर्मचारी चयन बोर्ड से भर्ती कलैण्डर जारी किया गया है, जिसमें परीक्षा परिणाम की तारीख भी अभी से घोषित कर दी गई है। रावत ने राजस्थान में अजमेर के भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से राज्य में भजनलाल सरकार की 10 महीने की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि सरकार ने चार लाख सरकारी नौकरी और छह लाख कौशल के साथ युवाओं को जो रोजगार देने का वायदे के क्रम में एक लाख 11 हजार पदों पर भर्ती की विज्ञप्ति जारी की जा चुकी है। उन्होंने कांग्रेस राज की गहलोत सरकार पर युवाओं के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 17 भर्ती परीक्षा में पेपरलीक, आठ को रद्द करने के साथ 50 हजार पदों की भर्तियों को रद्द करना पड़ा, लेकिन भाजपा राज में युवाओं के सपनों को साकार करने का काम किया गया, जो सतत चल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी पहली सरकार है जो शिक्षितों के साथ साथ अशिक्षितों को भी रोजगार देने का काम कर रही है। भजनलाल सरकार ने पेपरलीक होना रोककर युवाओं के भविष्य को बर्बाद होने से रोकने का काम किया है। पुराने मामलों में विशेष ऑपरेशन समूह (एसओजी) की कार्रवाई जारी है और गिरफ्तारी चल रही है। रावत ने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) के सम्बन्ध में कहा कि यह काम जल्द शुरू होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से समय मांगा गया है, जल्द ही शिलान्यास कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा कि अजमेर जिले को भी इसका ऐतिहासिक लाभ मिलेगा। इसके लिए साढ़े चार लाख करोड़ रुपये की लागत से जलाशय तैयार किया जायेगा ताकि जल संधारण और वितरण के नये रास्ते खुल सकें। रावत ने कहा कि आधे से ज्यादा राजस्थान ईआरसीपी से लाभान्वित होगा। उन्होंने बताया कि राजस्थान - मध्यप्रदेश के बीच विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का काम हो चुका है और अब केन्द्रीय जल आयोग की मोहर लगने जा रही है। पत्रकार वार्ता में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, विधायक जितेंद्र गोठवाल, विधायक एवं सदस्यता अभियान सहप्रभारी अनीता भदेल, शहर अध्यक्ष रमेश सोनी, उपमहापौर नीरज जैन, जिला महामंत्री वेदप्रकाश, मीडिया सहप्रभारी रचित कछावा मौजूद रहे।

## 19 व 20 अक्टूबर को हमीरपुर प्रवास पर रहेंगे सुक्खू

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू 19 और 20 अक्टूबर को हमीरपुर जिला के प्रवास पर रहेंगे। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री 19 अक्टूबर को कुल्लू के अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के समापन के बाद अपराह्न लगभग सवा एक बजे एनआईटी हमीरपुर के हेलीपैड पर उतरने के बाद सर्किट हाउस पहुंचेंगे। लगभग ढाई बजे हमीरपुर के बस स्टैंड पर रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

# यात्री है तो सस्ता होगा सामान का टिकट, अन्यथा सामान का सफर महंगा

वार्ता ◄ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) ने बसों में सामान, सब्जी, फल, ऑटोमोबाइल स्पेयर पार्ट्स, दवाइयाँ और अन्य सामान ले जाने के किराये में संशोधन किया है। निगम ने बोर्ड की बैठक में 28 सितंबर को लिए गए निर्णय के बाद यह संशोधन लागू किया। नए नियमों के अनुसार, यदि यात्री स्वयं यात्रा कर रहा है तो सामान का किराया पहले की तुलना में कम होगा, लेकिन अगर सामान बिना यात्री के भेजा जा रहा है, तो इसका किराया अधिक लगेगा। नए नियमों के तहत, यदि कोई यात्री बस में सफर कर रहा है, तो उसके साथ पांच किलो तक का सामान यात्री टिकट के एक चौथाई किराये पर भेजा जा सकेगा। हालांकि, अगर यात्री मौजूद नहीं है और केवल सामान ही बस में भेजा जा रहा है, तो पांच किलो वजन के लिए भी यात्री टिकट का एक चौथाई किराया लिया जाएगा। यह संशोधन यात्रियों और व्यवसायिक वस्तुओं के ढुलाई को अलग-अलग कैटेगरी में बांटने और इस बात पर आधारित है कि सामान यात्री के साथ जा रहा है या नहीं। इस बदलाव का उद्देश्य यात्रियों और सामान के किराये के बीच स्पष्ट अंतर स्थापित करना है, ताकि यात्री के साथ सामान भेजने पर किराया सस्ता रहे, जबकि केवल सामान के लिए किराया अधिक रखा जाए। निगम के इस फैसले से, जो यात्री अपने साथ सीमित वजन में सामान लेकर यात्रा करते हैं, उन्हें राहत मिलेगी। वहीं, बिना यात्री के सामान भेजने वाले व्यापारियों को अब ज्यादा किराया चुकाना पड़ेगा। बस यात्री की मौजूदगी में छह से 40 किलो वजन तक सामान के लिए यात्री टिकट का आधा किराया लिया जाएगा। वहीं 41 से 80 किलो तक के सामान पर एक पूरा यात्री टिकट का किराया लागू होगा।

# जल जीवन मिशन अंतर्गत मेड़पाल बना हर घर जल प्रमाणित ग्राम

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जल जीवन मिशन के अंतर्गत कोंडागांव विकासखंड के ग्राम पंचायत बादालूर के ग्राम- मेड़पाल में हर घर जल उत्सव समारोह आयोजित कर प्रमाणीकरण किया गया। इस मौके पर ग्राम सभा में सरपंच हेमलता कोर्राम सहित सचिव, वार्ड पंच, मितानिन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

जल उत्सव समारोह में जल जीवन मिशन के जिला समन्वय द्वारा ग्रामवासियों को जल कर, सामुदायिक सहभागिता एवं स्वामित्व भावना से योजना का संचालन, संधारण, प्रबंधन जैसे प्रमुख जिम्मेदारी से अवगत कराया गया, ताकि हर घर तक शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति हो सके। साथ ही जल बहिनी, पंप आपरेटर, प्लंबर, हेल्पर और ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति एवं समस्त ग्रामवासियों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने एवं जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर सचिव पोकेश्वर नाग, ग्राम सभा मुखिया आशा राम सोढ़ी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिला समन्वयक तकनीकी दीपक कुमार, प्रमोद कुमार ध्रुव, परदेशी यादव, प्रकाश ठाकुर सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## विश्व हाथ धुलाई दिवस पर आंगनबाड़ी केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नारायणपुर।** विश्व हाथ धुलाई दिवस के उपलक्ष्य में जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य बच्चों, अभिभावकों और समुदाय के सदस्यों को हाथ धोने के महत्व के बारे में जागरूक करना था, ताकि संक्रमण से बचाव हो सके और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिल सके। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बच्चों को हाथ धोने की सही विधि का प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने स्वच्छता बनाए रखने के सरल उपाय भी बताए। बच्चों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया और हाथ धोने के सही तरीके का अभ्यास किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने कहा, सही ढंग से हाथ धोने की आदत न केवल बच्चों बल्कि पूरे परिवार के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। यह संक्रमण के प्रसार को रोकने में सहायक होती है और बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाती है। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी भाग लिया और हाथ धोने के वैज्ञानिक लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साबुन और पानी से नियमित रूप से हाथ धोने से डायरिया, निमोनिया और अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाव संभव है।

# दलपत सागर में पंद्रह दिनों से हार्वेस्टर मशीन से सफाई व्यवस्था बंद

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



एक पखवाड़े से दलपत सागर में सफ़ाई व्यवस्था बंद कर दिया गया जिसके कारण फिर जलकुंभी परासने की संभावना है क्योंकि पंद्रह दिनों की मियाद बहुत होता है। बस्तर की ऐतिहासिक सरोवर दलपत सागर की सफाई के लिए 70 लाख रुपए की लागत से खरीदे गए एक्वेटिक हार्वेस्टर मशीन का तत्कालीन कांग्रेस सरकार के दौरान तत्कालीन बस्तर सांसद दीपक बैज और संसदीय सचिव रेखचंद जैन, महापौर सफिरा साहू और जिला प्रशासन की मौजूदगी में इस मशीन को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया।1करोड़ रुपए की लागत से डीएमएफटी फंड से खरीदे गए इस मशीन से दलपत सागर में फैली जलकुंभी को साफ करने का दावा किया गया था और दावा किया गया था कि 1 घंटे में 40 टन जलकुंभी साफ करेगा किन्तु अब निगम में कांग्रेस पार्टी की सरकार बदलने के बाद फिर एक बार भाजपानीत नगर निगम सरकार में दलपत सागर की उपेक्षा हो रही है।

**भुगतान नहीं मिलने से भागे ऑपरेटर** – नगरीय निकाय प्रशासन द्वारा हार्वेस्टर मशीन का संचालन करने वाली कंपनी का भुगतान नहीं करने से ऑपरेटरों को तन्खवाह नहीं मिल रहा है जिसके कारण काम छोड़कर वह भाग खड़े हुए हैं जिसके कारण यह स्थिति निर्मित हुई है।

### दिखावे के संगठन अब नदारद

दलपत सागर में जलकुंभी नहीं हटाने के दावों के बीच कुछ संघ-संगठन प्रति सप्ताह एकत्र हो कर दिखावे के लिए सोशोबाजी करते थे लेकिन वह भी अब नदारद हो गए हैं यह उनकी गलती नहीं है क्योंकि यह सुनियोजित तरीके से इस एक पार्टी विशेष से जुड़े हुए लोग मौजूद है।

# जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर करें कारगर क्रियान्वयन : डोमन सिंह

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर कारगर क्रियान्वयन करें। संभाग स्तरीय अधिकारी अपने अधीनस्थ जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों के कार्यों की नियमित तौर पर समीक्षा करें और प्रभावी तरीके से योजनाओं को जनसाधारण तक पहुंचाने की दिशा में सकारात्मक प्रयास करें। कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने बुधवार को कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आयोजित संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में उक्त निर्देश दिए। कमिश्नर ने बैठक में कहा कि जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करें, ताकि समय की बचत हो तथा फील्ड में उन्हें काम करने का ज्यादा अवसर मिल सके। वहीं क्षेत्र भ्रमण के दौरान योजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण कर सतत मॉनिटरिंग करें और मैदानी अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करें। मैदानी स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने अधिकारियों-कर्मचारियों का उत्साहवर्धन भी करें, जिससे अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रोत्साहन मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत अपने विभागीय कार्यालय सहित अधीनस्थ कार्यालय एवं परिसरों में स्वच्छता एवं साफ-सफाई अभियान चलाए जाने कहा। वहीं इसे नियमित तौर पर हर महीने के तीसरे शनिवार को सुनिश्चित किए जाने हेतु बल देते कहा कि स्वच्छता हमारी व्यवहार में शामिल हो, इस हेतु कार्यालय परिसर की साफ-सफाई के साथ ही दफ्तर को भी व्यवस्थित रखने का सार्थक पहल करें।

# मोहंदी में आयोजित किया गया समाधान शिविर



पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिले के पहुंच विहीन क्षेत्र ओरछा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मोहंदी में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में कलेक्टर बिपिन मांझी के निर्देशानुसार नियद नेल्लानार अतर्गत समाधान शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में एसडीएम अभयजीत मंडावी की उपस्थिति में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों को अन्नप्राशन और माताओं को गोद भराई कार्यक्रम कराया गया। शिविर में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए हुए ग्रामीणों को राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का जानकारी देते हुए लाभ उठाने की बात कही। आदिवासी विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री जन मन योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों से ली गई। एसडीएम मण्डावी ने लोगों की समस्याओं की जानकारी लेकर उन्हें त्वरित कार्यवाही करते हुए शिविर स्थल में जाति प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड एवं राशन कार्ड, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए शिविर में पहुंचे संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया। एसडीएम की उपस्थिति में शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणों को खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए मलेरिया और सिकलसेल का जांच किया गया। शिविर में सरपंच कुतुल मैनीबाई, सचिन कुतुल संजय यादव, कलमानार किशोर सहारे, कस्तूरमेटा वडडे, तहसीदार चिराग रामटेके, जनपद सीईओ मेघलाल मण्डावी,खंड शिक्षा अधिकारी दीनबंधु रावटे,मंडल संयोजक अजय तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# नगर सैनिक भर्ती के लिए निःशुल्क कोचिंग का आयोजन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

नगर सैनिक भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल महिलाओं को आगामी माह में लिखित परीक्षा का आयोजन प्रस्तावित है। उक्त परीक्षा हेतु जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क कोचिंग एवं मार्गदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि यह कोचिंग 15 अक्टूबर 2024 से 30 अक्टूबर 2024 तक हर दिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक सेन्ट्रल लाईब्रेरी कोण्डागांव में होगी। यह कार्यक्रम उन महिलाओं के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जो नगर सैनिक भर्ती में भाग लेना चाहती हैं और लिखित परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। इस निःशुल्क सुविधा का लाभ लेने के लिए महिला अभ्यर्थी 30 अक्टूबर 2024 तक लाईब्रेरी में उपस्थित हो सकते हैं। अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए इस नम्बर पर संपर्क +91-9584020279 करें।

## बस्तर ओलम्पिक के लिए अब तक 5 हजार 959 पंजीयन

**कोण्डागांव।** राज्य शासन द्वारा बस्तर क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने और युवाओं के खेल प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से आगामी नवंबर माह में बस्तर ओलंपिक-2024 का आयोजन किया जा रहा है। बस्तर ओलम्पिक में भाग लेने के लिए जिले के युवाओं में बहुत उत्साह देखने को मिल रहा है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि जिले के सभी विकासखण्डों में अब तक 05 हजार 959 खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन करा लिया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए पंजीयन की प्रक्रिया जारी है और पंजीयन की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर 2024 है।

# चिपावंड स्कूल में किया गया न्योता भोज का आयोजन



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिला के प्राथमिक शाला व उच्च प्राथमिक शाला डोंगरीपारा चिपावंड में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना न्योता भोज के तहत शिक्षिका योगिता नाग के द्वारा अपनी सुपुत्री शिवांशी नाग के जन्म दिवस के अवसर पर संस्था में अध्ययनरत 71 बच्चों को मध्यान भोजन में पौष्टिक आहार के रूप में खीर पूरी और पनीर की सब्जी खिलाया गया। आयोजन के उपलक्ष्य में संस्था प्रभारी सावित्री कोर्राम और गमला पुजारी एवं संस्था में पदस्थ शिक्षक नीरज ठाकुर, हीरा लाल चुरेंद्र, रूपेंद्र साहू, कुमुद पांडेय, प्रियंका पटेल भृत्य यशोदा ठाकुर, रसोइया जगदेव, सोनाधार, सुनील, अनीता सभी ने बच्ची की दीर्घाय व स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए शिक्षिका योगिता नाग को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# विद्यालय में लापरवाही और मद्यपान के आरोप प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर ठाकुर निलंबित

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव विकासखंड के बालेंगापारा स्थित प्राथमिक शाला के प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर ठाकुर को शैक्षणिक कार्यों में लापरवाही और मद्यपान के आरोपों के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी और संकुल प्राचार्य के प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, चंद्रशेखर ठाकुर के खिलाफ विद्यालय में अपने कर्तव्यों के दौरान सोने और संस्थान के रखरखाव पर ध्यान न देने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। साथ ही, ड्यूटी के दौरान मद्यपान किए जाने की भी पुष्टि हुई। यह मामला संकुल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किबई बालेंगा द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुत किया गया था, जिसकी जांच 26 सितंबर को की गई। जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए। चंद्रशेखर ठाकुर का यह आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम, 1965 के नियम 3 का उल्लंघन है। इसे ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9 के तहत उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की अवधि के दौरान उनका मुख्यालय खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कोंडागांव नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। इसके अतिरिक्त, चंद्रशेखर ठाकुर के खिलाफ विभागीय जांच की भी सिफारिश की गई है, ताकि उनके आचरण की गहन जांच की जा सके।

# चिराग परियोजना के अंतर्गत पोषण सखी उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के 15 जिलों के 27 विकासखण्डों में ग्रामीण आदिवासी परिवारों की आय बढ़ाने और वर्षभर पोषित आहार की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चिराग परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। यह परियोजना छत्तीसगढ़ शासन के कृषि विभाग द्वारा वर्ल्ड बैंक और आई.एफ.ए.डी. के सहयोग से संचालित की जा रही है। परियोजना के तहत् चयनित ग्रामों में पोषण आधारित गतिविधियों को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए पोषण सखी के रूप में महिलाओं का चयन किया गया है, जो अपने ग्रामों में इस महत्वपूर्ण कार्य को अंजाम देंगी। इसी क्रम में, विगत 10 अक्टूबर को जिला पंचायत नारायणपुर के सभा कक्ष में एक दिवसीय पोषण सखी उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य चयनित महिलाओं को पोषण सखी के रूप में प्रशिक्षित कर उन्हें चिराग परियोजना के तहत् कुपोषण से निपटने, संतुलित आहार और कृषि-पोषण के संबंध के बारे में जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे अपने ग्रामों में सामाजिक व्यवहार परिवर्तन के लिए संचार के माध्यम से आहार विविधता के महत्व को प्रसारित कर सकें। प्रशिक्षण का नेतृत्व मास्टर ट्रेनर दुर्गा साहू, ब्लॉक कॉर्डिनेटर, पी.सी.आई. एवं श्रीमती स्वाति सागरवंशी, सुपरवाइजर, महिला एवं बाल विकास विभाग ने किया। उन्होंने चयनित महिलाओं को चिराग परियोजना का विस्तृत परिचय देते हुए कुपोषण और संतुलित आहार के महत्व को समझाया। साथ ही, दैनिक भोजन में विविधता लाने के लिए सामाजिक व्यवहार में परिवर्तन लाने की रणनीतियों पर चर्चा किया। कार्यक्रम में उप-संचालक कृषि बी.एस. बघेल, सहायक संचालक कृषि एस.के. मारकोले, चिराग राज्य कार्यालय से मयूर गुप्ता और जगजीत मिंज, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी गंगेश्वर भोयर, डिप्टी पीडी एम.डी. बैस सहित कृषि विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कार्यक्रम में शाला के बच्चों एवं पालकगण एवं जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए

# संकुल केंद्र कड़मपाल के सभी स्कूलों में किया गया न्योता भोज का आयोजन



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार ने न्योता भोजन की शुरुआत की है। इस कार्यक्रम के तहत 16 अक्टूबर को संकुल केन्द्र कड़मपाल के सभी स्कूलों में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शाला के बच्चों एवं पालकगण, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, शिक्षिकाएं शामिल रहे। न्योता भोजन का उद्देश्य भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि, समुदाय के बीच अपनेपन की भावना विकसित करना है। और प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना से लाभान्वित हो रहे बच्चों को अतिरिक्त खादय पदार्थ या पूर्ण भोजन के रुप में पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदाय किया जा सके।यह विभिन्न त्योहारों, या अवसरों, वर्षगांठ आदि में स्कूल के बच्चों एवं लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा है। इसी तारतम्य में संकुल समन्वयक एम माधव राव के सहयोग से कड़मपाल के प्रत्येक स्कूल में न्योता भोजन का आयोजन किया गया।

### संकुल केंद्र चोलनार के स्कूलों में भी किया गया न्योता भोज का आयोजन



प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार ने न्योता भोजन की शुरुआत की है। इस कार्यक्रम के तहत बुधवार को संकुल केन्द्र चोलनार के सभी स्कूलों में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शाला के बच्चों एवं पालकगण, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, शिक्षिकाएं शामिल रहे। न्योता भोजन का उद्देश्य भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि, समुदाय के बीच अपनेपन की भावना विकसित करना है। और प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना से लाभान्वित हो रहे बच्चों को अतिरिक्त खादय पदार्थ या पूर्ण भोजन के रुप में पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदाय किया जा सके। यह विभिन्न त्योहारों, या अवसरों, वर्षगांठ आदि में स्कूल के बच्चों एवं लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा हैं। मौके पर सरपंच निक्की कुंजाम, संकुल प्राचार्या श्वेता ध्रुव, संकुल समन्वयक रामगुलाल साहू, उर्मिला नाग, दीप्ति साहू उपस्थित थे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)

क्रमांक/191/लो.नि.वि./न.पा./2024-25 सक्ती, दिनांक 15/10/2024

### // मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //

15 वें वित्त मद एवं सांसद निधि अंतर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नगर पालिका परिषद सक्ती में निर्माण कार्यो के लिए प्रचलित लोक निर्माण विभाग एस.ओ.आर. रोड/बिल्डिंग/विद्युत एस.ओ.आर. दर पर निविदा प्रपत्र ''अ'' में त्रि-लिफाफा पद्धति से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैः-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :- 05.11.2024 समय 05:00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि :- 06.11.2024 समय 05:00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :- 11.11.2024 समय 03:00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि :- 11.11.2024 समय 04:00 बजे

| क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड क्र. 17 नाका चौक से सोंठी रोड तक (दाहिने साईड) अमीन किराना से महामाया ट्रेडर्स आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 13.43 | 13500 | 750 |
| 02 | वार्ड क्र. 10 नहर के पास पुलिया निर्माण एवं एप्रोच रोड निर्माण कार्य। | 2.30 | 2500 | 350 |
| 03 | वार्ड क्र. 14 शिशु भारती प्राथमिक स्कूल सक्ती मार्ग में सी.सी.रोड निर्माण कार्य। | 9.27 | 9500 | 750 |
| 04 | वार्ड क्र. 06 नगर पालिका सक्ती के पं. दीनदयाल उपाध्याय उद्यान में शेड निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य। | 3.00 | 3000 | 750 |

निविदा से संबंधित समस्त जानकारी कार्यालयीन समयावधि में पी.डब्ल्यू.डी. शाखा से प्राप्त किया जा सकता है। शेष शर्ते एवं जानकारियाँ कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।

**टीपः-** यदि नियत दिनांक को अपरिहार्य कारणों से निविदा खोलने की कार्यवाही संपादित नहीं होती है, तो आगामी दिवस की सूचना पृथक से जारी किया जावेगा।

**''नगर पालिका के करों का भुगतान समय पर करें, जल ही जीवन है, इसे व्यर्थ न बहाएं''**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सक्ती**

# जांच के नाम पर चिकित्सकों को क्लीनचिट देने की साजिश

## दो चिकित्सकों के विरूद्ध शिकायतों का अंबार

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में घटित नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म की घटना ने समूचे जिले सहित प्रदेश के लोगों को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना को लेकर भले ही राजनीतिक दलों के द्वारा अपनी अपनी संवेदनाएं व्यक्त की जा रही है। लेकिन जिस प्रकार चिकित्सकों ने उक्त बच्ची के ईलाज को गंभीरता से नहीं किया और घटना वाले दिन से लेकर कई दिनों तक दुष्कर्म पीड़ित बच्ची एवं परिजनों को इधर उधर भटकने के लिये मजबूर किया गया, इससे संबंधित चिकित्सकों का चरित्र उजागर होता है। हद तो यह है कि घटना घटने के बाद जांच टीम आ रही है। लेकिन जो चिकित्सक इस घटना पर अपनी जिम्मेदारी से मुकर गये और पीड़ित बच्ची को इधर उधर भटकाते रहा, वह एक चिंतनीय विषय है। जांच समिति का पदार्पण हुआ है। लेकिन चिकित्सकीय क्षेत्र में खास जिला अस्पताल में जिस प्रकार चिकित्सक अपने दायित्वों से मुकर रहे हैं और बच रहे हैं, उसके संबंध में जिला प्रशासन से लेकर स्वास्थ्य अमले तक इसकी शिकायत की गई। लेकिन चिकित्सकों के विरूद्ध की गई शिकायत की अब तक जांच नहीं हो सकी। और तो और इस अस्पताल में ऐसे चिकित्सक पदस्थ हैं जो छुट्टी का आवेदन देते हैं और बिना स्वीकृति के चले जाते हैं। वहीं एक अन्य चिकित्सक मरीजों का ईलाज न कर, पतला, मोटा होने की टॉनिक बेचने में ही अपना पूरा समय बिता रहे हैं जबकि इनके जिम्मे हड्डी रोग के मरीजों के उपचार का जिम्मा है किंतु इन्होंने अब तक ईलाज के दौरान ऑपरेशन की जरूरत महसूस होने पर किसी मरीज का ऑपरेशन भी नहीं किया




है और अपने निवास में ऐसे मरीजों को रिफर किया जाता है जबकि इन्हें शासन के नियमानुसार निजी प्रेक्टिस करने का अधिकार ही नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि उक्त चिकित्सकों को बचाने जांच के नाम पर क्लीनचिट देने की साजिश हो रही है। जिले के कुरूद अंतर्गत आने वाले ग्राम की साढ़े चार वर्षीय बालिका से नाबालिग युवक द्वारा दुष्कर्म किये जाने की घटना की खबर पर समूचे जिले में इसकी भारी निंदा कर आरोपी को सख्त से सख्त सजा दिये जाने की मांग बलवती हुई। लेकिन इस घटना में चिकित्सकों की जो जिम्मेदारी थी, उसमें घोर लापरवाही बरती गई। कुरूद अस्पताल में पदस्थ चिकित्सकों ने उक्त पीड़ित का ईलाज करने में लापरवाही बरती और उसे सीधा जिला अस्पताल धमतरी भेजा गया। यहां यह बताना जरूरी है कि पीड़ित परिवार के लोगों ने कुरूद एवं धमतरी के कुछ सोनोग्राफी सेंटरों में जाकर भी अपनी फरियाद करते हुए उक्त बालिका का सोनोग्राफी इत्यादि करने की मार्मिक अपील की। लेकिन आम लोगों के नजर में चिकित्सक जो मरीजों के लिये फरिश्ता बनकर अपने दायित्वों का निर्वहन करता है, उसके द्वारा उक्त बच्ची के स्वास्थ्य संबंधी किसी भी प्रकार की मदद नहीं की गई, जो इंसानियत के नाम पर एक कलंक है जबकि किसी भी ऐसे गंभीर हादसे या घटना पर आम भारतीयों की ऐसी व्यवस्था है कि वे इसे लेकर हमेशा पीड़ित पक्ष की मदद करते हैं और पुण्य कमाते हैं। किंतु जिनके जिम्मे हादसा या घटना के त्वरित उपचार की जिम्मेदारी है वे इससे मुंह मोड़ लिये, जिसके कारण जिले में उक्त चिकित्सकों के विरूद्ध भारी जनाक्रोश देखा जा रहा है। इस मामले की जानकारी जब भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा को मीडिया के माध्यम से हुई तो वे जिला अस्पताल पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया और तत्काल स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से दूरभाष पर संपर्क किया और उक्त बालिका को स्वास्थ्य लाभ दिलाने उसे रायपुर रिफर करवाया। जिला अस्पताल धमतरी शुरू से ही कहीं न कहीं लापरवाही के मामले में काफी आगे है। इसकी शिकायत तत्कालीन एवं वर्तमान कलेक्टर को होने पर उन्होंने उक्त अस्पताल का औचक्क निरीक्षण किया और चिकित्सकों के समय बे समय आने पर नाराजगी जताई। इसके बाद भी जिले में स्वास्थ्य विभाग मुस्तैदी के साथ काम करने में कोताही बरत रहा है। इस अस्पताल में पदस्थ कुछ चिकित्सक समय बे समय आते हैं और चले जाते हैं जिसके कारण वहां आने वाले मरीज इधर उधर भटकते रहते हैं। यहां पदस्थ एक चिकित्सक के विरूद्ध अनेकों शिकायत मिली है जिनके द्वारा नादिरशाही बरतते हुए मरीजो से दुव्यर्वहार किया जाता है। छुट्टी का आवेदन देकर बिना स्वीकृति के वे अपने निजी काम में चले जाते हैं। यहां तक कि अपने वरिष्ठों से भी इनके द्वारा दुव्यर्वहार किया जाता है। अनेकों शिकायत, नोटिस के बाद भी इनके हौसले इतने बुलंद है कि ये आज भी बेखौफ होकर एक निजी मेडिकल से महंगी दवाई खरीदने के लिये दबाव बनाते हैं। यही नहीं ये शासकीय ओपीडी पर्ची में भी निजी मेडिकल की दवाईयों को लिख रहे हैं। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएमएचओ ने इन्हें नोटिस भी जारी किया। लेकिन उक्त चिकित्सक पर इसका कोई असर नहीं हुआ। इस चिकित्सक ने नोटिस का जवाब दिया कि नहीं, यह तो ज्ञात नहीं परंतु इनकी जांच अभी भी लंबित है। शिकायतकर्ताओं में इनके विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं होने से काफी नाराजगी देखी जा रही है। कलेक्टर तक इनकी शिकायत पहुंची, लेकिन इनके द्वारा भी इस चिकित्सक के विरूद्ध कोई जांच अथवा कार्यवाही नहीं की गई, जो चर्चा का विषय है।

# अवैध रुप से शराब बेचने वाले आरोपी के विरुद्ध की गई कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी पुलिस थाना कुरूद को मुखबिर के सूचना मिली कि एक व्यक्ति द्वारा मंदरौद आनंद राईस मिल के सामने बंद कांप्लेक्स में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा हैं कि सूचना के आधार पर शराब रेड कार्यवाही कर आरोपी कुलेश्वर बघेल पिता करण बघेल उम्र 19 वर्ष, ग्राम मंदरौद के कब्जे से एक सफेद रंग के पानी पाउच के प्लास्टिक बोरी के अंदर 24 पौवा देशी मसाला शराब कीमती 2640 रूपये एवं बिक्री रकम 490 रूपये जुमला कीमती 3130 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अप0 क्र0 420/24 धारा 34 (1)(ख) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। आरोपी का नाम कुलेश्वर बघेल पिता करण बघेल उम्र 19 वर्ष, ग्राम मंदरौद, थाना कुरूद, जिला.धमतरी सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना कुरूद के सउनि कमिलचंद सोरी, आरक्षक गहेश्वर साहू, संतोष यादव का विशेष योगदान रहा।

# कौशल पखवाड़ा के तहत 18 से 25 अक्टूबर तक लगेंगे शिविर

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

प्रदेश सहित जिले में आगामी 30 अक्टूबर तक कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसके मद्देनजर जिले के चारों विकासखण्डों में 18 से 25 अक्टूबर तक शिविर लगाए जाएंगे। कलेक्टर नम्रता गांधी ने कौशल पखवाड़ा के आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाए तैयारी और व्यापक प्रचार.प्रसार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। इसके तहत राज्य सरकार की विभिन्न कौशल विकास योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री जनमन योजना, नलजल मित्र कार्यक्रम, आजीविका विकास कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सहायक परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि 18 अक्टूबर को विकासखण्ड धमतरी के लाईवलीहुड कॉलेज और कुरूद, मगरलोड एवं नगरी के जनपद पंचायत भवन में कौशल पखवाड़ा आयोजित करने शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह 22 अक्टूबर को धमतरी के ग्राम पंचायत भवन छाती, कुरूद के ग्राम पंचायत भवन नारी, मगरलोड के ग्राम पंचायत भवन करेली बड़ी, नगरी के ग्राम पंचायत भवन बेलरगांव तथा 25 अक्टूबर को धमतरी के ग्राम पंचायत भवन पोटियाडीह,कुरूद के नगर पंचायत भवन भखारा.भठेली, मगरलोड के ग्राम पंचायत भवन सिंगपुर और नगरी के ग्राम पंचायत भवन दुगली में शिविर लगाया जाएगा। उक्त सभी शिविर सुबह 11 से शाम 4 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

# नई दिशा अभियान के तहत नवोदय विद्यालय लवन में जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ◂ लवन
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में जिले के युवाओं को नशा से बचाने नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत नई दिशा कार्य म के माध्यम से लगातार जागरूकता शिविर का आयोजन किए जा रहे है। इसी तारतम्य में नगर पंचायत लवन स्थित नवोदय विद्यालय में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 9 वीं से 12 वीं के लगभग 374 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। शिविर में समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अरविंद गेडाम ने बताया कि नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है। नशे की लत से पीडित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। सरकार इन पीड़ित को नशे के चंगुल से छुडाने के लिए नशामुक्ति अभियान चलाती है,शराब और गुटखें पर रोक लगानें के प्रयास करती है। नशा एक अभिशाप है। यह एक ऐसी बुराई है जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशे के लिए समाज में शराब गांजा.भांग, अफिम,जर्दा, गुटखा,तम्बाकू और घुम्रपान सहित चरस,स्मैक,कोकिन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक दवाओं और पदार्थों का उपयोग किया जा रहा है। गौरतलब है कि मादक पदार्थों के सेवन की समस्या से निपटने और भारत को नशामुक्त बनाने के उददेश्य से 15 अगस्त 2020 को नशामुक्त भारत अभियान की शुरुआत की गई. जिसके तहत देश में नशीली दवाओं के उपयोग के मामले में सबसे अधिक संवेदनशील 272 जिला की पहचान की गई। इस कार्य म में छात्र- छात्राओं को नशा से दूर रहने के नियम और नीतिपूर्ण बातों का जानकारी देते हुए बचे रहने की सलाह भी दिये गये। इस अवसर पर उपसंचालक समाज कल्याण अरविन्द गेडाम, मनोचिकित्सक सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल, सखी वन स्टॉप सेंटर तुलिका परघनिया, समाज शिक्षा संगठक फिरित राम पटेल, सहित समाज कल्याण विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सिविल अस्पताल नगरी में लगा निःशुल्क दन्त प्रत्यारोपण शिविर

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग धमतरी एवं शासकीय दन्त महाविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में आज सिविल अस्पताल नगरी में निःशुल्क दन्त प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यू एल कौशिक ने बताया कि राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति वाले क्षेत्रों में मुख स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन पूर्व में किया गयाए जिसमें 05 मरीजों का पूर्ण दन्त प्रत्यारोपण एवं 27 मरीजों का आंशिक दन्त प्रत्यारोपण करने हेतु मरीजों का चिन्हांकन किया गया। इसके तहत शिविर आयोजित किया गया जिसमें शासकीय दन्त महाविद्यालय रायपुर से दन्त मोबाइल यूनिट के माध्यम से दन्त चिकित्सा सुविधा प्रदान किया गया। साथ ही अनुभवी डेंटल सर्जन और विशेषज्ञों द्वारा इम्प्लांट प्रक्रियाए उनकी फायदों और देखभाल के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में दंत महाविद्यालय रायुपर के डॉ दीपेश कुमार गुप्ता, डॉ सिद्धार्थ ठाकुर, डॉ महेन्द्र कुमार अनंत, डॉ सोपान सिंह, डॉ शुभम सेठी, डॉ शशांक अग्रवाल, डॉ दीपिका साहू सहित अन्य चिकित्सक और स्वास्थ्य अमला उपस्थित रहा।

# गरबा महोत्सव के प्रतिभागियों को विकास मित्र मंडल ने पुरस्कार भेंट किया

पायनियर संवाददाता ◂ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



गरबा महोत्सव के प्रतिभागियों को विकास मित्र मंडल के द्वारा पुरस्कृत किया गया ,जिनमें एक हजार प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया है। गौरतलब हो कि तिल्दा-नेवरा नगर के सौरब पार्क में विकास मित्र मंडल के द्वारा नवरात्र पर्व पर गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया था । उक्त आयोजन में बालीवुड के सितारे भी नजर आये वहीं सैकड़ों भक्तों ने गरबा महोत्सव का हिस्सा बना ,इनमे से एक हजार प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया । पुरस्कार का गौरव प्राप्त करने वालों में बेस्ट गरबा का प्रतिभागियों में अंतिमा शर्मा, तनुजा वर्मा,नियती जायसवानी इसी तरह पुरूष वर्ग में करण भारद्वाज, पंकज भारद्वाज,विवेक रात्रे ,को गरबा के बेस्ट प्रतिभागी से नवाजा गया ,वहीं गरबा महोत्सव में परिधान को लेकर भी पुरस्कृत किया गया जिनमें आयुषी नागवानी ,तानी जेठवानी ,चंचल रिझवानी,इसी तरह गरबा महोत्सव मे युगल गरबा में पीहू मेघानी व अंकिता हरिरमानी , मुकेश ध्रुव व खुशी निषाद , तथा काब्या लालवानी व दिशा लालवानी को पुरस्कृत किया गया,इसके अलावा ग्रुप गरबा नृत्य में एम जी ग्रुप, जीत ग्रुप, रेंको ग्रुप,अमित ग्रुप, राजेन्द्र ग्रुप, दिनेश ग्रुप रेशम ग्रुप सुरज ग्रुप को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार के मामले पर सर्वोच्च गरबा महिला वर्ग , सर्वोच्च पुरूष वर्ग एवं सर्वोच्च परिधान,इन तीनों वर्ग के प्रतिभागियों को फ्रीज ,टी वी व वाशिंग मशीन भेंटकर सम्मानित किया गया। इसी तरह सर्वोच्च युगल ग्रुपो का क्रमशः दस हजार रुपए, सात हजार रुपए व पांच हजार रुपए से पुरस्कृत किया गया।वहीं सामूह गरबा नृत्य में एम जी ग्रुप को ग्यारह हजार रुपए भेंटकर सम्मानित किया गया। इसी तरह गरबा महोत्सव के एक हजार प्रतिभागियों को विभिन्न उपहार देकर सम्मानित किया गया।वहीं दो सौ बच्चों को एस टी डी टेबल से पुरस्कृत किया गया है ।वहीं गरबा महोत्सव के चालीस टांप प्रतिभागियों को डबल बेड कंबल टांप 25 बच्चों को भी डबल बेड कंबल पुरस्कार के रूप में भेंट किया गया । इस तरह देखा जावे तो विकास मित्र मंडल के संस्थापक व नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने धर्म , आस्था शक्ति के प्रतिक नवरात्रि पर्व पर माता सेवा में लिप्त गरबा महोत्सव के प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया है।

# बीरेंद्र बहादुर सिंह महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान परिषद का गठन




पायनियर संवाददाता ◂ सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्व.राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य पी के भोई के मार्गदर्शन एवं राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष यू के बरिहा के निर्देशन में राजनीति विज्ञान परिषद का गठन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संध्या भोई प्रभारी प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष हिंदी, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ झरना साव एवं एन के जगत मंचासीन थे। सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती एवं डॉ.भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।सरस्वती वंदना की प्रस्तुति कुमारी अंजली नाग के द्वारा की गई। इस अवसर पर स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के द्वारा राजनीति विज्ञान के संबंध में अपने विचार व्यक्त किया और राजनीति विज्ञान के माध्यम से प्रादेशिक, राष्ट्रीय ,अंतरराष्ट्रीय एवं सामाजिक मामलों के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एन के जगत ने वर्तमान समय में राजनीति विज्ञान की उपयोगिता और भविष्य में पाए जाने वाले अवसर के बारे में विचार व्यक्त किया । डॉ.झरना साव ने राजनीति विज्ञान विषय के संबंध में अपनी रुचि को रेखांकित किया तथा राजनीति विज्ञान समाज का एक पथ प्रदर्शक होने के नाते उसकी उपयोगिता दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है और आज राजनीति अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में सफल हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे यू के बरिहा विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान ने राजनीति विज्ञान के उद्देश्य एवं सिद्धांतों को बहुत ही विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया तथा आगामी समय में महाविद्यालय में किए जाने वाले संगोष्ठी सेमिनार के बारे में अपनी विभाग की कार्य योजना को प्रस्तुत किया । भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम के जयंती मनाए जाने के बारे में बताया गया और भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम अपने जीवन को शिक्षा और समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। भारत को महाशक्ति के रूप में स्थापित करने में उनकी बड़ी भूमिका थी और भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल में भारत को परमाणु संपन्न राष्ट्र बनाया । उनके राष्ट्रपति कार्यकाल में शिक्षा के प्रति महत्वपूर्ण कार्य किया विभिन्न विश्वविद्यालय , संस्थानों, संगोष्ठियों एवं सेमिनार में जाकर अपने वैज्ञानिक विचार को साझा किया ।

# मगरलोड में मिशन अव्वल के तहत परीक्षा परिणाम पर कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक



पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी के द्वारा 15 अक्टूबर को स्वामी आत्मानंद स्कूल भैसमुंडी विकासखंड मगरलोड में 29 हाई/हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य, लेक्चरर, एसएमडीसी अध्यक्ष/सदस्य और सरपंच की उपस्थिति में शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे मिशन अव्वल के तहत प्रति माह होने वाले मासिक परीक्षा के परिणाम की समीक्षा की गयी। साथ ही कलेक्टर मैडम के द्वारा बताया गया कि जिले में बेहतर परीक्षा परिणाम लाने के लिए समुदाय के साथ.साथ बालक पालक एवं शिक्षकों का महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अतः समुदाय के साथ मिलकर मिशन अव्वल के तहत् जिले के परीक्षा परिणाम को बेहतर किया जा सकता है जिसके लिए आप सब की भागीदारी आवश्यक है। साथ ही शैक्षिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। समीक्षा बैठक में प्राचार्य, लेक्चरर, एसएमडीसी अध्यक्ष/सदस्य और सरपंच के द्वारा स्कूल के रिजल्ट में जो कमी रह गयी। उसको दूर करने के लिए रणनीति बनाकर अगले बार स्कूल के रिजल्ट को बेहतर करने की बात कही गयी। समीक्षा बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड स्त्रोत समन्वयक विकासखंड के समस्त प्राचार्य का सहयोग रहा।

# अदाणी पावर उद्योग के खिलाफ में ग्रामीण जन उतरे सड़क पर

## अनिश्चितकालीन धरना जारी, संयंत्र पर शोषण का आरोप

पायनियर संवाददाता ◂ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

अदाणी पांवर उद्योग पर मनमानी का आरोप लगाते हुए उद्योग से संबंधित कर्मचारी व मजदुरो के अलावा ग्रामीणजनो ने विरोध के बिगुल फूंक दिये है । संयंत्र के सामने भारी तादाद में मजदूर व ग्रामीण जन अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए हैं । ग्रामीण जन व मजदुरो का आक्रोश इतना है कि वे पुरे परिवार सहित अनवरत छै दिनों से धरना दे रहे हैं और उनका कहना यह हे ,कि हमने उद्योग प्रबंधन के खिलाफ सड़क के लड़ाई लडने को बाध्य हुए हैं और यह लड़ाई जब तक चलती रहेगी जब तक हमारी जायज मांगों को पुरा नही किया जावेगा । उन्होंने कहा कि दशहरा का त्योहार हमने धरना स्थल मनाये है और जरूरत पड़ी तो दीपावली भी यही पर मनायेंगे । धरना रत मजदुरो व ग्रामीणों का उद्योग प्रबंधन पर आरोप है कि उनकी मनमानी व शोषण के चलते क्षेत्रवासी बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं ,जो मजदुर काफी लंबे अरसे से संबंधित उद्योग में कार्यरत थे उन्हें बिना वजह बिना संज्ञान के काम से निकाला जा रहा है । वहीं अभी भी ठेकेदारी प्रथा का आवाज बुलंद हैं । ठेकेदारी प्रथा के चलते मजदुरो का भरपुर शोषण हो रहा है । जो मजदुर आठ से दस साल तक लगातार संयंत्र में कार्यरत हैं उसे अभी भी ठेकेदारी के अधीन रखा गया है । क्षेत्रिय मजदरो का मांग है कि मजदूरों को उद्योग एम्पलाई का दर्जा दिया जावे । वहीं कहा जा रहा है कि अदाणी पावर उद्योग के चलते क्षेत्रवासी प्रदुषित वातावरण में जीवन निर्वाह करने को मजबुर है लेकिन बदले में क्षेत्रवासियों को महज आश्वासन ही मिलता आया है । बुनियादी सुविधा के नाम पर क्षेत्रवासी उद्योग से ठगा सा महसूस कर रहे हैं । बुनियादी सुविधाओं का अभाव है ।सी एस आर मद की राशि प्रभावित क्षेत्र में ब्यय ना कर बाहर में किया जा रहा है । अदाणी पांवर उद्योग के खिलाफमें सैकड़ों मजदुर व ग्रामीण सड़क पर उतर आये है । जानकारी में आया है कि बाहरी प्रांत के मजदुरो के सहारे उद्योग का संचालन किया जा रहा है वहीं स्थानीय मजदुर धरने पर बैठे हुए हैं । और उनका कहना है कि जब तक हमारी मांगे पुरी नहीं होगी हम आंदोलनरत रहेंगे ।

# मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया किशोरी बालिका दिवस का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◂ सरायपाली
www.dailypioneer.com



आंगनबाड़ी केंद्र कलेंडा में परियोजना अधिकारी नारंग के निर्देशन एवं सेक्टर छुईपाली के सुपरवाइजर चंद्रिका कुमार के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत किशोरी बालिका दिवस मनाया गया। सुपरवाइजर के मुख्य आतिथ्य एवं लेखा नागवंशी के विशिष्ट आतिथ्य में मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कलेंडा स्कूल से हाई एवं हायर सेकेंडरी के छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान कुर्सी दौड़, मटकी फोड़, रंगोली आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के द्वारा किशोरी बालिकाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक कार्तिकराम बारिक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उर्वशी बारीक, प्रेमलता वैष्णव, जमुना पटेल, रत्ना पटेल, हीरा भोई, कल्याणी बरीहा, वीणा चौहान, नूरा ग्वाल, सुदेष्ठा ग्वाल, प्रमोदिनी सागर, खेलमोती पटेल आदि समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चरित्र शंका कर पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ लवन
www.dailypioneer.com



14.10.2024 को सूचना मिली कि ग्राम जुनवानी पुराना पत्थर खदान के पास एक महिला मृतिका ज्योति रात्रे की हत्या कर दी गई है। साथ में यह भी पता चला कि उक्त महिला की हत्या उसके आरोपी पति धीरज रात्रे द्वारा प्राणघातक हमला कर की गई है। की सूचना पर थाना गिधपुरी में अपराध क्र. 113/2024 धारा 103(1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना गिधपुरी पुलिस द्वारा सर्वप्रथम घटनास्थल पहुंच संपूर्ण इलाके का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। घटनास्थल से एक कैंची, एक टूटा हुआ हथौड़ा, खून लगा पत्थर, मृतिका का सामान एवं एक मोटरसाइकिल मिला, जिसे विधिवत जप्त कियागया है। प्रकरण में गवाहों से पूछताछ एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी पति धीरज रात्रे को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर पत्नी को मायके छोड़ने के लिए मोटरसाइकिल के माध्यम से जाते हुए चरित्र शंका पर कैंची, हथौड़ा एवं पत्थर आदि से अपनी पत्नी पर गंभीर वारकर उसकी हत्या करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को 14.10.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- धीरज रात्रे उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम तेलासी थाना गिधपुरी।

# 19 हजार हेक्टेयर असिंचित खेती में 21 क्विंटल उत्पादन नहीं उड़ीसा से धान लाकर समर्थन मूल्य में खपाने की तैयारी

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिला के अंतिम छोर में बसा देवभोग ब्लॉक के अधिकांश किसान प्राकृतिक के भरोसे होकर खेती किसानी करते है ऐसे में असिंचित खेती में प्रति एकड़ 21 क्विंटल फसल उत्पादन नामुमकिन है फिर भी उड़ीसा का धान लाकर 3100 के हिसाब से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान बेचकर बिचौलिया ओर दलाल मालामाल हो रहे है और इस बार भी यह खेल खेलने के लिए बड़े बड़े व्यापारियों ने उड़िसा में अपना जाल बिछा कर उड़िसा से धान लाना शुरू कर दिया है जानकारी अनुसार देवभोग ब्लॉक के बरही जलाशय तेलनदी आडपाथर जलाशय के साहारे 1600 हेक्टर सिंचित खेती पर विपुल उत्पादन में 1156 ओर 1164 जमुना गंगा जैसे अन्य धान करीब करीब 20 क्विंटल उत्पादन की दावा हैं और बचे 19 हजार हेक्टीयर असिंचित खेती पर उन्नत बीज बमलेश्वरी समलेश्वरी महामाया राजेश्वरी जैसे अन्य बीज से 15 क्विंटल उत्पादन बताई जाती हैं और इस कम उत्पादन होने का फ़ायदा क्षेत्र के दलाल और कोचिया जमकर उठाते हुए उड़ीसा का धान लाकर किसानो के पट्टा के माध्यम से समर्थन मूल्य में खफा देते हैं बकायदा नाकेबंदी



होने से पहले वर्तमान में बड़े बड़े धान तस्कर अभी से ही हजारों क्विंटल धान रोज किसान और अपने अपने गोदाम में डंप कर रहे हैं ताकि 31 सौ के दाम पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान बेचा जा सके।

### ज्यादातर धान बिरिघाट पानीगांव घाट

अनकाबेड़ा घाट सेनमुडा घाट उरमाल धुर्वापारा धौराकोटकोट हाथीपखन कोतमेर धर्मगढ़ सहित उड़ीसा के गांव से धान लाया जा रहा है लेकिन नियम के पेंच के चलते अब भी ऐसे धान कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं हो पा रही हैं जबकि पिछले साल की तुलना इस बार काफी मात्रा मे उड़ीसा का धान आने की संभावना है क्योंकि समर्थन मूल्य में धान खरीदी लगभग लगभग एक माह है और अभी से हजारों क्विंटल धान देवभोग ब्लॉक कौने कौने में पहुंच रही हैं।

### उड़ीसा और देवभोग की फसल पैदावार में अंतर

अधिकारियों के साथ किसानो का भी यह मानना है कि जिस तरह प्रति एकड़ में धान बेचा जाता हैं उतना धान होना नामुमकिन है ऐसे में दलाल कोचिया ज्यादातर किसानो का पट्टा इस्तेमाल कर उड़िसा से धान लाकर समर्थन मूल्य में बेच देते है बताया जाता हैं कि उड़िसा में 2000 से लेकर 2500 के भीतर धान आसानी से उपलब्ध होता हैं यहां बता दें कि उड़िसा में खरीफओर रवि फसल उत्पादन किया जाता है जानकारों की माने तो उड़िसा में सिंचाई व्यवस्था होने की चलती डबल फसल उत्पादन किया जाता है और खरीफ फसल पर 15 से 20 क्विंटल तो वही रवि फसल के दौरान 20 से 25 क्विंटल धान की उत्पादन आसानी से किया जाता है लेकिन उत्पादन अनुसार बेचने की व्यवस्था नहीं होने के कारण उड़ीसा के ज्यादातर किसान ओने पौने दाम पर धान बेच लेते है वह धान सीधा देवभोग ब्लॉक किसानो के माध्यम से मंडियों में समर्थन मूल्य में बेचा जाता हैं जिससे लगभग तमाम अधिकारी भी अवगत होते है

### बिना लाइसेंस वाले कारोबारी पहुंचा रहे धान

सबसे खास बात तो यह है कि जिन जिन कोचिया दलाल के पास लाइसेंस नहीं है वह कारोबारी ज्यादातर किसानों के बीच धान दिन दहाड़े खपा रहे हैं जिनकी जांच पड़ताल अतिआवश्यक माना जाता हैं क्योंकि वर्तमान में सख्ती नहीं बरता गया तो आने सीज़न के दौरान बेहिसाब उड़िसा से धान की सप्लाई होगा जिसकी धमक अभी से देखने को मिल रहा है क्योंकि वर्तमान में मंडी अधिनियम लागू नहीं है इसलिए छोटे से लेकर बड़े व्यापारी नियम की पेंच का लाभ उठाते ताबड़तोड़ पिकअप 407 सहित अन्य वाहन से हजारों क्विंटल धान रोज़ाना पहुंचा रहे है खासकर झाखरपारा उरमाल देवभोग इलाके में उड़िसा की धान की आवक हो रही है और इससे स्थानीय प्रशासन भी भली भांति अवगत हैं लेकिन आदेश के आभाव में कार्यवाही की पहल नहीं हो रही है।

# टैक्स बकायेदारों के खिलाफ निगम ने लिया सख्त कदम

- **जलकर वसूली एक्शन अभियान,नोटिस को किया दरकिनार निगम ने तकिया पारा में काटे 3 नल कनेक्शन**

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर निगम के राजस्व विभाग ने तकिया पारा में 2009 से जलकर टैक्स नही जमा करने पर 3 नल कनेक्शन कांटे गए। मंगलवार को सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर द्वारा निरीक्षण कार्रवाही करने योगेश सूरे,जलकार्य निरीक्षक राजू चन्द्राकर,सहायक राजस्व निरीक्षक लवकुश शर्मा के साथ कार्रवाही करने तकिया पारा वार्ड 8 पहुँचे। नगर निगम द्वारा नल कनेक्शन काटने अभियान और भी तेज कर दिया है। कार्रवाही के दौरान अमले के साथ जलकर वसूली को लेकर करदाताओं से जल कर टैक्स देने की बात कही जा रही है।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा सभी उप राजस्व निरीक्षक सहायक राजस्व निरीक्षको द्वारा डोर टू डोर वसूली अभियान में डयूटी लगाकर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। राजस्व अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी सहित उप राजस्व



निरीक्षक सहायक राजस्व निरीक्षको द्वारा पूरी ईमानदारी के साथ दिनभर बकायादारों के घर-घर पहुच रही है। निगम को लंबे समय से बकाया संपत्ति व जलकर नहीं पटाने वाले करदाताओं से टैक्स वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। निगम अमला सभी बकायादारों के घर पहुँच रहे है। इस दौरान बकाया जलकर नहीं पटाने वाले कुछ करदाताओं के घर का नल कनेक्शन भी काटा गया। ऐसे में निगम का राजस्व अमला टैक्स वसूलने इन बकायादारों के घर पहुंच रही है।राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता एवं सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोईर ने बताया कि कई बकादारों ने सालों से जलकर टैक्स का भुगतान नहीं किया है। इसलिए जलकर भुगतान नहीं करने वाले पहले टैक्स देने की नोटिस के साथ अपील किया जाता है करदाताओं द्वारा टैक्स देने से इनकार व नोटिस को दरकिनार किये जाने पर तुरंत नल कनेक्शन काटने की कार्रवाही किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि जलकर वसूली अभियान तेज कर वसूली में अच्छा स्थान प्राप्त करेंगे।

# निर्वाचन नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन वार्ड 24, 35 के नागरिको के लिए

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन नियम 1994 के अनुसार नगर पालिक निगम भिलाई की वार्ड 24 एवं 35 का निर्वाचन नियमावली तैयार है। जो आम लोगो के निःशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। निर्वाचन नामावली 1 जनवरी 2024 के आधार पर तैयार की गई है। कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त अर्हकारी तारीक्ष के संबंध में निर्वाचक नामावली में किसी नाम को सम्मिलित किये जाने या किसी प्रविष्टी को संशोधित करने के लिए दावा करना चाहे या किसी व्यक्ति का नाम सम्मिलित किये जाने के संबंध में आपत्ति करना चाहे, वह इस सबंध में अपना दावा या आपत्ति निर्धारित प्रारूप (फार्म) में तारीख 16.10.2024 से कार्यालय समय के दौरान कभी भी परन्तु तारीख 23.10.2024 को जो कि दावे और आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख है अपरान्ह 3:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। समय के उपरांत प्रस्तुत किये गये दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में वार्ड क्रं. 24 हाउसिंग बोर्ड एवं वार्ड क्रं. 35 शारदा पारा में



उपचुनाव होना है। जिसके लिए वार्ड वासियो के सुविधा के लिए निर्वाचन नामावली वार्ड मतदाताओ को निःशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगा। जिसको मतदाता कार्यालयीन अवधि में वार्ड क्र. 24 हाउसिंग बोर्ड शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं वार्ड क्रं. 35 शारदा पारा केन्प-02 जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जाकर निरीक्षण कर आपत्ति दर्ज करा सकते है। मतदाता मुख्य कार्यालय के जनगणना शाखा के कक्ष क्रमांक 53 में कार्यालयीन अवधि में आकर मतदाता सूची का अवलोकन भी कर सकते है।

# पुलगांव वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ दशहरा मनाया, कपड़े और सहारे के लिए बांटी छड़ियां

## दीनबन्धु भगवान् राम से वृद्धों की सेवा की प्रेरणा लें: डॉ. शर्मा

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

असत्य पर सत्य की विजय और अत्याचारियों के सत्यानाश अलावा वृद्धजनों की सेवा की प्रेरणा भी भगवान् श्री राम के जीवन से मिलती है। उन्होंने ऋषियों, मुनियों और वृद्धजनों के पास पहुंच कर उनको सुख पहुंचाया। साधन हीन लोगों के कुछ कष्ट तो हम उनकी प्रेरणा से दूर कर सकते हैं। ये विचार हैं भारतीय पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा प्रकोष्ठ दुर्ग सम्भागीय प्रभारी डॉ.महेशचन्द्र शर्मा के। आचार्य डॉ. महेशचन्द्र शर्मा ने पुलगांव दुर्ग के वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के साथ दशहरा मनाया। उनका मुंह मीठा कराया, वस्त्र के साथ वृद्धों को चलने



सहायक छड़ियां भी वितरित कीं। उन्होंने सभी वृद्धों का अभिवादन किया, उनसे संवाद कर सुख-दुख पूछने के बाद उक्त बातें कहीं। धर्म, संस्कृति और साहित्य लेखन हेतु देश-विदेश के अनेक सफल दौरे कर चुके आचार्य डॉ.महेशचन्द्र शर्मा ने बताया कि वृद्धजनों की सेवा से हमारी आयु, विद्या यश और बल बढ़ते हैं। चूंकि साहित्य समाज का दर्पण है इसलिये लेखन में समाज की ये बातें आनी चाहियें। अतः बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील और सम्मानजनक व्यवहार आवश्यक है। आश्रम के प्रबन्धक दीपक चापिरा भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रेरणा ने जीत हासिल कर किया गोल्ड मेडल पर कब्जा



पायनियर संवाददाता < रानीतराई
www.dailypioneer.com

विकास खंड पाटन अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बीजाभाठा की बेटी प्रेरणा बंजारे पिता श्रवण कुमार बंजारे जिन्होंने ग्राम पंचायत बीजाभाठा के आश्रित ग्राम घोरारी से निकलकर 24 वे राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीत हासिल कर गोल्ड मेडल जीता। ग्राम पंचायत सरपंच डॉ. रामनाथ साहू ने बधाई संदेश प्रेषित करते हुए कहा कि प्रेरणा बंजारे निश्चित ही प्रेरणा स्रोत है, अन्य विद्यार्थियों को इनसे प्रेरणा लेना चाहिए ,प्रेरणा ने अपनी प्रतिभा को निखार कर अपने मां-बाप का ही नहीं पूरे ग्राम पंचायत बीजाभाठा, विद्यालय एवं जिला व राज्य का नाम रोशन किया है, मैं उन्हें पुनः बधाई देता हूं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं ।भविष्य में और उच्च से उच्च शिखर पर पहुंच कर अपना नाम रोशन करें अपने परिवार का नाम रोशन करें।इस उपलब्धि के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भरर प्राचार्य पी शांडिल्य प्रशिक्षक व्यायाम शिक्षक तोषिन साहू रोजगार सहायक रश्मि बंजारे सहित सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं शुभकामनाएं देते हैं।

# चयनित स्थल गवर्मेंट स्कूल के पीछे मैदान पर अस्थायी फटाका दुकान हेतु आवेदन आमंत्रित

- **फटाका व्यवसायी को लॉटरी के माध्यम से आबंटन, 20 अक्टूबर से फटाका विक्रय हेतु स्थल का आबंटन कर दिया जावेगा**

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर निगम सीमा क्षेत्र में दीपावली एवं अन्य त्योहारों के अवसर पर अस्थाई दुकानों से फटाका विकय किया जाता है। दीपावली के फटाका विक्रय के लिए जिला प्रशासन के द्वारा जारी दिशा-निर्देश के पालन हेतु आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर फटाका विक्रय के लिए नियम शर्ते बनाई गई है।बता दे कि चयनित स्थल गवर्मेंट स्कूल के पीछे मैदान पर अस्थायी फटाका दुकान लगाया जावेगा।उक्त कार्य हेतु दिनांक 20 अक्टूबर से फटाका विक्रय हेतु स्थल का आबंटन कर दिया जावेगा। जिसके लिए नगर निगम द्वारा नियम शर्ते लागू रहेगी। नगर निगम द्वारा चयनित स्थान पर फटाका विकय किया जावेगा। अन्य स्थानों पर विक्रय प्रतिबंधित रहेगा। निर्धारित शुल्क 3000/-रू0 नगद जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते है। अस्थाई फटका दुकान लगाने इछुक व्यक्ति आवेदक निगम के बाजार विभाग में आवेदन जमा कर रसीद कटवाना होगा। जिसमें अस्थायी लाइसेंस, स्वयं का पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, मोबाईल नंबर इत्यादि जमा करना होगा। इसके अलावा समय सीमा में प्राप्त लॉटरी पद्धति से स्थल आबंटन किया जावेगा।आवेदन दिनांक 18 अक्टूबर समय 02 बजे तक आमंत्रित है एवं उसी दिन शाम 04 बजे आवेदको की उपस्थिति में लॉटरी निकाली जावेगी । आवेदक द्वारा स्वयं बाजार विभाग में उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं।दुकानदारो को लाइट की व्यवस्था स्वंय करनी होगी।प्रतिबंधित फटाकों का विकय निषेध रहेगा। सभी फटका दुकानदारों को दिशा-निर्देश का पालन करना होगा। साथ ही दुकान का निर्माण स्वयं करना होगा। दुकान की साइज 10 - 15 वर्गफीट रहेगी। और अस्थायी लाइसेंसी का आवेदन स्वीकार होगा।

# बारनवापारा अभ्यारण्य में 21 से 23 अक्टूबर को बटरफ्लाई मीट का होगा आयोजन, तितलियों को जानने और पहचानने को मिलेगा मौका

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com

वन विभाग एवं बारनवापारा अभ्यारण्य के संयुक्त तत्वाधान में 21 से 23 अक्टूबर 2024 को अभ्यारण्य में बटरफ्लाई मीट का आयोजन किया जाएगा। जिसके माध्यम को प्रकृति प्रेमियों को तितलियों को करीब से जानने और पहचानने को मौका मिलेगा। साथ ही विषय विशेषज्ञों द्वारा तितलियों के पर्यावास एवं उनके महत्त्व के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रतिभागियों के साथ साझा की जाएंगी। उक्त आयोजन की तीसरी कड़ी है। इसके पूर्व 2022 एवं 2023 में किया गया था। विभाग द्वारा बटरफ्लाई मीट की तैयारी पूरी कर ली गई है। आयोजन में भाग लेने एवं जानकारी प्राप्त करने के लिए क्यू आर कोड भी जनरेट किया गया है जिसके माध्यम से आसानी से पंजीयन कराया जा सकता है। मीट में प्रतिभागी स्टूडेंट के 15 सौ रूपये एवं अन्य व्यक्तियों के लिए 2 हजार रूपये पंजीयन शुल्क रखा गया है। इसके साथ ही भाग लेने के लिए 18 वर्ष से 60 वर्ष की आयु निर्धारित की गई है।



गौरतलब है कि बारनवापारा अभ्यारण्य में 150 प्रजाति के तितली एवं मोथ पायी जाती हैं। जिसमे से वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की शेड्यूल वन की क्रिमसन रोज (पैचीलौप्टा हेक्टर) डनाइड इगली (हाइपो सिलिमस मिसीपस) शेड्यूल दो की सिपोरा निरिसा,होगारा एनेक्स, यूक्रीशॉप्स सीनेजस, जेनेलिया लेपीडिया रपेला वरुणा,लैंपिडर्स बोइहन, तजुना शिप्स आदि पाई जाती है। शेड्यूल छह के भी बहुत से प्रजाति पाई जाती है। विगत तीन वर्षों से बारनवापारा अभ्यारण्य में 14-16 हाथियों का दल निवास कर रहा है। साथ ही साथ विगत 8 माह से एक बाघ लगातार अभ्यारण्य में विचरण कर रहा है। बारनवापारा नाम बार और नवापारा गाँव से मिलकर बना है। बारनवापारा अभ्यारण्य अपनी स्थापना के बाद से ही देश के हर हिस्से से पर्यटकों को आकर्षित करता रहा है। बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार भाटापारा जिले में स्थित है। अभ्यारण्य का कुल क्षेत्रफल 244.66 वर्ग किमी है। अभ्यारण्य की स्थलाकृति समतल और लहरदार इलाका है। ऊँचाई 640 मीटर समुद्र तल तक है। बालमदेही,जोंक और महानदी नदियाँ अभयारण्य की जीवन रेखा हैं जो अभयारण्य की जल कमी को पूरा करने के लिए अभयारण्य के साथ बहती हैं। वार्षिक वर्षा 1200 मिमी है इस अभ्यारण्य में सागौन, साल और मिश्रित वन की मुख्य वनस्पति है। पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए इसमें शिकार और शिकारियों का अच्छा घनत्व है। अभ्यारण्य के अंदर स्थित बलार जलाशय में कई आर्द्रभूमि पक्षी और मछलियाँ पाई जाती हैं। यह अभ्यारण्य लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए इकोटूरिज्म को बढ़ावा देता है। बारनवापारा तक पहुँचने के लिए रायपुर से सड़क मार्ग से दो घंटे का सफर करना पड़ता है।

# पीलिया संभावित क्षेत्रो का निगम अधिकारियों ने किया दौरा

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर वार्ड 30 प्रगति नगर तेलगु मोहल्ला, ताट पटटी मोहल्ला में पीलिया की संभावित शिकायत प्राप्त होने पर आयुक्त बजरंग दुबे के निर्देशानुसार अधिकारियो का दौरा संबंधित क्षेत्रो में किया गया। जल शुद्धिकरण हेतु 75 घरो में 1000 क्लोरिन टेबलेट घर-घर वितरण एवं पानी को उबालकर ठण्डा कर पीने की सलाह दी गई। नालियो की समुचित सफाई कराकर सफाई उपरांत आस-पास चुना एवं ब्लीचिंग पाउडर के मिश्रण का छिड़काव किया गया। प्रत्येक घरो में गृह भेंट के दौरान मच्छर जनित रोग नियंत्रण हेतु मच्छर, लार्वा, श्रोतो जैसे- कुलर टंकी, कन्टेनर वगैरा की जॉच की गई। सभी कुलरो में मच्छर लार्वा नियंत्रण हेतु टेमिफास का छिड़काव एवं व्यस्क मच्छरो के नियंत्रण हेतु मैलाथियान दवाई का छिड़काव किया गया। निगम की विशेष दस्ता एवं जोन की कॉम्बेक्ट



टीम द्वारा संयुक्त रूप से 59 घरो में 249 सदस्यो से व्यक्तिसः संपर्क कर आवश्यक पुछताछ की गई। जिसमें पीलिया से प्रभावित नया केस नहीं पाया गया। प्रायः देखने में आया है, कि पानी सप्लाई वाले पाईप से लोग चोरी छिपे कनेक्शन ले लेते है, वहां पानी सीपेज होने के कारण जलजनित पीलिया, उल्टी-दस्त जैसे बिमारियां फैलने की संभावना बढ़ जाती है। जलजनित बिमारियों का संक्रमण न हो आस-पास के क्षेत्रो से पानी का सेंपल लिया गया, सेंपल को जॉच हेतु लैबोरेटरी में भेजा गया है। पीलिया रोग दुषित खाना खाने, दुषित पानी पीने से ही होता है। सब को समझाइस दी गई कि ताजा एवं घर के भोजन खाये, पानी उबालकर पीये, किसी प्रकार की शारीरिक तकलीफ होने पर शासकीय चिकित्सालय में संपर्क करें।

## दो सप्ताह से विभाग में पड़ा शिकायत पत्र नहीं जांच नहीं हुई कोई कार्यवाही आक्रोश ग्रामीण करेंगे ताला बंदी

# बालसमुद सोसायटी के खिलाफ शिकायत कार्यवाही नहीं होगी तो आंदोलन की चेतावनी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बालसमुद सोसाइटी में भ्रष्टाचार भ्रष्टाचार की शिकायत का एक सप्ताह में कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन करने की बात ग्रामीणों ने किया है जिसमें धरना प्रदर्शन के साथ तालाबंदी करने की बात कही गई है। बेमेतरा जिला के ग्राम पंचायत बालसमुंद के सेवा सहकारी समिति से भ्रष्टाचार के मामला सामने आने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से पुनः कलेक्टर को शिकायत पत्र सौपा गया! दरसअल सेवा सहकारी समिति में वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है! इस भ्रष्टाचार के मामले को गांव के सरपंच पति तुलसीराम साहू सहित दर्जनों ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर दो सप्ताह पूर्व कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर रणबीर शर्मा को शिकायत पत्र सौपा था! लेकिन अब तक इस मामले में किसी प्रकार की कोई जांच नही हुई और न ही कोई



कार्यवाही हुआ है! इससे आक्रोश ग्रामीण मंगलवार जानदर्शन में पुनः शिकायत पत्र सौपा है जिसमें के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत बालसमुंद सेवा सहकारी समिति पंजीयन क्रमांक 1153 में समिति प्रबंधक बलराम बांधे एवं समिति प्राधिकृत अध्यक्ष रमेश राजपूत द्वारा वार्षिक आमसभा की बैठक रखी गई थी! जिसमें ग्रामीण किसान शामिल हुए इस दौरान ग्रामीणों ने सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष एवं प्रबंधक से समिति के आय व्यय की जानकारी मांग किया! जिसमें वित्तीय अनियमितता होने का खुलासा हुआ है! वही ग्रामीण किसानों ने इस बारे में बताया कि वार्षिक आमसभा की बैठक समिति में रखा गया था! जिसमें आय-व्यय संबंधित चर्चा की गई! जहां आय के बारे में तो जानकारी दिया गया !लेकिन जब व्यय के बारे में जानकारी ली गई तो इसमें तिरपाल 22 नग की खरीदी में 35 नग का बिल लगाया गया! और सुतली 10 क्विंटल में 24 क्विंटल की राशि व समिति में 2 गाड़ी भूसी में 6 गाड़ी बिल राशि निकाला गया है! इतना ही नही मामूली से 3 ताले के लिए 28 सौ रुपये का बिल आहरण किया गया है!किसानों द्वारा कम्प्यूटर, प्रिंटर खरीदी के बारे में पुछा गया जिसे अपने घर में रखा है पाया गया इस प्रकार आमसभा में उसके द्वारा सभी बिलों में अनिमितता पाया गया। के.सी.सी ऋण लिमिट से अधिक ऋण वितरण करने एवं फर्जी हस्ताक्षर कर साधेलाल / मांगेलाल व प्रेमिन बाई/नोहर दास ऋण दिया गया एवं वेंकट पति राजु पिता जयनारायण डेहरे का ऋण अन्य बैंक में होने पर भी उसे जान-बुझकर 30/11/2023 को 1,65,000 रु. का ऋण दिया गया है। समिति प्रभारी बलराम बांधे द्वारा सहायक समिति प्रबंधक रामप्रसाद साहू का वेतन माह जुलाई 2023 से 30/09/2024 तक नहीं दिया. यह मामला जिला कार्यालय कलेक्टोरेट पहुंची जहां किसानों ने समिति में हुए भ्रष्टाचार के लिए कलेक्टर के पास जांच कर कार्यवाही की मांग को लेकर शिकायत किये थे! लेकिन अब तक ना जांच हुआ और न ही कार्रवाई हुआ है! वही किसानों ने तकरीबन 10 से 12 लाख रुपए की वित्तीय अनियमितता कर भ्रष्टाचार का अनुमान लगाया है! वही ग्रामीणों द्वारा अब एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर धरना प्रदर्शन करते हुए समिति में ताला बंदी करने की चेतावनी दीया जा रहा है! जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होंगी! ईस दौरान तुलसीराम साहू, बलदाऊ, लक्ष्मी नारायण,भरत लाल, दुकल्हा साहू , शिवकुमार साहू, पुनीत कुमार, साहू, सुरेश साहू, मोहित साहू, उमेंद साहू, कुलेश्वर, रामाधार, अशोक, सहित सैकड़ो ग्रामीण, उपस्थित थे


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बलौदाबाजार (छ.ग.)

निविदा क्रमांक 32/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां./खण्ड, बलौदाबाजार, दिनांक 27/09/24

// शुद्धि पत्र //

मैनुअल निविदा क्र. 32 दिनांक 27.09.2024 जी क्रमांक 242503066 दिनांक 10.10.2024 में निम्नानुसार संसोधन किया जाता है।

| निविदा क्रमांक एवं दिनांक | ग्रुप क्रमांक | पूर्व में प्रकाशित | प्रकाशित किया जाना है |
|---|---|---|---|
| 32/27.09.2024 | ग्रुप-1 | Supply of unit both side 5 mm thick plate make with 3 mm thick 6" (18"long) Black Balobazar | Supply of GI Distance unit both side 5 mm thick plate make with 3 mm thick 6" (18"long) Black Balobazar |
| | ग्रुप-2 | Supply of unit both side 5 mm thick plate make with 3 mm thick 6" (18"long) Black Palari | Supply of GI Distance unit both side 5 mm thick plate make with 3 mm thick 6" (18"long) Black Palari |
| | ग्रुप-3 | Supply of unit both side 5 mm thick plate make with 3 mm thick 6" (18"long) Black Simga | Supply of GI Distance unit both side 5 mm thick plate make with 3 mm thick 6" (18"long) Black Simga |
| | ग्रुप-4 | Supply of unit both side 5 mm thick plate make with 3 mm thick 6" (18"long) Black Kasdol | Supply of GI Distance unit both side 5 mm thick plate make with 3 mm thick 6" (18"long) Black Kasdol |

नोट :- अन्य नियम व शर्ते यथावत रहेंगी।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

G-242503219/3

## संपादकीय

# प्रधानमंत्री का जोर गतिशक्ति परियोजना

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने 'गतिशक्ति' योजना पर जोर देते हुए इसे भारत में ढांचागत संरचना के लिए 'गेमचेंजर' बताया है। मोदी ने 'गतिशक्ति' योजना पर जोर देते हुए इसे भारत की ढांचागत संरचना के विकास में परिवतर्नकारी पहल बताया है। 'गतिशक्ति' परियोजना लागू होने की तीसरी वर्षगांठ पर बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने देश के लाजिस्टिक नेटवर्क की क्षमता और प्रभावशीलता बढ़ाने में इस योजना की क्षमता की प्रशंसा की जिससे आर्थिक वृद्धि एवं विकास में योगदान तेज होगा। केन्द्र सरकार द्वारा 2021 में शुरू 'गतिशक्ति पहल' का उद्देश्य अनेक क्षेत्रों में विभिन्न ढांचागत परियोजनाओं को एकसाथ जोड़ कर उनको सहज बनाना है जिनमें सड़कें, रेलवे, बंदरगाह तथा हवाईअड्डे शामिल हैं। इस कार्यक्रम का अर्थ वर्तमान नेटवर्कों के बीच अंतर मिटाना, कमियां दूर करना तथा उत्कृष्ट तकनीक व डेटा एनालिटिक्स का नियोजन एवं क्रियान्वयन में प्रयोग करना है। गतिशक्ति परियोजना परंपरागत ढांचागत नियोजन से आगे जाती है क्योंकि इसमें अनेक विभागों के बीच समन्वय शामिल है जिसमें राज्य सरकारों, निजी क्षेत्र तथा स्थानीय समुदायों के विभिन्न संस्थान शामिल हैं। उम्मीद है कि इस पहल से ढांचागत परियोजनाओं की अवधारणा और क्रियान्वयन में परिवर्तन आएगा जिससे देश के विकास मार्ग में पैराडाइम परिवर्तन होगा। विभिन्न क्षेत्रों के बीच सहज समन्वय तथा परिवहन के विभिन्न तरीकों के बीच सिनर्जी स्थापित कर गतिशक्ति भारत का आर्थिक विकास तेज करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। लाजिस्टिक क्षमता बढ़ाने, खर्च घटाने तथा सहज कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने से यह पहल उत्पादन लागत में काफी कमी ला सकती है। चीन की तेज आर्थिक वृद्धि भारत के लिए एक मूल्यवान सबक है। पिछले कुछ दशकों में चीन ने बड़े पैमाने के ढांचागत विकास पर बहुत ध्यान दिया है जिसमें हाईस्पीड रेलवे, हाइवे व बंदरगाहों का व्यापक नेटवर्क बनाना शामिल है। इससे न केवल कनेक्टिविटी में सुधार होता है, बल्कि लाजिस्टिक खर्च में भारी कमी आती है तथा बिजनेसों का फलना-फूलना आसान होता है। इसी मार्ग पर चलते हुए 'गतिशक्ति' भारत के आर्थिक रूपांतरण में उत्प्रेरक की भूमिका निभा सकती है जिससे टिकाऊ वृद्धि सुनिश्चित होगी तथा भारत 5 ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था बनने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य पूरा कर सकेगा। हालांकि, 'गतिशक्ति' परियोजना भारत की ढांचागत संरचना में अनेक परिवर्तन कर सकती है, पर इसके क्रियान्वयन में अनेक बाधायें भी हैं। इनमें भूमि अधिग्रहण मुद्दे खास बाधा हैं क्योंकि भूमि स्वामित्व के मुद्दे पर विलंब और विवाद परियोजनाओं को स्थापित करने में विलंब का कारण बन सकते हैं। नियामक बाधायें भी चुनौतियां हैं क्योंकि अक्सर मंत्रालयों के बीच जटिल सहमति प्रक्रियायें प्रगति को धीमा करती हैं। इसके अलावा वित्तीय बाधायें भी सामने आ सकती हैं क्योंकि बड़ी ढांचागत परियोजनाओं के लिए भारी मात्रा में धनराशि तथा सार्वजनिक-निजी साझेदारी आवश्यक होती है। इन बाधाओं को दूर करने के लिए सरकार ऐसे नीतिगत सुधार कर सकती है जिनसे भूमि अधिग्रहण आसान हो, अनुमति प्रक्रियायें सरल हों तथा नौकरशाही विलम्बों में कमी आए। कर लाभों के माध्यम से निजी निवेशों को प्रोत्साहित करना तथा जोखिम-साझा माडलों के प्रस्ताव से निजी क्षेत्र की सहभागिता बढ़ सकती है। 'गतिशक्ति' परियोजना वर्तमान समय की आवश्यकता है और भारत की विकास संभावनाओं को प्राप्त करने के लिए इसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए।



# खाद्य मुद्रास्फीति व रिजर्व बैंक

खाद्य मूल्यों में लगातार जारी अस्थिरता पर चिन्ता बनी हुई है। लेकिन इसके बावजूद भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ब्याज दरों में कमी के माध्यम से आर्थिक वृद्धि को समर्थन पर अपने विकल्प खुले रखने चाहिए।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने 9 अक्टूबर, 2024 को छः सदस्यों वाली मौद्रिक नीति समिति-एमपीसी के निर्णयों की घोषणा की। यह वर्तमान वित्त वर्ष में इसकी चौथी द्वैमासिक बैठक थी। इसने नीतिगत दरों को अपरिवर्तित 6.5 प्रतिशत पर रखने का निर्णय किया। लेकिन इसने 'विड्राल आफ एकमोडेशन' पर अपनी नीति को बदल कर तटस्थ कर दिया। 2016 में भारत सरकार ने संस्थागत फ्रेमवर्क को स्थान दिया था ताकि एमपीसी मैद्रिक नीति निर्धारित करने का काम सहजता से कर सके जिसमें प्रमुख ब्याज दरों के निर्धारण के साथ मुद्रास्फीति को लक्षित नीतिगत दर निर्धारित करना शामिल है। इसके अनुसार आरबीआई को नीतिगत दर इस प्रकार निर्धारित करने चाहिए ताकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-सीपीआई को 4 प्रतिशत के लक्षित दायरे में रखा जा सके। सीपीआई में खाद्य पदार्थ, ईंधन, विनिर्मित वस्तयें तथा कुछ सेवाओं को शामिल किया गया है। आरबीआई प्रत्येक वित्त वर्ष में हर दो महीने पर नीतिगत दरें तय करता है। यह आदेश शुरुआत में पांच साल के लिए था जिसकी समाप्ति 31 मार्च, 2021 को होनी थी, लेकिन अब इसे बढ़ा कर 31 मार्च, 2026 तक कर दिया गया है। मुद्रास्फीति से निपटने के लिए बैंकिंग नियामक जो अन्य महत्वपूर्ण नीतिगत उपकरण प्रयोग करता है उसे 'तरलता' कहते हैं। इसका अर्थ बैंकिंग व्यवस्था में उपलब्ध कर्ज की मात्रा है।

नीतिगत दरों में कमी के साथ ही ज्यादा तरलता पैदा करे से ऐसा परिदृश्य पैदा होता है जिसे 'एकोमोडेटिव' नीति कहते हैं। दास द्वारा जून, 2019 में गढ़े गए इस शब्द का अर्थ कर्ज उपलब्धता बढ़ाने के लिए नीतिगत दरों में व्यापक कटौती है। जून, 2022 में आरबीआई ने 'विड्राल आफ एकमोडेशन' का दृष्टिकोण अपनाया जो वर्तमान समय में भी जारी है। 9 अक्टूबर, 2024 को उसने 'तटस्थ' दृष्टिकोण अपनाने का फैसला किया। इसका अर्थ है कि आरबीआई अपने विकल्प लचीले रखेगा। इसका अर्थ है वह न तो कर्ज की उपलब्धता में कमी कर तरलता में कमी लाएगा और नीतिगत दरों को ऊंची रखेगा और न ही कम ब्याज दर पर बेलगाम कर्ज को बढ़ावा देगा।

दिसंबर, 2018 में जिम्मेदारी संभालते समय शक्तिकांत दास को नीतिगत दरों को सर्वाधिक 6.5 प्रतिशत पर रखने की विरासत मिली थी जिसका कारण उनके पूर्ववर्ती उर्जित पटेल द्वारा अपनाया कठोर दृष्टिकोण था। फरवरी, 2019 में उन्होंने व्यापक कटौती करना शुरू की जिसके कारण मई, 2020 में दरें 4 प्रतिशत पर आ गईं। यह दो साल तक इसी स्तर पर बनी रहीं। मई, 2022 में आरबीआई ने इसमें वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही में 1.4 प्रतिशत वृद्धि की और इसके बाद दूसरी छमाही में 1.1 प्रतिशत और वृद्धि की गई। इस प्रकार 2.5 प्रतिशत की वृद्धि से नीतिगत दरें फिर से फरवरी, 2023 के सर्वोच्च स्तर 6.5 प्रतिशत पर पहुंच गईं। इसके बाद से इन दरों में अब तक कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। ऐसे में सवाल उठता है कि आरबीआई ने दरों में कमी क्यों नहीं की? सीपीआई मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि यह अप्रैल, 2022 में 7.8 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान यह लगभग 8 प्रतिशत बनी रही। इसके अगले वित्त वर्ष में इसमें गिरावट आनी शुरू हुई और यह जुलाई, 2023 में 7.4 प्रतिशत से घट कर सितंबर, 2023 में 5 प्रतिशत, अक्टूबर 2023 में 4.8 प्रतिशत तथा जनवरी-फरवरी 2024 में 5.1 प्रतिशत पर रही। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में यह 5.4 प्रतिशत थी। वर्तमान वित्त वर्ष में भी सीपीआई मुद्रास्फीति नीची रही। यह जून 2024 में 5.08 प्रतिशत तथा जुलाई में 3.54 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2024-25 में आरबीआई को सीपीआई मुद्रास्फीति के 4.5 प्रतिशत पर बने रहने की उम्मीद है। उपरोक्त के अनुसार, 2023-24 की तीसरी तिमाही में सीपीआई मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत के लक्ष्य में बनी रही। आरबीआई के आंकलन के अनुसार यह स्थिति वर्तमान वित्त वर्ष के अंत तक बनी रहेगी। इस प्रकार रेपो दर में कमी करने की स्थिति मजबूत थी। इससे आर्थिक वृद्धि को गति मिलती तथा लाखों कर्जदारों को अपनी ईएमआई घटाने में सहायता मिलती तथा उद्योगों व खासकर एमएसएमई को सहायता मिलती क्योंकि उनके कर्ज अदा करने में आसानी होती। लेकिन आरबीआई ने नीतिगत दरें न घटाने का निर्णय किया। इसका संबंध उस सोच से है जो शक्तिकांत दास के अनुसार वर्तमान वित्त वर्ष की पहली द्वैमासिक नीति घोषित करने के समय सामने आई थी। उन्होंने कहा था, 'हाथी अब टहलने निकल गया है और शायद वह जंगल में वापस चला जाएगा। लेकिन हम देखेंगे कि हाथी जंगलों में स्थाई आधार पर लौट जाए।' सरल भाषा में उनके कहने का अर्थ था कि हमें उस समय तक ब्याज दरें घटाने की जरूरत नहीं है जब तक मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत के लक्ष्य पर न पहुंच जाए और उस स्तर पर बनी न रहे। यदि ऐसा है कि 4 प्रतिशत की दर अत्यन्त पवित्र है तो फिर उसमें 2 प्रतिशत कम या ज्यादा की संभावना क्यों रखी गई है।

कुल मिला कर कहें तो आरबीआई ऐसे परिदृश्य की कल्पना कर रहा है जहां उसका पहुंचना कठिन है और यदि वह वहां पहुंच भी जाए तो लंबे समय तक उसका वहां बने रहना संभव नहीं है। इसका मुख्य कारण खाद्य पदार्थों में मुद्रास्फीति है जिसका सीपीआई में 40 प्रतिशत हिस्सा है। यह मुख्यतः सप्लाई पक्ष तथा मौसमी तत्वों से प्रभावित होती है, जबकि मौद्रिक नीति उपकरण मांग पक्ष पर नियंत्रण करते हैं। असंदिग्ध रूप से खाद्य मुद्रास्फीति में बढ़ोत्तरी हो रही है तथा मौसमी तत्वों में जरा भी परिवर्तन से कीमतें आसमान छूने लगती हैं। इससे सीपीआई मुद्रास्फीति और बढ़ती है। जुलाई, 2023 में खाद्य मुद्रास्फीति 11.8 प्रतिशत थी जिससे सीपीआई मुद्रास्फीति 7.4 प्रतिशत बढ़ी। अक्टूबर 2023 में खाद्य मुद्रास्फीति के 6.6 प्रतिशत आने के कारण सीपीआई मुद्रास्फीति 4.8 प्रतिशत पर आ गई। वर्तमान वित्त वर्ष की शुरुआत में खाद्य मुद्रास्फीति लगभग 8 प्रतिशत पर पहुंच गई और जून 2024 में यह और ऊपर चढ़ कर 9.4 प्रतिशत पर पहुंच गई। जब तक मूलतः सप्लाई पक्ष से प्रभावित होने वाले खाद्य पदार्थों की कीमतें सीपीआई में बनी रहेंगे, तब तक मुद्रास्फीति हमेशा समस्या बनी रहेगी। ऐसे में इसे बाहर करने तथा बेंचमार्क ब्याज दरें तय करने की आवश्यकता है। मुख्य आर्थिक सलाहकार-सीईए ने यह विचार 2023-24 के आर्थिक सर्वेक्षण में रखा था।

सीईए का तर्क था कि मौद्रिक नीति का खाद्य पदार्थों की कीमतों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है जो सप्लाई पक्ष में पड़ने वाले दबावों से निर्धारित होते हैं। उदाहरण के लिए, 2021-22 में असाधारण उच्च तापमान से गेंहूं की उपज प्रभावित हुई थी। 2022-23 में बरसात और ओलावृष्टि से फसल प्रभावित हुई थी। इसी प्रकार 2023-24 की पहली छमाही में खाद्य मुद्रास्फीति मौसमी कारणों से सब्जियों की कीमतों में वृद्धि से प्रभावित हुई। खाद्य पदार्थों में वर्तमान मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति का संबंध भी केवल सप्लाई पक्ष में पड़ने वाले दबावों से है। ऐसे में आरबीआई नीतिगत ब्याज दरें उच्च स्तर पर रख कर ज्यादा कुछ हासिल नहीं कर सकता है।

भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई को आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में व्यक्त विचारों पर आगे बढ़ना चाहिए। इसके साथ ही उसे उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-सीपीआई में खाद्य पदार्थों का भार घटाने पर भी विचार करना चाहिए ताकि सीपीआई समकालीन यथार्थ को अभिव्यक्त कर सके। सीपीआई में खाद्य वस्तुओं का वर्तमान स्थान 2011-12 के उपभोक्ता खर्च सर्वेक्षण-सीईएस के आधार पर है। जबकि 2022-23 के सीईएस से मिले समकालीन आंकड़ों के अनुसार अब उपभोक्ताओं का खाद्य वस्तुओं पर होने वाला खर्च तुलनात्मक रूप से घटता जा रहा है। अपनी मौद्रिक नीति तय करने के समय आरबीआई की प्रमुख जिम्मेदारी मैक्रो-आर्थिक स्थायित्व सुनिश्चित करना है तथा उसे मुद्रास्फीति को तार्किक सीमा में रखना है। लेकिन आर्थिक वृद्धि को सहायता देने के दृष्टिकोण से ब्याज दरें ऊंची रखने का नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।



# रामलीला का बदलता स्वरूप

> जैसे-जैसे पारंपरिक मूल्य धुंधले होते जा रहे हैं, रामलीला की सांस्कृतिक विरासत के क्षरण को लेकर चिंताएं बढ़ती जा रही हैं।



**विनोद तकियावाला**
(लेखक, स्वतंत्र पत्रकार हैं)

राजधानी दिल्ली के निवासियों और रामलीलाओं के बीच का संबंध एक गहरी परंपरा है, जिसमें ऐतिहासिक रामलीला मैदान इस सांस्कृतिक बंधन का जीवंत प्रमाण है। इस स्थल से जुड़ी कहानियां आज भी साझा की जाती हैं। रामलीला प्रदर्शनों के दौरान, दिल्ली और एनसीआर का माहौल जय श्री राम और हर हर महादेव के नारों से गूंज उठता है। शाम ढलते ही परिवार उत्सव में भाग लेने के लिए उत्सुकता से निकल पड़ते हैं। मुझे भी इनमें से कुछ प्रदर्शन देखने का अवसर मिला। हालाँकि, मुझे निराशा हुई कि राम की कहानी का चित्रण अक्सर विकृत दिखाई देता था, संवाद कर्कश लगते थे और प्रदर्शन में कोरियोग्राफी की कमी थी। ऐसा लगता था कि निर्देशक और पटकथा लेखक की तरह अभिनेताओं को भी मूल रामायण से बहुत कम परिचय था।

मैंने अपने बचपन के दिनों में जो रामलीला देखी थी, वह एक व्यावसायिक आयोजन में बदल गई है, जिसमें इस वार्षिक उत्सव के धार्मिक और सांस्कृतिक सार के लिए बहुत कम सम्मान है। यह रामायण की शिक्षाओं की खोज से ज्यादा एक मनोरंजन का तमाशा बन गया है। कुछ लोगों के लिए यह मुनाफ़ा कमाने का ज़रिया है, जबकि दूसरे इसे अपने निजी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में इस्तेमाल करते हैं। राजधानी में, समारोहों में - जिसमें रामलीला का मंचन और रावण के पुतले को जलाने की रस्म शामिल है - अक्सर राजनेताओं और व्यापारियों जैसे प्रमुख लोगों को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल किया जाता है। अक्सर ऐसा लगता है कि रामलीला का मंचन उनके सम्मान में किया जा रहा है, क्योंकि मंच से उनकी महानता और



महत्व की प्रशंसा की जाती है।

फिर भी, मैं यह सोचने से खुद को रोक नहीं पाया कि क्या उनमें से किसी ने वास्तव में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के गुणों को अपनाया है। चाहे मंत्री हों, राजनीतिक नेता हों, समाजसेवी हों या आधिकारिक पदों पर बैठे अन्य प्रतिष्ठित व्यक्ति हों, मुझे कोई भी राम की तुलना के योग्य नहीं लगा। मैं खुद से पूछता रहा, क्या उनमें से कोई ऐसा है जो वास्तव में राम को समझता हो या उनके आदर्शों को कायम रखता हो? इसके अलावा, रामलीलाओं का प्रबंधन कई चिंताएँ पैदा करता है। आयोजन स्थलों के बाहर अव्यवस्थित पार्किंग से लेकर अस्थायी सीमाओं पर लगे विशाल विज्ञापनों तक, व्यवस्थाएँ बहुत कुछ अपेक्षित नहीं हैं। उच्च पदस्थ अधिकारियों, दिल्ली पुलिस और व्यापारियों की अपने परिवारों के साथ मौजूदगी अक्सर आम लोगों के अनुभव को प्रभावित करती है। आयोजकों को सरकारी सहायता से सार्वजनिक स्थानों तक पहुँच प्रदान की जाती है, जिसमें सब्सिडी वाली बिजली, पानी, सुरक्षा और अन्य सुविधाएँ शामिल हैं। इसके बावजूद, रामलीलाओं के मंचन के लिए दान के माध्यम से पर्याप्त धन एकत्र किया जाता है, हालाँकि इन वित्तों का कोई स्पष्ट लेखा-जोखा या ऑडिट नहीं होता है। केवल भगवान ही जानता है कि पैसा कहाँ जाता है।

दिल्ली में एक रामलीला में, आयोजकों ने अपने लिए शानदार सेटिंग बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी, जबकि आगंतुकों के पास बहुत कम या कोई सुविधा नहीं थी। भगवान राम की एक मूर्ति खुले मैदान में रखी गई थी, और अन्य हिंदू देवताओं की मूर्तियों को लापरवाही से जमीन पर रखा गया था। इस बीच, आयोजकों और उनके करीबी लोगों ने भोजन, फोटोशूट और निजी प्रचार के लिए विशेष व्यवस्था के साथ भव्य टेंट में शानदार सुविधाओं का आनंद लिया। प्रदर्शन का आनंद लेने के लिए अपने परिवारों के साथ आए आम आगंतुकों को अक्सर प्रवेश पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। अंदर जाने पर उन्हें आयोजकों के मेहमानों की सेवा के लिए नियुक्त निजी सुरक्षा गार्ड मिले, जो कभी-कभी आम लोगों के साथ बुरा व्यवहार करते थे।

रामलीला अब मुख्य आकर्षण और पैसे कमाने का अवसर बन गई है, जिसमें इसे देखने आने वाले लोगों के बारे में कोई खास ध्यान नहीं दिया जाता। पूरा आयोजन अव्यवस्थित होता है, और कोई भी यही उम्मीद कर सकता है कि यह बिना किसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना के समाप्त हो जाए। ऐसा लगता है कि इन आयोजनों को आयोजित करने वालों के दिमाग में राम के आदर्श आखिरी चीज हैं। धन और पद के तमाशे ने रामलीला के सार को ढक दिया है। यहां तक कि राम की कहानी भी विकृत है, और संवाद अजीब हैं - लेकिन आधुनिक समय की रामलीला की यही सच्चाई है।

## आप की बात

### बहराइच में बवाल

**बहराइच** में एक युवक की मृत्यु और उसके बाद हुए बवाल में पूरा शहर छावनी में तब्दील कर दिया गया तथा इंटरनेट पर रोक लगाई गई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने फौरन गृह सचिव व एडीजी को हेलीकाप्टर से मौके पर भेजा तथा अनेक आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। देश के अनेक राज्यों में भी ऐसी घटनायें सामने आई है जहां पर मूर्ति विसर्जन या अन्य धार्मिक कार्यक्रम के समय कुछ असामाजिक तत्व सामाजिक सद्भावना व सामाजिक ताने-बाने को पूरी तरह बिखरेने का प्रयास करते हैं। इससे हर्षोल्लास का माहौल मातम में बदल जाता है। पत्थरबाजी की घटना इसमें आग में घी डालने का काम करती है। ऐसी घटनाओं से शासन-प्रशासन को सीख लेनी होगी तथा भविष्य के लिए रणनीति बनानी होगी। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि ऐसी घटनाओं का निहित स्वार्थी तत्व एक-दूसरे से बदला लेने या राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए करते हैं। इसे देखते हुए न केवल दंगाइयों, बल्कि उनके आकाओं के खिलाफ भी कठोरतम कार्रवाई करनी होगी। बहराइच में बवाल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि खराब करने के उद्देश्य से भी हुआ है जिनकी कानून-व्यवस्था के प्रति कठोरता पूरे देश में विख्यात है। उत्तर प्रदेश पुलिस जल्द ही सभी अपराधियों को सजा दिलाएगी।

**- वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार

**इस वर्ष** 3 अर्थशास्त्रियों-डारोन ऐसमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स ए. रॉबिन्सन को संयुक्त रुप से नोबल पुरस्कार दिया गया है। ये निश्चित रूप से बधाई के पात्र हैं। इनके शोध का विषय राष्ट्रों की सम्पति एवं लोकतंत्र के बीच संबंध को रेखांकित करने पर केन्द्रित है। उनके अनुसार, गरीबी का प्रमुख कारण तानाशाही है, मगर चीन, सऊदी अरब और रूस ने तानाशाही के बावजूद आर्थिक तरक्की की है। चीन तो दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। नोबेल विजेताओं ने जनता की समृद्धि में संस्थाओं की भूमिका पर भी गौर किया है। उन्होंने यूरोपीय उपनिवेशवादियों द्वारा अपने उपनिवेशों में स्थापित संस्थाओं की प्रकृति तथा उनके माध्यम से जनता के विकास और समृद्धि पर भी ध्यान दिया है। इन अर्थशास्त्रियों के अनुसार, कम आबादी वाले क्षेत्रों में उपनिवेशवादियों ने ऐसी संस्थाएँ शुरू कीं जो अधिकांश जनता की दीर्घकालिक समृद्धि को बढ़ावा देती थीं, जबकि घनी आबादी वाले क्षेत्रों में उन्होंने अधिकांश जनता की कीमत पर अभिजात वर्ग को लाभ पहुँचाने वाली संस्थायें बनाईं। नोबेल पुरस्कार सम्मानित अर्थशात्रियों की इन अवधारणाओं पर गंभीरता से विचार करने और उनके विश्लेषण की आवश्यकता है।

**- जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### बांग्लादेश में हिंदू-विरोध

**बांग्लादेश** में दुर्गा पूजा के पंडाल पर हमले और मंदिर से चोरी की खबरों ने एक बार फिर वहां अल्पसंख्यक हिंदूओं की सुरक्षा के मसले को केंद्र में ला दिया है। पाकिस्तान में भी हिंदुओं का लगभग पूरी तरह सफाया कर दिया गया है। हिंदू बहन-बेटियों का अपहरण कर उनसे जबरन शादी कर उनका धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा है। अब ऐसे ही हालात बांग्लादेश में नजर आ रहे हैं। बांग्लादेश सरकार अनेक दावों के बावजूद कट्टरपंथियों व इस्लामवादियों को शह दे रही है। इस कारण हिंदुओं तथा दुर्गा पूजा पंडालों पर हमला बोलने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। वहां अनेक स्थानों पर हिंदुओं से पैसा वसूलने के प्रयास हुए। कहा गया कि 5 लाख रुपए दो और पूजा करो। मदिरों से मुकुट व अन्य सामानों की चोरी करना, पूजा में विघ्न डालना और बम फेंकना उ साफदिखाता है कि वहां सब कुछ योजनाबद्ध तरीके से साजिश कर किया जा रहा है। हालांकि, बांग्लादेश के हिंदुओं ने एकजुटता प्रदर्शित कर अपनी शक्ति दिखाई। उन्होंने सरकार को मजबूर किया कि कई पंडालों व दुर्गा मूर्तियों की सुरक्षा के लिए सैनिक तैनात किए गए। लेकिन यह स्थिति अस्थाई है और बांग्लादेश के हिंदुओं को सारी दुनिया से समर्थन चाहिए।

**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### बुखार का प्रकोप

देश भर में भांति-भांति के लक्षणों के साथ बुखार का प्रकोप जनता को भारी परेशानी में डाल रहा है। कभी धूप, कभी पानी और कभी ठंडी हवा। रोज-रोज मौसम की अनिश्चितता के कारण इंदौर ही नहीं बल्कि देश भर में वायरल, मलेरिया, टायफाइड, डेंगू आदि मौसमी बीमारयां तेजी से बढ़ रही हैं। मच्छर-जनित इन बीमारयों से लोग परेशान हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के साथ ही स्थानीय प्रशासन को भी लोगों को मच्छरों से निजात दिलाने हेतु दवाइयों का छिड़काव करवाना चाहिए। प्रशासन के साथ ही लोगों को भी साफ़-सफाई पर ध्यान देने के साथ ही मच्छरों से बचाव के उपाय करने चाहिए। स्वास्थ्य विभाग तथा स्थानीय सरकारों को भांति-भांति के बुखारों के बारे में जन-जागरूकता फैलाने की भी जरूरत है। हाथ-पैरों में दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी तथा अंगों के नीले या काले पड़ने जैसे लक्षणों से लोगों में भय व्याप्त है। कुछ लोग इसे नए प्रकार के कोरोना का हमला बता रहे हैं। जनता को इन भ्रांतियों से बाहर लाने का प्रयास भी डाक्टरों को करना चाहिए।

**-शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# बेमेतरा जिला आंदोलन मय, पथर्रा में एथेनॉल प्लांट का विरोध नांदघाट में कॉलेज को हटाने का विरोध बेमेतरा में मंदिर की भूमि रजिस्ट्री का विरोध



## कृषि प्रधान जिले में आंदोलन की शुरुआत एथेनॉल प्लांट और स्टील कारखाना के विरोध से शुरू हुआ

क्योंकि इस जिले में प्रदेश के सबसे अधिक एथेनॉल प्लांट लगाने की चर्चा है और उससे अधिक चर्चा इस बात को लेकर भी हो रहा है कि जिले के नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र और बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में ही यह एथेनॉल प्लांट या स्टील प्लांट लगाने वाली है इस बात को लेकर लोगों में सबसे ज्यादा आक्रोश है कि बेमेतरा जिले में में तीन-तीन विधानसभा है लेकिन नवागढ़ एवं बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में ही क्यों लग रहा है साजा क्षेत्र में ऐसे प्लांट क्यों नहीं लगाया जा रहा है यदि एथेनॉल प्लांट या स्टील कारखाना अच्छा है तो साजा विधानसभा क्षेत्र में भी लगना चाहिए लेकिन एक भी गांव में नहीं लग रहा है वैसे तो एथेनॉल और स्टील प्लांट का विरोध क्षेत्रीय नागरिकों ग्रामीणों के द्वारा किया जा रहा है। ग्राम पथर्रा में बीते 23 दिन से करीब 40-50गांव के ग्रामीण एथेनॉल प्लांट और सरदा में स्टील कारखाना बंदी को लेकर लगातार विरोध धरना प्रदर्शन किया जा रहा है जिसका अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं हो पा रहा है जिससे यह आंदोलन अनिश्चितकालीन चलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता यह वैसे कलेक्टर के द्वारा ग्रामीण आंदोलन के मांग पर 28 दिन के अंदर जांच प्रतिवेदन देने की बात कही गई है लेकिन सबसे बड़ी मुख्य बात यह है की जांच प्रतिवेदन आने के बाद क्या सरकार इस प्लांट को बंद कर आएगी यह भी आजकल यह चर्चा का विषय बन गया है बहर हाल अभी तक इस पर किसी तरह से अभी चर्चा करना जल्दबाजी होगी।

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिला इन दिनों आंदोलन मय हो गया है कृषि प्रधान जिला में कुछ दिनों में धान की फसल काटने का दिन है ऐसी स्थिति में क्षेत्र के 40--50 गांव के लोग फसल की चिंता करने के बजाय भविष्य में आने वाले परेशानी को ध्यान में रखते हुए खेती के बजाय एथेनॉल प्लांट और स्टील प्लांट का विरोध करना उचित समझा यही कारण है कि जिले के पथर्रा क्षेत्र के लोगों के द्वारा इन दिनों केवल एथेनॉल प्लांट और स्टील कारखाना का ही विरोध में ही अपना दिन गुजारने में मजबूर हैं जहां पर फसल के बारे में कम बात करते हैं और एथेनॉल प्लांट और स्टील प्लांट को लेकर आक्रोशित दिखाई दे रहे हैं। तो दूसरी तरफ युवा भारत के भावी विधाता इन दिनों अध्ययन अध्यापन के कार्य छोड़कर आंदोलन करने पर मजबूर हैं क्योंकि उनके महाविद्यालय को नांदघाट तहसील मुख्यालय से हटकर दूसरे जगह ले जाया जा रहा है यह महाविद्यालय पिछले साल ही खुला था जब यह महाविद्यालय खुला तब इसको इस स्थान पर खोलने के बजाय जिस स्थान पर वर्तमान में ले जाने की बात किया जा रहा है उसे उस समय भी वहां पर स्थापित किया जा सकता था किंतु जब एक बार एक स्थान पर महाविद्यालय की स्थापना कर दी गई है तो उसे दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने की औचित्य लोगों की समझ में नहीं आ रहा है बस इतनी से बात है ,यदि महाविद्यालय दूसरे स्थान पर खोलने की आवश्यकता है तो इस महाविद्यालय को यहीं पर रखकर जिस स्थान पर महाविद्यालय को ले जाया जा रहा है वहां पर एक नया महाविद्यालय भी खोला जा सकता है यह कोई बहुत बड़ी बात नहीं है क्योंकि यहां के वर्तमान विधायक कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल का क्षेत्र है इसलिए एक और महाविद्यालय की स्थापना भी किया जा सकता है और एक तीसरा मामला बेमेतरा जिला मुख्यालय में इन दिनों आंदोलन का कारण बना हुआ है मामला दूसरे जगह ग्रामीण क्षेत्र का है लेकिन इस मामले में भारतीय जनता पार्टी के सदस्य जुड़े होने तथा राम मंदिर की भूमि होने के कारण इस मामले को जिला मुख्यालय में कांग्रेस के द्वारा विरोध प्रदर्शन कर अपने विरोध व्यक्त किया जा रहा है और इन तीनों मामलों में विशेष बात यह है कि वर्तमान सरकार की लोगों की कोई भी भूमिका नजर नहीं आ रही है इससे इसका दुष्परिणाम क्या नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव में सत्ता पक्ष को कितना प्रभाव पड़ेगा यह भी एक लोगों के बीच में चर्चा का चिंतन का विषय बनता जा रहा है।

## नांदघाट से कॉलेज को हटाने को लेकर छात्र कर रहे हैं विरोध


बेमेतरा जिला के नांदघाट तहसील मुख्यालय में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना बीते साल किया गया था जो वर्तमान में मारो विधानसभा नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है जहां के विधायक वर्तमान में कैबिनेट मंत्री हैं यहां पर अचानक इस साल नांदघाट में स्थित शासकीय महाविद्यालय को ग्राम अमोरा में स्थानांतरित करने की चर्चा जोर-जोर से है इस बात की भनक लगते ही नांदघाट क्षेत्र के युवा छात्र साथी सहित ग्रामीणों के द्वारा विरोध शुरू कर दिया गया इसके अंतर्गत नांदघाट को भी पूर्णतः बंद करके वहां के नागरिकों व्यापारियों ने भी अपना खुलकर समर्थन दिया लेकिन इस पर भी शासन जनता को संतुष्ट नहीं कर पाई है फलस्वरूप भविष्य में आंदोलन का रूपरेखा क्या होगा और शासन की मंशा क्या है इसके बारे में अधिकृत रूप से कोई जानकारी नहीं मिल पाया है लेकिन यह तय है यदि नांदघाट के महाविद्यालय को दूसरे जगह ले जाते हैं तो निश्चित तौर पर जो क्षेत्र के लोग न केवल विरोध करेंगे बल्कि इसको आंदोलन का रूप भी दे सकते हैं इसलिए शासन प्रशासन को नांदघाट से महाविद्यालय को हटाने के पहले गंभीरता से चिंतन मनन करना की जरूरत है।

## राम मंदिर की भूमि की रजिस्ट्री को शून्य करने की मांग को लेकर चल रहा है आंदोलन

इन दोनों आंदोलन के अलावा एक नया आंदोलन भी चल रहा है दोनों आंदोलन गैर राजनीतिक है उसमें सभी वर्ग एवं समाज तथा राजनीतिक दल के लोग हैं लेकिन बेमेतरा जिला मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी के द्वारा राम मंदिर ग्राम मजगांव में स्थित एक राम जी मूर्ति मंदिर के जमीन को एक भाजपा नेता के द्वारा खरीदी करने के विरोध आंदोलन जारी रहा इस संबंध में कांग्रेस के द्वारा मांग किया जा रहा है कि राम मंदिर के भूमि की रजिस्ट्री को शून्य किया जाए संबंधित क्रेता-विक्रेता के साथ अधिकारी का भी के खिलाफ भी कार्रवाई हो इसमें मामले में बेमेतरा कलेक्टर द्वारा तत्कालीन भले ही दो पटवारी को निलंबित किया गया है लेकिन इस मामले में जिला प्रशासन अभी तक राजनीतिक दल कांग्रेस के मंशा के अनुरूप काम नहीं कर पाया है जिसके चलते इन दिनों बेमेतरा जिला मुख्यालय में भी आंदोलन चल रहा है जिसमें साधु संत भी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं समय रहते इस मामले का पटाक्षेप शीघ्र नहीं हुआ तो आने वाले समय में और भी विस्तार होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता ।

# विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर प्रतीक ने दिलाया बच्चों को संकल्प

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो विकासखंड साजा की विज्ञान एवं नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए चित्रकला एवं लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें बच्चों ने बहुत बढ़ चढ़कर भाग लिया और बहुत सुंदर तरीके से अपनी भावनाओं को व्यक्त किए। नवाचारी शिक्षिका ने बच्चों को विश्व खाद्य दिवस के संदर्भ में बहुत ही सारगर्भित बातें बताई तथा भोजन के महत्व को स्पष्ट करते हुए बच्चों को अपनी थाली में जूठन न छोड़ने एवं आवश्यकता अनुसार ही अपनी थाली में भोजन लेने की अपील की। उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने बताया कि विश्व खाद्य दिवस का उद्देश्य दुनियां भर में सभी के लिए पौष्टिक भोजन सुनिश्चित करना, भुखमरी को समाप्त करना तथा भूख और कुपोषण से निपटना है।कोविड -19 के कारण किसानों एवं श्रमिकों को खाद्य प्रणाली में समर्थन देने की आवश्यकता है ताकि भारत समेत दुनियां के देशों में कुपोषण के बढ़ते मामलों को रोका जा सके। वैश्विक सूची में भारत दक्षिण एशियाई देशों में से सिर्फ़ अफगानिस्तान से बेहतर है। जो कि एक गंभीर समस्या का विषय है। इसके महत्व को स्पष्ट करते हुए नवाचारी शिक्षिका ने बताया कि वर्तमान में कुपोषण एवं भुखमरी की समस्या एक बहुत बड़ी समस्या है। जिसका मुख्य कारण भोजन की बर्बादी है और इसे रोकना तथा इस पर कार्य करना नितान्त आवश्यक है। नवाचारी शिक्षिका ने भोजन की बर्बादी को रोकने के लिए सभी से अपील की है ताकि जरूरतमंद एवं भूखे लोगो भी कम से कम दो वक्त का भोजन मिल सके। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक किशुन राम साहू, कनक लता सरसुधे, अवध राम वर्मा उपस्थित थे। सभी बच्चे इस संकल्प के साथ प्रतिबद्ध हुए।

**उतना ही लें थाली में।**
**व्यर्थ ना जाए नाली में।।**

# आस्था अग्रवाल ने कन्या स्कूल देवकर में दिया नेवता भोज



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना न्योता भोज के अंतर्गत शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में 16अक्टूबर दिन बुधवार को न्योता भोज का आयोजन युगान्तर अग्रवाल एवं मंजू अग्रवाल की सुपुत्री आस्था अग्रवाल द्वारा दिया गया। आस्था ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर बच्चों को खीर पूड़ी और केक खिलाया। साथ ही बच्चों को कापी वितरित किया। बच्चों ने उनके जन्म दिवस पर अपने अध्यापन कक्षाओ क़ी सजावट कर आरती और तिलक कर आस्था को पूरे शाला परिवार क़ी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित किया। साथ ही शाला परिवार क़ी ओर से आस्था को उपहार प्रदान किया गया। साथ ही उपस्थित समाज की महिलाओं द्वारा बच्चो को विभिन्न प्रकार की गतिविधि कराई गई। बच्चों द्वारा गणित का जादू दिखाया गया। उक्त कार्यक्रम में तारणी अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, शिप्रा गुप्ता, रजनी गुप्ता उपस्थित रहे। प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल ने शासन की योजना न्योता भोजन के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही उक्त योजना में अधिक से अधिक समाज के आगे आने की अपील की गई।

# 59 वें जन्मदिन पर कंडरका के प्राचार्य ने 59 दीप प्रज्वलित कर 59 बेशकीमती पेड़ लगाये

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

अपने 59वें जन्मदिन पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंडरका के प्राचार्य राजेन्द्र झा ने लोगों के समक्ष 59 स्वास्तिक चिन्ह में दीप जलाकर एवं 59 बेशकीमती पेड़ लगाकर एक नया संदेश दिया। 59 दीप जलाकर विद्यार्थियों को, शिक्षक शिक्षिकाओं को तथा समाज को एक नया संदेश दिया। शिक्षक के बारे में कहा जाता है कि वह स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाशित करता है। ठीक उसी प्रकार बच्चे भी पढ़ाई के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने भविष्य के साथ साथ माता-पिता, गुरुजनों, विद्यालय एवं ग्राम का रोशन करें। दूसरी ओर 59 कीमती पेड़ लगाकर हरियाली एवं पर्यावरण शुद्धता का भी संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि दिन प्रतिदिन बढ़ रही प्रदूषण की समस्या को अत्यधिक पेड़



लगाकर ही दूर किया जा सकता है। हरियाली इस वसुंधरा की आभूषण है। हम जितने अधिक पेड़ लगायेंगे, उतने ही हम भूमि की क्षरण को रोक पायेगें। आज शहर के साथ साथ गाँवों में भी वृक्षों का अभाव हो गया। गांवो में अब आम का बगीचा और अमरूद का बगीचा कहीं नजर नहीं आता। हम सभी को मिलकर और एक दूसरे का सहयोग करते हुए लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित और जागरूक करना चाहिए। प्राचार्य राजेंद्र झा ने औषधीय पौधों चंदन, रक्तचंदन, रुद्राक्ष आदि का रोपण करके लोगों को स्वास्थ्य, शरीर एवं निरोगी काया का संदेश दिया। ग्राम प्रमुख सरपंच यशोदा गोपीचंद निषाद ने प्राचार्य के इस अनुकरणीय पहल की खूब प्रशंसा की। प्राचार्य राजेंद्र झा का यह अनुकरणीय कार्य हमारे गाँव के लिए गौरव है। इस बंजर जमीन पर विद्यालय बनने के पहले एक भी पेड़ नहीं था, इस बंजर भूमि को प्राचार्य झा ने हरितिमा युक्त बना दिया। विद्यालय की नवाचारी शिक्षिका केवरा सेन ने भी प्राचार्य के इस पुनीत काय की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएँ एवं उनके अनुकरणीय कार्य के लिए बधाई दिये। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से बधाई एवं शुभकामना दिये। सभी को स्वल्पाहार एवं ऑगनबाड़ी में नौनिहालों के लिए न्योता भोज का कार्यक्रम रखा था। इस अवसर पर शैलेन्द्री यदु, राहुल यदु, गोपीचंद निषाद, प्रहलाद कुमार टिकरिहा, रविशंकर सेन, चेतन साहू, डॉ दीपक साहू, मनीषा कुलकर्णी, पुष्पांजलि दीवान, तुलसी टंडन, राजेश्वरी सोनी, सरस्वती साहू, पुष्पा नायक, भीमलता वर्मा, प्रियंका, दुष्यंत परगनिहा, नीलकंठ साहू, मेघराज तरार, रमेश वर्मा, विजय वर्मा, डी पी चन्देश्वर, बी पी साहू, भूपेन्द्र परगनिहा, धनसाय निषाद, संतोषी निषाद, रामकिशुन महिलांगे, के डी दीवान, उमेश नायक, दीपक निषाद, खोमलाल साहू, ईश्वरी साहू, ललित परगनिहा, राजेश चन्द्रवंशी, राजेश्वर राजा सभी शाला परिवार के साथ साथ संकुल परिवार ने भी प्राचार्य के उज्जवल भविष्य की कामना व्यक्त किये।

# भारतवर्ष के इतिहास में यदुवंशियों का योगदान अविस्मरणीय : ललित चंद्राकर

## श्री राधा कृष्ण मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम खोपली में सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com





दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खोपली में कोसरिया यादव समाज खोपली द्वारा आयोजित मंदिर लोकार्पण एवं राधा कृष्ण मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। उन्होंने मंदिर का लोकार्पण किया और भगवान श्री राधा कृष्ण जी की पूजा अर्चनाकर प्रदेशवासियों सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर कोसरिया यादव समाज की ओर से पारंपरिक वेश भूषा,राउत नाचा के साथ भव्य शोभा यात्रा कलस, यात्रा निकाला गया जो पूरे ग्राम का भ्रमण कर किया गया ,वैदिक मंत्रोच्चारण , महायज्ञ के साथ राधा कृष्ण की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### समाज की बिटिया व मातृ शक्ति की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने कहा भारतवर्ष के इतिहास में यदुवंशियों का अविस्मरणीय योगदान है भगवान श्री कृष्ण के वंशज यदुवंशियों एवं ग्राम वासियों ने राधा कृष्ण मंदिर के स्थापना के यह एक नेक कार्य है इसकी जितनी सराहना कीजिए वह काम है यादव समाज अपनी पुरातन संस्कृति को संयोजे हुए हैं, आज मंदिर के निर्माण से गांव में भक्ति भाव माहौल पैदा होंगे।भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की । इस अवसर पर प्रमुख रूप से यादव समाज अध्यक्ष मंतराम यादव अध्यक्ष दानेश्वर यादव, जिला अध्यक्ष हरीश यादव ,उपाध्याय टीकेश्वर यादव, सचिव नरेंद्र यादव हितेश यादव पवन यादव, सुमेश यादव भावेश यादव राजू यादव रेमन यादव, महिला संगठन अध्यक्ष जागेश्वर यादव राणु यादव, सोहद्रा यादव, लोकनाथ यादव शंकर यादव, रामाधीन यादव, मन्नू यादव जगतु यादव, ग्राम पंचायत सरपंच मंजूफत्ते लाल वर्मा, उदय मंडल अध्यक्ष पन्ने लाल वर्मा, जनपद सदस्य डोमन लाल भारती उपसरपंच सुमन साहू सचिव पुरानी साहू उतई मंडल महामंत्री सोनू राजपूत,कोडिया यादव समाज अध्यक्ष बरातु यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यद्धु,राजू साहू सुभम वर्मा, मंगती बाई यादव ,लोकेश्वरी यादव,युवा अध्यक्ष कोमल यादव तारामाती यादव ,महिला अध्यक्ष ओमबाई यादव, घनश्याम चंद्राकर, लक्ष्मी बंजारे बिंदा सपहा, टिकेश्वरी साहू ,सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी सहित समाज गंगा के लोग उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री सड़क में गुणवत्ता दरकिनार समय से पहले हो सकता है सड़क खराब

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा आदिवासियों को मुख्य धारा से जोड़ते हुए सभी बसाहट तक पक्की सड़कों का निर्माण किया जा रहा है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियो के द्वारा नियमित निरीक्षण नही करते हुए ठेकेदारों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंचाया जा रहा है जो अनुचित हैं। सड़क निर्माण में मुरूम की जगह मिट्टी तो डाला ही जा रहा है लेकिन सीमेंट कार्य में रेत के स्थान पर गिट्टी मे चुरा को मिलाया जा रहा है जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा हो रहा है।



## अधिकारी ठेकेदार को पहुंचा रहे हैं लाभ

प्रधानमंत्री सड़क निर्माण कार्य पर लगे हुए ज़िम्मेदार अधिकारियो के द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण नहीं करने के कारण ठेकेदार और उसके कर्मचारियों , मजदूरों के द्वारा घटिया किस्म के सामग्रियों का उपयोग सड़क निर्माण कार्य में कर रहे हैं। अधिकारी घर बैठे कार्यों का मूल्यांकन करते हैं। यदि कार्य स्थल पर मौजूद रहते तो सड़क की कटाव को रोकने के लिए बनाया जा रहा वाल में दस्त की जगह रेत का उपयोग होता।

## बोड़ला विकासखंड में स्थिति ज्यादा खराब

कबीरधाम जिले के बोड़ला और पंडरिया विकासखंड में बैगा समुदाय की बहुलता है जिसके चलते दोनों विकासखंड में जनमन योजना अन्तर्गत सड़को की जाल फैला रहा है । पंडरिया विकासखंड में स्थानीय नदी नाले का रेत उपयोग किया जा रहा है लेकिन बोडला में तो गिट्टी का डसत को मिलाया जा रहा है। ग्राम पंचायत केसमर्दा से वोदई की ओर जनमन योजना अन्तर्गत सड़क बनाया जा रहा है जिसके कटाव रोकने के लिए वाल निर्माण किया जा रहा है जिसमें हल्की किस्म का सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।

# सेलूद में हुआ विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद स्पर्धा का शुभारंभ



**उतई।** स्वामी आत्मानंद स्कूल सेलूद के मैदान में बुधवार को विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा मध्य पाटन मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, सरपंच खेमीन साहू,प्राचार्य एन पी देशकर, एम.बी.बंजारे, रमेश देवांगन,कृष्णकुमार साहू,सीता बंछोर सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। अतिथियों ने कहा कि खेल किसी व्यक्ति के समग्र विकास और विकास के लिए आवश्यक हैं। यह हमारे जीवन में हमारी मदद करता है और हमारी दैनिक दिनचर्या में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हमारे शरीर को स्वस्थ और मजबूत रखने में बेहद मददगार हैं। खेल के माध्यम से आप सब अपने भविष्य को उज्वल कर रहे है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र है। मंच संचालन संतोष यादव व आभार प्रदर्शन विकासखंड ीडा अधिकारी शकीला देवदास ने किया। मौके पर मुख्य रूप से पोखन साहू, जयंत वर्मा, निशा सोनी, नरेश साहू, बालाराम साहू, संजय निषाद, सुलेन साहू, टिकेश साहू, ललित साहू, जयश्री बेंद्रे, उषा श्रृरंगे सहित अन्य उपस्थित थे।'

# सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु कलेक्टर ने प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। चन्द्रवाल राजस्व, पुलिस, परिवहन, राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य सभी संबंधित विभागों को समन्वित प्रयास कर जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु प्रभावी एवं पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा। चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु की जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, एडीशनल एसपी अशोक जोशी, संयुक्त कलेक्टर डी आर ठाकुर एवं पूजा बंसल सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा जिला परिवहन अधिकारी प्रकाश रावटे एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिले मे सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु किए जा रहे प्रयासों के अंतर्गत सड़कों में विचरण करने वाले घूमन्तु मवेशियों की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों द्वारा इस संबंध में की जा रही कार्रवाई की भी समीक्षा की। उन्होंने गुरूर विकासखण्ड के ग्राम मरकाटोला से गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 की मरम्मत एवं उस स्थान पर रात्रि में प्रकाश आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को बालोद शहर के दल्लीराजहरा चैक में भी यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उपाय सुनिश्चित करने को कहा। चन्द्रवाल ने कार्यापालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को मार्ग में संकेतक आदि लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को दुर्घटना होने के पश्चात् प्रभावित लोगों के तत्काल मदद पहुँचाने के लिए भी पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में एडीशनल एसपी अशोक जोशी ने जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु चलाए जा रहे विभिन्न जागरूकता अभियानों के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत जिले के स्कूलों एवं महाविद्यालयों तथा अन्य आवश्यक स्थानों पर नियमित रूप से जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सड़क दुर्घटना से बचाव के उपायों के संबंध में जानकारी दी।

# रिसाली में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 5 से



**उतई।** दशहरा मैदान रिसाली में 5 नवंबर से 11 नवम्बर तक दोपहर 3 बजे से सन्ध्या 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं रसमय संकीर्तन का आयोजन किया गया है। जिसमें कथा वाचक गोपिकेश्वरी देवी वृन्दावन धाम होगी। पहले दिन 5 नवंबर दिन मंगलवार को वेदीपूजन, गौरणकथा, कथा महात्म्य होगी, 6 नवम्बर दिन बुधवार को परिक्षित जन्म, शुकदेव आगमन, वाराह अवतार की कथा, 7 नवम्बर दिन गुरूवार को सती प्रसंग, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत कथा, 8 नवम्बर दिन शु वार को प्रहलाद चरित्र, वामन अवतार, श्री कृष्ण प्राकट्य महोत्सव की कथा, 9 नवम्बर दिन शनिवार को श्रीकृष्ण बाल लीला, ब्रम्हमोह, गिरिराज पूजन, 10 नवम्बर दिन रविवार को रास, महारास वर्णन, कंसवध, रुखमणी विवाह की कथा, अंतिम दिन 11 नवम्बर सोमवार को सुदामा चरित्र, तुलसी वर्षा, गीता पाठ, फूलों की होली, कथा विश्राम, हवन पूर्णाहुति, चढ़ौत्री का कार्यक्रम होगा।

# जिला कार्यालय में कार्यरत सभी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय में कार्यरत सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से अपना बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को कार्यालय में पहुँचने की निर्धारित अवधि सुबह 10 बजे एवं कार्यालय से प्रस्थान करते वक्त अनिवार्य रूप से अपना बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में संयुक्त कलेक्टर डी आर ठाकुर एवं पूजा बंसल सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि सभी शासकीय कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराकर शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का निर्धारित समयावधि में क्रियान्वयन कराने हेतु बायोमेट्रिक उपस्थिति की व्यवस्था शुरू की गई है। जिससे कि जनहित से जुड़े एवं आम जनता के कार्यो को समय-सीमा में पूरा किया जा सके। उन्होंने निर्धारित समयावधि में बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज नही कराने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में चन्द्रवाल ने मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने संयुक्त कलेक्टर डी आर ठाकुर को विभिन्न विभागों के द्वारा मुख्यमंत्री जनदर्शन एवं कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने समाज कल्याण विभाग के द्वारा जिले में नशामुक्ति अभियान के तहत चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों के संबंध में उपसंचालक समाज कल्याण विभाग से जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने गृह निर्माण मण्डल के अधिकारियों से राज्य परिवर्तित 'अटल विहार योजना' के अंतर्गत शासकीय भूमि आंबटन हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने श्रम विभाग के अंतर्गत निर्माण एवं असंगठित श्रमिकों के पंजीयन एवं योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु की जा रही कार्रवाई की भी समीक्षा की। बैठक में चन्द्रवाल ने समय-सीमा के अंतर्गत विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयावधि में इसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा।

# जागरूकता अभियान: स्कूलों में बच्चों को साइबर अपराध के प्रति पुलिस ने किया जागरूक, साइबर अपराध के प्रति जागरुकता में ही बचाव

पायनियर संवाददाता ✓ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

सक्ती पुलिस विभाग से मनीष कुंवर सक्ती एवं जैजैपुर के थाना प्रभारी जितेंद्र कोसले के टीम ने साइबर जागरुकता अभियान के सम्बंध में दिन मंगलवार को संस्कार स्कूल जैजैपुर में आगमन हुआ। संस्कार स्कूल की ओर से आये हुए अधिकारियो को पुष्प गुच्छ से स्वागत किये। स्वागत के बाद जिला-सक्ती के SDOP मनीष कुंवर जी ने उद्बोधन में कहा कि साइबर अपराधों को रोकने व साइबर क्राइम के प्रति आमजन छात्र/छात्राओं को सजग करने के लिए सक्ती पुलिस ने स्कूलों में विशेष साइबर जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत बच्चों को साइबर अपराध की जानकारी देकर उनको बचाव के तरीके बताए गए। SDOP मनीष कुंवर जी ने कहा कि जिला पुलिस की अलग-अलग टीमों ने स्कूल में इसी अपराध से जुड़ी जानकारी देकर युवाओं, शिक्षकों और आमजन को जागरूक किया जा रहा हैं। मनीष जी ने संस्कार स्कूल में विद्यार्थियों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया, ताकि वे किसी भी साइबर क्राइम का शिकार ना हो।




**अंजान को ना दे जानकारी-** मनीष कुवर ने बताया कि साइबर अपराध कई प्रकार के होते हैं जिसमें हैकर्स/धोखेबाज किस्म के अपराधी पीड़ितों की प्रतिष्ठा, वित्त, व्यवसाय आदि को प्रभावित करने वाले विभिन्न साधनों का उपयोग करते हैं। समय के साथ साइबर अपराधी साइबर क्राइम करने के तरीके बदल रहे हैं। उन्होंने बताया कि आपकी सहायता करने के लिए आपको यदि कोई बैंक, बिजली निगम, टेलीफोन एक्सचेंज, आयकर या किसी भी विभाग का कर्मचारी बताकर आपसे कोई जानकारी मांगता है तो आप उसे अपनी कोई भी जानकारी ना दें।

**साइबर ठग इंटरनेट मीडिया के जरिए भेजते हैं फ्रैं ड रिक्वेस्ट-**उन्होंने बताया कि साइबर ठगों के निशाने पर हर वह आदमी है, जो किसी भी डिजिटल माध्यम से जुड़ा है फिर चाहे वह फेसबुक,इंस्टाग्राम, इंटरनेट मीडिया हो या फिर इंटरनेट बैंकिंग। बदलते वक्त के साथ साइबर ठगों ने अपने पैंतरे भी बदले हैं। साइबर ठग इंटरनेट मीडिया के जरिए लोगों के पास किसी एप्लीकेशन के माध्यम से फ्रैंड रिक्वेस्ट भेजते हैं। वह उनसे दोस्ती करके धीरे-धीरे उनके बारे में समस्त जानकारियां जुटा लेते हैं। उसके बाद शातिर उनको ठगी का शिकार बनाते हैं। वो उनकी निजी फोटो/बैंक खातों से संबंधी जानकारी भी एकत्रित कर लेते हैं और अपने जाल में फंसाकर उनके खाते में जमा पूंजी को खाली कर देते हैं। ऐसे में विद्यार्थियों एवं आमजन को इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि वह अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट व बैंकिंग एप्स को सुरक्षित लॉक करके रखें तथा अपनी निजी जानकारी को किसी भी व्यक्ति से सांझा करने से बचें। आगे बताया कि रेलवे स्टेशन में मोबाइल अपने ही चार्जर से करें। किसी अनजान व्यक्ति के चार्जरसे अपना मोबाइल चार्ज न करें। क्योंकि आपके मोबाइल का सारा डाटा एकत्रित कर लेगा। फिर आप ठगी का शिकार हो सकते है। उन्होंने विद्यार्थियों को दो नम्बर बताये अगर आपके मोबाइल फारवर्ड होगा तो *#67# से डायल करने पर पता चल सकता हैं। या शिकायत 1930 में डायल करें। या नजदीक पुलिस थाना में जाकर अपना शिकायत करें। पुलिस आपको मदद करेंगे। अंत मे सभी बच्चों ने कहा कि आपके द्वारा बताये गये साइबर क्राइम हैंकर्स, ठगी आदि को अपने माता-पिता दोस्त रिश्तेदार,समाज गांव के आमलोगों को इसके बारे जानकारी शेयर करेंगे। ताकि समाज सुरक्षित रह सकेंगे। शपथ लिए की हम सुरक्षित तो देश व समाज सुरक्षित। साइबर जन जागरुकता अभियान कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल के संचालक के आर चन्द्रा, प्रिंसिपल मती आर साहनी, शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं समस्त छात्र/छात्राएं थे।

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह 19 को जैजैपुर में

पायनियर संवाददाता ✓ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

नगर युवा मंडल जयजयपुर द्वारा सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास के लिए अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन 19 अक्टूबर दिन शनिवार को रात्रि 8:00 बजे से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैजैपुर में रखा गया है। उक्त आयोजन में कवियों द्वारा कविता पाठ एवं ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा जिन्होंने इस वर्ष कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में 80त्र या इससे अधिक प्राप्त किए हैं। सम्मेलन में हास्य कवि दमदार बनारसी (बनारस) श्रृंगार कवित्री प्रियंका मिश्रा (कटनी) हास्य कवि अमित दुबे (झारसुगुड़ा) हास्य कवि हीरामणि वैष्णव (बालको) हास्य कवि बंशीधर मिश्रा (अकलतरा) ओज कवि ईश्वर साहू आरुग (बेमेतरा) एवं ईशान विद्युत (रायपुर) द्वारा काव्य पाठ किया जाएगा।




आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े , अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक बालेश्वर साहू करेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, जैजैपुर विधानसभा के पूर्व विधायक केशव प्रसाद चन्द्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोपी सिंह, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष कीर्तन चंद्रा, प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष मोहन कुमारी साहू, भारतीय स्टेट बैंक जैजैपुर के शाखा प्रबंधक रितेश सिन्हा, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मीना महेंद्र चंद्रा एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिलीप चंद्रा उपस्थित रहेंगे। नगर युवा मंडल जयजयपुर के सदस्यों ने नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील किया है।

# मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल राजू ने थामा भाजपा का दामन

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर में मारवाड़ी यूवा मंच शक्ति शाखा के पूर्व अध्यक्ष रहे एवं अग्रवाल समाज के युवा तुर्क राजकुमार अग्रवाल राजू ने 15 अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया, अवसर था भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा शक्ति नगर मंडल क्षेत्र में चल रहे सदस्यता अभियान का, जिसमें वार्ड क्रमांक-08 हटरी चौक के



सदस्यता अभियान के तहत भाजपा नगर मंडल शक्ति के महामंत्री गोविंद देवांगन ने राजकुमार अग्रवाल राजू को प्राथमिक सदस्यता दिलाकर उन्हें भाजपा प्रवेश कराया, तथा इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के काफी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे एवं राजकुमार अग्रवाल राजू ने भी कहा कि आज वे भारतीय जनता पार्टी में सदस्य बनकर गौरवानित महसूस कर रहे हैं,एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश में विष्णु देव के सुशासन की सरकार एवं केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार ने आज जो काम किए हैं उससे पूरा युवा वर्ग उत्साहित है, ज्ञात हो की राजकुमार अग्रवाल राजू अग्रवाल सभा शक्ति के भी सह सचिव हैं।

## घरेलू सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग, अन्नपूर्णा भोजनालय पर कलेक्टर ने लगाया दस हजार का जुर्माना

**रायगढ।** घरेलू सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग करते पाए जाने पर एक मामले में कलेक्टर कार्तिकिया गोयल ने 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को घरेलू सिलेण्डर के व्यवसायिक दुरूपयोग पर लगातार जांच व कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। रायगढ़ के अन्नपूर्णा भोजनालय एवं रेस्टोरेंट की जांच खाद्य विभाग के संयुक्त दल द्वारा किया गया। जिसमें यहां घरेलू उपयोग वाला लाल सिलेण्डर (भर्ती 14.2 किलो ग्राम)का उपयोग होटल के चूल्हे में करना पाया गया। इस संबंध में होटल संचालक को नोटिस दिया गया। प्रकरण में संलग्न प्रतिवेदन एवं दस्तावेजों के आधार पर होटल संचालक आनंद कुमार शर्मा द्वारा घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक दुरूपयोग किया जाना स्वीकार किया गया।

# दो ट्रेलर आपस में टकराये, लगी आग, एनएच 49 में दर्रामुडा के पास हुई घटना, मची अफरा-तफरी

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

दो ट्रेलर में अचानक आग लगने की घटना से अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। आगजनी की जानकारी मिलते ही जूटमिल पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंचकर करीब आधे घंटे के मशक्कत के बाद आगे पर काबू पाया जा सका। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जूटमिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दर्रामुडा गांव के पास स्थित गोयल फ्यूल के सामने मंगलवार की शाम 4 बजे के आसपास ओडिसा से कोयला लेकर आ रहे ट्रेलर क्रमांक ओडी 23 एन 8372 का चालक पानी भरने के लिये उतरा ही था कि इसी समय एक अन्य ट्रेलर क्रमांक ओडी 23 एन 7772 का चालक वहां पहुंचा और उस गाड़ी को रगड़ते



हुए पार हुआ। बताया जा रहा है कि इस घटना के बाद टायर में ब्लास्ट होते ही दोनों ही गाड़ियों में आग लग गई और धीरे-धीरे यह आग बढ़ते चली गई, जिसके बाद दोनों ही वाहन के चालक मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि दो ट्रेलर वाहनों में आगजनी की घटना के बाद फायर बिग्रेड की टीम के अलावा जूटमिल थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। जूटमिल थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज ने बताया कि एनएच 49 में दर्रामुडा गांव के पास कल शाम अनबैलेंस होकर दो ट्रैकों के द्वारा आपस में टकराने से आग लग जाने की खबर मिलते ही वे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका है।

# ड्यूरोप्लाई ने अपने प्रोडक्ट रेंज को ई0 उत्सर्जन मानदंडों के अनुरूप बनाया

एजेंसी ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत की प्रमुख और सबसे अनुभवी प्लाईवुड कंपनियों में से एक, ड्यूरोप्लाई ने अपने सभी उत्पादों को ई0 उत्सर्जन मानकों के अनुरूप बना लिया है। प्लाईवुड, ब्लॉकबोर्ड, दरवाजे और विनियर जैसे लकड़ी के उत्पाद बनाने में इस्तेमाल होने वाले चिपकने वाले पदार्थ (ग्लू) से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन हो सकता है। चूंकि ये उत्पाद घरों के अंदरूनी हिस्से को सुंदर बनाते हैं और पीढ़ियों तक चलते हैं, इसलिए इनसे निकलने वाली हानिकारक गैसें सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकती हैं। ई0 मानकों के आधार पर बने चिपकने वाले पदार्थों का उपयोग करने से ये उत्पाद बहुत कम हानिकारक गैसें छोड़ते हैं, जिससे घर के अंदर की हवा सुरक्षित रहती है और परिवार के सदस्यों की सेहत पर कोई बुरा असर नहीं होता। ड्यूरोप्लाई के प्रेसीडेंट मैन्युफैक्चरिंग, अभिषेक चितलांगिया ने कहा, भारत की अग्रणी और अनुभवी प्लाईवुड कंपनी होने के नाते, हम अपने ग्राहकों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। हम अपने उत्पादों में सबसे सुरक्षित चिपकने वाले पदार्थों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो वैश्विक मानकों के अनुरूप हैं। इससे बने घर के अंदरूनी हिस्से न सिर्फटिकाऊ होते हैं। बल्कि परिवार के लिए सुरक्षित भी होते हैं। एक जिम्मेदार कंपनी के रूप में, हम पर्यावरण के प्रति जागरूक हैं और अपने ग्राहकों और कारपेंटरों के लिए बेहतर जीवन और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। चितलांगिया ने आगे बताया, हमने ड्यूरोप्लाई के लिए दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित प्रमाणन कैलिफोर्निया एयर रिसोर्सेज बोर्ड से प्राप्त किया है।

# अमेजन.इन के 'फेस्टिव गिफ्टिंग स्टोर' के साथ त्योहारों की खुशियां बांटिए

**रायपुर।** त्योहारों में उपहार देना सिर्फ एक परंपरा नहीं, बल्कि उससे बढ़कर है यह उन लोगों के साथ खुशी, प्यार और उत्साह साझा करने का एक माध्यम है जो आपके दिल के बेहद करीब हैं। सही उपहार एक अमिट छाप छोड़ सकता है और किसी भी उत्सव के आनंद को दोगुना कर सकताहै। आप अपने खाने के शौकीन दोस्तों को उपहार देने के लिए स्वादिष्ट मीठे और नमकीन व्यंजनों की तलाश कर रहे हों या अपने प्रियजनों का दिन बेहतर बनाने के लिए शानदार उपहार हैम्पर्स की तलाश कर रहे हों, आपकी ये तमाम तलाश अमेजन.इन पर जाकर समाप्त हो जाती है। इस सीज़न में अमेजन.इन के 'फेस्टिव गिफ्टिंग स्टोर' जाकर अपने प्रियजनों के साथ जश्न मनाकर इस अवसर को ख़ास बनाकर उन्हें जताएं कि आप उनकी कितनी परवाह करते हैं। त्योहारों की शुरुआत करने के लिए अमेजन.इन के 'फेस्टिव गिफ्टिंग स्टोर'पर जाकर खरीदारी करें और 200 रुपये तक के कैशबैक के साथ फेस्टिव गिफ्टिंग पर 50% तक की छूट पाएं। सीज़न के सभी टॉप फेस्टिव सामान परकूपन सब्सक्रिप्शन के साथ अतिरिक्त 10त्र तक की छूट भी पा सकते हैं। फूल, 4700 बीसी, ईट बेटर को, गेंदा फूल, गो देसी जैसे प्रीमियम ब्रांड्स के विस्तृत रेंज पर ऑफर पाएं और अपने और अपने प्रियजनों के त्यौहारों को यादगार बनाएं। साथ ही, फेस्टिव गिफ्टिंग स्टोर के साथ, अपने सभी पसंदीदा उपहारों के लिएतेज़ और भरोसेमंद डिलीवरी का आनंद लें। सभी के लिए कुछ खास उपहार खोजने में आपकी मदद करने के लिए, हमने उपहारों की एक सूची तैयार की हैजो इस त्योहारी सीजन की भावना के अनुरुप हैं और त्योहारों को पहले से कहीं अधिक यादगार बनाएगी।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी जन सामान्य की समस्याएं

■ आवेदनों पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जन सामान्य के समस्याओं के निराकरण के लिए प्रति सप्ताह कलेक्टोरेट परिसर के सृजन सभाकक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में आज कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जनदर्शन के माध्यम से जिले भर से आए लोगों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर बुलाकर आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। मौके पर जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव, एडीएम संतन देवी जांगड़े सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। विकासखंड पुसौर के ग्राम तेलीपाली निवासी रूपबाई बंजारे स्कूल बस का परिवहन शुल्क माफ करने के संबंध में आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री कक्षा चैथी में आरटीई के तहत वैदिक इंटरनेशनल स्कूल रायगढ़ में अध्यनरत है। लेकिन उनके परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण वह अपनी पुत्री के परिवहन शुल्क चुकाने में असमर्थ है, इसलिए आगे की पढ़ाई गांव की ही स्कूल में करवाना चाहती है। उन्होंने कलेक्टर गोयल से परिवहन शुल्क माफ करवाकर पुत्री का स्थानांतरण प्रमाण प्रदान करवाने का निवेदन किया। कलेक्टर गोयल ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन पर कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनपद पंचायत पुसौर के ग्राम पंचायत कौवांताल के आश्रित ग्राम राईतराई एवं ग्राम बुलाकी के ग्रामीणों ने दोनों ग्राम को मिला कर अन्य ग्राम पंचायत बनने की मांग को लेकर आज जनदर्शन में पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि उन्हें अपने ग्राम पंचायत जाने के लिए 5 से 7 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। जिससे दोनों ग्राम पंचायत ग्रामों के ग्रामीणों को काफी समस्या होती है। उन्होंने कलेक्टर गोयल से आग्रह किया कि ग्राम पंचायत कौवांताल के आश्रित ग्राम राईतराई एवं कवंरिहा के आश्रित ग्राम बुलाकी का परिसीमन कर एक ग्राम पंचायत बनाया जाए ताकि ग्रामीणों की समस्या दूर हो सके। जूटमिल निवासी प्रतीक्षा सिंह रोजगार प्राप्ति हेतु आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंची थी। उन्होंने बताया कि वे गरीबी रेखा अंतर्गत जीवन यापन करते हैं। उन्होंने बताया कि वह एमएससी बॉटनी से अपनी शिक्षा पूर्ण करने पश्चात कंप्यूटर जैसे अन्य योग्यता रखती है। उन्होंने परिवार की जीविका का चलाने हेतु रोजगार उपलब्ध करवाने का निवेदन किया। जिस पर कलेक्टर गोयल ने जिला रोजगार अधिकारी को संबंधित आवदेन पर कार्यवाही के निर्देश दिए। आवेदक शासकीय उचित मूल्य की दुकान छोटे पडरमुड़ा के प्रभार के एवज में पैसा मंगाने की शिकायत लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत छोटे पंडरमूडा का शासकीय उचित मूल्य की दुकान का संचालन सुरभि स्व-सहायता समूह को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजस्व द्वारा संचालित हेतु आदेशित किया गया है। लेकिन खाद्य विभाग के अधिकारी बनमाली यादव द्वारा अभी तक प्रभार नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कलेक्टर गोयल से शिकायत किया कि प्रभार देने के लिए रकम की मांग की जा रही है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बरपाली के हितग्राही जनवरी एवं फरवरी 2024 के राशन की मांग को लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत बरपाली के राशन दुकान संचालक द्वारा जनवरी माह में लगभग 200 हितग्राही एवं फरवरी में 74 हितग्राहियों का मशीन में फिंगरप्रिंट ले लिया गया है, परंतु आज पर्यन्त चावल एवं शक्कर नहीं दिए गए हैं।

# प्रदेश स्तरीय गरबा कार्यक्रम में चांपा केशरवानी महिला समिति के सदस्य हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ✓ चांपा
www.dailypioneer.com

प्रदेश स्तरीय गरबा प्रतियोगिता आयोजन शिवरीनारायण में केशरवानी समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छः गढ़ प्रदेशाध्यक्ष अशोक केसरवानी छः गढ़ प्रदेश महिला प्रदेशाध्यक्ष विभा विजय केसरवानी, बलौदा बाजार महामंत्री आरती गुप्ता कोरबा, तरुण सभा प्रदेशाध्यक्ष सोमेश केसरवानी, नगर अध्यक्ष बलराम केसरवानी, शिवरीनारायण, नगर महिला सभा अध्यक्ष अर्पणा केसरवानी शिवरीनारायण, के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छः गढ़ प्रदेश महिला सभा की विशेष आमंत्रित सदस्य और केसरवानी सभा महिला सभा अध्यक्ष शांता महेंद्र गुप्ता चांपा भी आयोजन में शामिल हुई साथ ही छः गढ़ प्रदेश महिला सभा की शिक्षा मंत्री रत्नप्रभा केसरवानी एवं केसरवानी महिला





समिति चांपा के पदाधिकारी एवं सदस्य क्षमा केसरवानी, सुशीला गुप्ता, दिशा केशरवानी, सरला केशरवानी, कुमारी दिव्या, कुमारी नव्या केशरवानी शामिल हुए इस अवसर पर आयोजन के लिए शांता महेंद्र गुप्ता विशेष आमंत्रित सदस्य छः गढ़ प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा ने सभी प्रदेश पदाधिकारियों एवं छः गढ़ प्रदेश महिला सभा की प्रदेशाध्यक्ष विभा केशरवानी एवं शिवरीनारायण महिला सभा को बधाई दी और शबरी नारायण और मां अन्नपूर्णा की नगरी में हुए आयोजन में सहयोग देने का अवसर देने के लिए आभार व्यक्त किया इस आयोजन में पूरे छः गढ़ प्रदेश से समाज की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## काम के बदले दस हजार की घुस मांगने का मामला, टीम ने अधिकारी को लिया हिरासत में, चल रही पूछताछ

# किरोड़ीमल नगर पंचायत सीएमओ रामायण पाण्डेय एसीबी के हत्थे चढ़े

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

बिलासपुर से रायगढ़ पहुंची एसीबी की टीम ने नगर पंचायत सीएमओ को रामायण पाण्डेय को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एसीबी की टीम ने सीएमओ को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।





एसीबी की टीम नगर पंचायत सीएमओ से इस मामले में पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला रायगढ़ जिले के किरोड़ीमल नगर पंचायत का है। यहां नगर पंचायत सीएमओ रामायण पांडे ने मकान के व्यावसायिक उपयोग की अनुमति देने के लिए 10 हजार रुपए की मांग की थी। इसके बाद जब प्रार्थी सीएमओ को रिश्वत के पैसे देने के लिए पहुंचा। जैसे ही उसने सीएमओ को पैसे दिए वैसे ही एसीबी की टीम पहुंची और सीएमओ रामनारायण पांडे को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। वरूण सिंह, आजाद चैक, किरोडीमल, जिला-रायगढ़ ने एन्टी करप्शन ब्यूरो, बिलासपुर में शिकायत की गई थी कि उसने अपनी कंपनी एम.एस. भवानी ट्रेडर्स का संचालन करने के लिये गुमाश्ता लाईसेंस प्रदान करने हेतु कार्यालय नगर पंचायत, किरोडीमल में आवेदन किया था जिसका लाईसेंस देने के एवज में आरोपी रामायण प्रसाद पांडेय, प्रभारी सी.एम.ओ. किरोड़ीमल नगर पंचायत ने 20 हजार रूपये की मांग की गई थी। प्रार्थी नगर पंचायत किरोड़ीमल के सीएमओ रामायण पाण्डेय को रिश्वत नहीं देना चाहता था, किंतु आरोपी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था। शिकायत सत्यापन के दौरान आरोपी ने प्रार्थी से 10 हजार रूपये ले लिये थे और आज सुनियोजित तरीके से ट्रेप आयोजित कर आरोपी रामायण प्रसाद पांडे को प्रार्थी से शेष 10 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी रामायण प्रसाद पांडे को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा 7 पीसीएक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत् कार्रवाई की जा रही है।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने नए युग की शुरुआत की, पेश किया बिल्कुल नया काइलैक

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्कोडा ऑटो ने इस साल फरवरी में कॉम्पैक्ट एसयूवी की घोषणा के साथ अपनी महत्वाकांक्षाओं का स्पष्ट संकेत दिया था। देशभर में हुए नामकरण अभियान के बाद इस नई एसयूवी को काइलैक नाम मिला। इसका ग्लोबल प्रीमियर 6 नवंबर 2024 को किया जाएगा। काइलैक के साथ, स्कोडा ऑटो इंडिया अपने ग्राहकों को अलग-अलग रेंज की गाड़ियों का विकल्प देने जा रही है, जिसमें कोडियाक जैसी लक्ज़री एसयूवी और कुशाक जैसी मिड-साइज एसयूवी शामिल हैं, जो इंडिया 2.0 परियोजना के तहत लॉन्च की गई थी। भारत के तेजी से बढ़ते कार बाजार में लगभग 30% हिस्सेदारी




पर कब्जा कर चुकी स्कोडा ऑटो, काइलैक को 4 मीटर से कम श्रेणी में लाएगी, जो कॉम्पैक्ट एसयूवी की श्रेणी में आती है। यह श्रेणी भारत में बेहद लोकप्रिय हो रही है। काइलैक अपने आधुनिक, बोल्ड और मजबूत डिज़ाइन, बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने वाले फीचर्स के साथ कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में एक नई पहचान बनाएगी। स्कोडा ऑटो के लिए यह लॉन्च भारत में एक नए युग की शुरुआत को दर्शाती है, क्योंकि भारत यूरोप के बाहर स्कोडा के लिए सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है। स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीयूष अरोड़ा ने कहा, मुझे बेहद गर्व है कि मैं स्कोडा ऑटो की पहली कॉम्पैक्ट एसयूवी काइलैक को पेश कर रहा हूँ। काइलैक पूरी तरह से भारत में ही बनाया गया है, जिसमें स्थानीयता के उच्च स्तरों को शामिल किया गया है। इससे हम मेक इन इंडिया के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और भी मजबूत कर रहे हैं। यह एसयूवी स्कोडा ग्रुप के डीएनए के अनुसार आरामदायक ड्राइविंग, सुरक्षा और आराम का सही संयोजन प्रदान करती है। इसे खासतौर पर भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है।

# श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस ने एमबीबीएस बैच 2024-25 के लिए फाउंडेशन कोर्स डे-3 का आयोजन










पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस ने अपने नए एमबीबीएस बैच 2024-25 के लिए एक फाउंडेशन कोर्स डे-3 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 14 अक्टूबर से आयोजित किया गया है। जिसका उद्देश्य छात्रों को चिकित्सा शिक्षा के सफर की शुरुआत में आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना था।

# विनोबा ऐप्प के माध्यम से स्कूलों में नवाचारी शिक्षा को दिया जा रहा प्रोत्साहन

## कलेक्टर डॉ.मित्तल ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले13 शिक्षकों और 3 सीएसी को किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिले में उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए 13 शिक्षकों और 03 संकुल समन्वयकों को कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने बुधवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। इस संबंध में विनोबा टीम के जिला इंगेजमेंट ऑफिसर सोमनाथ साहू ने बताया कि जिले के शिक्षकों द्वारा अगस्त और सितंबर माह में किये गए शिक्षकीय कार्यों एवं नवाचारी गतिविधियों को विनोबा ऐप में अपलोड किया था। गतिविधियों के विश्लेषण के पश्चात उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए शिक्षकों को चयनित किया गया था। उल्लेखनीय है कि विनोबा भावे की टीम जिले में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए एफएलएन, जवाहर नवोदय परीक्षा की तैयारी में सहयोग के साथ डाटा कलेक्शन का कार्य यशस्वी जशपुर के समन्वय में कर रही है। यह कार्यक्रम कलेक्टर के मार्गदर्शन में यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता के द्वारा संचालित कराया जा रहा है। जिसमें यशस्वी जशपुर के माध्यम से जिले के 9वीं से 12वीं एवं बोलेगा बचपन द्वारा पहली से 8वीं कक्षा के बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। ज्ञात हो कि महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ में कार्य करने वाली गैर सरकारी संस्थान ओपन लिंक फाउंडेशन के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में विकास करने के लिए विनोबा ऐप का विकास किया गया है। इस अवसर पर माध्यमिक शाला जमचुआ के ब्रह्मदत्त राम, प्राथमिक शाला बड़े गम्हरिया की सुनीता तुर्की, प्राथमिक शाला रजौटी की अर्चना यादव, प्राथमिक शाला साईंटांगरटोली की रिचा गुप्ता, प्राथमिक शाला होंगरोटोली की प्रिया गुप्ता, प्राथमिक शाला तुरंगाखार की पूर्णिमा बाई, प्राथमिक शाला होंगरोटोली दीप के लकरा, माध्यमिक शाला गम्हरिया के ऐलन साहू, प्राथमिक शाला शुकबासुपारा के पुस्तम प्रसाद, प्राथमिक शाला रोकबहार के खगेश्वरी चौधरी, माध्यमिक शाला पतराटोली के दिनेश कुमार चौधरी, कन्या आश्रम कांसाबेल की सुमन रवानी, प्राथमिक विद्यालय गर्जियाभाटन की माधुरी यादव, सीएसी हर्राघाट के लोकनाथ प्रसाद, सीएसी बगीचा के सैयद मुनिरुद्दीन चिश्ती और सीआरसी कांसाबेल के गणेश राम को सम्मानित किया गया। इस संबंध में प्राथमिक शाला साईंटांगरटोली की सम्मानित शिक्षिका रिचा गुप्ता ने बताया कि विनोबा ऐप के माध्यम से नए नए अध्यापन के तरीकों का आपस में आदान प्रदान होता है जिससे बच्चों को भी रुचिकर रूप से शिक्षा प्राप्त होती है। प्राथमिक शाला बड़े गम्हरिया की शिक्षिका सुनैना तुर्की ने बताया कि हम बच्चों को आकर्षक तरीकों से पढ़ाने के लिए जिन तरीकों का प्रयोग करते हैं और इसका लाभ जिले के सभी बच्चों तक भी पहुंच पाता है। जो भी शिक्षक संबंधित विषय पर शिक्षा देना चाहते हैं ऐप के माध्यम से आपस में ज्ञान साझा कर सकते हैं। इसके लिए उत्कृष्ट कार्य करने पर हमें जिला स्तर पर सम्मानित किया गया है इससे हमें प्रोत्साहन मिलता है। माध्यमिक शाला गम्हरिया शिक्षक ऐलन साहू ने बताया कि हम विनोबा ऐप में अपने स्कूल की अच्छी गतिविधियों को अपलोड करते हैं साथ ही दूसरे शिक्षकों एवं विद्यालयों में किये जा रहे उत्कृष्ट प्रयासों एवं शिक्षकीय पाठन सामाग्रियों (टीएलएम) को देख कर उससे सिखते हैं। जिससे सभी के शिक्षकीय कौशल का विकास होता है।

# महाराजगंज में नशा मुक्ति की पहल, छात्रों ने रैली निकालकर दिया जागरूकता का संदेश




बलरामपुर। कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के निर्देशन में महाराजगंज हायर सेकेंडरी स्कूल में समाज कल्याण विभाग के द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों और आमजनों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना था। संयुक्त कलेक्टर आर एन पाण्डेय ने छात्रों को नशे से बचने और अपने आस-पास के लोगों को भी इसके खिलाफ जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। नशा मुक्ति केंद्र के संचालक सुनील पाल ने नशे से होने वाले शारीरिक और मानसिक दुष्परिणाम पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने नशे से दूर रहने और समाज में इसके खिलाफ जागरूकता फैलाने की शपथ ली और जागरूकता रैली निकाली। जिसमें ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य और अन्य शिक्षकगण भी शामिल हुए।

# पत्थलगाँव के ग्राम पंचायतों को टी बी मुक्त बनाने मितानिनों और प्रशिक्षकों का लिया गया बैठक

## टी बी मुक्त बनाने 6 मापदण्ड किए गए हैं निर्धारित

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला स्तर पर टी बी मुक्त बनाने का आभियान जोर शोर से चल रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. मित्तल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगाँव के सभा कक्ष में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेम्स मिंज द्वारा विकास खण्ड



समन्वयक मितानिन कार्यक्रम, मितानिनों और प्रशिक्षकों का बैठक लिया गया। बैठक में सभी 84 ग्राम पंचायतों को टी बी मुक्त बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। टी बी मुक्त अभियान के तहत 6 मापदण्ड निर्धारित किए गए हैं। जिसमें प्रति एक हजार जनसंख्या में 30 संदेहास्पद व्यक्तियों का खंखार जाँच करने एवं उनका यूडीएसटी, ट्रूनॉट, एचआइवी, शुगर जाँच कराना और जाँच कराने के उपरांत पॉजिटिव केस निकलने पर उसका निक्षय पोर्टल में ऑनलाइन एन्ट्री सुनिश्चित करने तथा पॉजिटिव व्यक्ति को दवाई देकर उपचार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सभी चिकित्सक एवं विकास खण्ड नोडल अधिकारी टी बी उपस्थित थे।

# पॉवर कंपनी में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज डंगनिया रायपुर स्थित औषधालय में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्रबंध निदेशक (उत्पादन) एस.के.कटियार के मुख्य आतिथ्य में जांच शिविर का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर कटियार ने इस शिविर के लिए औषधालय की टीम को शुभकामनाएं दी एवं अधिक से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को जांच शिविर का लाभ उठाने का आव्हान किया। शिविर में 104 लोगों ने आंखों की जांच कराई। जांच शिविर में डॉक्टर द्वारा मरीजों को साल में एक बार आंखों की जांच कराने की सलाह दी गई। पॉवर कंपनी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एच.एल.पंचारी, चिकित्साधिकारी डॉ. निलेश सिंह एवं डॉ. श्वेता जैन के नेतृत्व में शिविर संपन्न हुआ। मुख्य चिकित्सा अधिकारी पंचारी ने बताया कि पॉवर कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों को केशलेश स्वास्थ योजना के तहत नेत्र संबंधित सेवाओं का लाभ मिल रहा हैं। मोतियाबिंद, रेटिना, कार्निया, चश्में एवं दवाईयों की सुविधा को सीजीएचएस रेट पर प्राप्त किया जा सकता है। पॉवर कंपनी द्वारा आयोजित आज के शिविर में अधिकारी-कर्मचारी, पेंशनर, बच्चें एवं आश्रितजन लाभान्वित हुए।

# जन–जन हो साक्षर : विभिन्न विभागों को सौंपी गई उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता कोरिया
www.dailypioneer.com




कलेक्टर चन्दन त्रिपाठी ने 15 अक्टूबर को उल्लास- नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिले में सफल क्रियान्वयन के संबंध में बैठक लेकर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों को सौंपे गए दायित्वों की जानकारी भी प्राप्त की। कलेक्टर ने उक्त कार्यक्रम को प्राथमिकता से लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरतापूर्वक करने के निर्देश दिए। कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि इसका उद्देश्य 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के असाक्षरों को पढ़ना, लिखना एवं गणित में दक्ष करना है। इस दौरान उन्होंने इसके अंतर्गत सम्मिलित किए गए बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल विकास, बुनियादी शिक्षा तथा सतत शिक्षा कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 में प्रमुखता से शामिल किए गए प्रौढ़ शिक्षा एवं जीवन पर्यन्त शिक्षा, देशव्यापी परीक्षा, वर्ष 2030 तक शत-प्रतिशत लोगों को साक्षर बनाने का लक्ष्य तथा जिले के असाक्षरों को साक्षर किए जाने के संबंध में जानकारी दी। बैठक में राज्य शासन द्वारा निर्धारित किए गए अंतरर्विभागीय समन्वय के संबंध में भी जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, अंकिता सोम, जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रशांत सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# मिशन साहसी के अन्तर्गत 17 से 19 अक्टूबर तक स्वरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

## साहसी बनेंगी कृषि विश्वविद्यालय की छात्राएं

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा लैगिंक उत्पीड़न शिकायत समिति, राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मिशन साहसी (मेकिंग ऑफ फियरलेस) के अन्तर्गत स्वरक्षा कार्यक्रम का आयोजन 17 से 19 अक्टूबर, 2024 तक किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में तीन थीम रानी अहिल्याबाई होल्कर, रानी दुर्गावती एवं झांसी की रानी लक्ष्मी बाई के साहस से प्रेरणा लेते हुए विश्वविद्यालय की छात्राओं, महिला कर्मचारियों एवं उनके परिवार की महिलाओं को शारीरिक स्वरक्षा संबंधी तकनीकों का सजीव प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे किसी आकस्मिक घटना की स्थिति में इस कौशल का प्रयोग कर अपनी स्वयं की एवं अन्य महिलाओं की सुरक्षा कर सकें। इस कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह ममता चंदेल के मुख्य आतिथ्य एवं विश्वविद्यालय की लैगिंक उत्पीड़न शिकायत समिति डॉ. आरती गुहे की अध्यक्षता में 17 अक्टूबर, 2024 को प्रातः 10 बजे सम्पन्न होगा। इस अवसर पर डॉ. संजय शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं डॉ. जी.के. दास अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, रायपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में कार्यस्थल पर होने वाले लैंगिक उत्पीड़न से बचाव हेतु स्वरक्षा की शारीरिक दांव पेंच एवं तकनीक का अंजली गिरी गोस्वामी अन्तर्राष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी एवं सेकंड डेन ब्लेक बैल्ट द्वारा सजीव प्रशिक्षण तीन दिवस तक दिया जाएगा।

# पंडित सुंदर लाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के यूजी, पीजी, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स में प्रवेश जारी

पायनियर संवाददाता कोरबा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के एक मात्र शासकीय ओपन यूनिवर्सिटी में विभिन्न कोर्सों में प्रवेश जारी है। पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के विभिन्न कोर्सो में प्रवेश के लिए 31 अक्टूबर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मुक्त विश्वविद्यालय में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, एमए, एमएससी, पीजीडीसीए, डीसीए, पीजीडीवायएस, सर्टिफिकेट इन गुड्स एण्ड सर्विस टैक्स, बी.लिब., साइबर लॉ, एवं लेबर लॉ, योग व रामचरित मानस जैसे कोर्सों में विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं। पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के समन्वय सहायक ने बताया कि विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के सभी कोर्सों के बारे में विस्तृत जानकारी एवं दिशा-निर्देश वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अध्ययन केन्द्र कोरबा जिले के तीन महाविद्यालयों में संचालित है। शासकीय ईवीपीजी कॉलेज कोरबा, शासकीय मुकुटधर पाण्डेय कॉलेज कटघोरा एवं शासकीय कॉलेज गेवरा में विश्वविद्यालय का अध्ययन केन्द्र स्थापित है।

# वर्ल्ड आर्थराइटिस डे पर मरीजों ने डॉ. अंकुर सिंघल के साथ किया डांस

## जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद सामान्य जीवन की ओर लौटे

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



वर्ल्ड आर्थराइटिस डे के अवसर पर रामकृष्ण केयर अस्पताल में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में डॉ. अंकुर सिंघल के द्वारा जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी कराए गए मरीजों ने अपने अनुभव साझा किए और डॉ. सिंघल के साथ डांस भी किया। यह सभी वे मरीज थे जिन्हें पिछले 2-3 महीनों में या उससे भी पहले डॉ. सिंघल द्वारा जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की गई थी। इस कार्यक्रम में 80 वर्ष से ऊपर के कई मरीज भी शामिल थे, जिन्होंने प्रत्यारोपण के बाद अपने सामान्य जीवन को फिर से शुरू करने का अनुभव बताया और खुशी जाहिर की। डॉ. सिंघल ने बताया कि रामकृष्ण केयर अस्पताल में ज्वाइंट रिप्लेसमेंट की हर तरह की सर्जरी की जाती है और इसका परिणाम हमेशा 100 प्रतिशत रहता है। उन्होंने यह भी कहा कि जो मरीज पहले सामान्य रूप से चल-फिर नहीं सकते थे, वे अब सामान्य जीवन जी रहे हैं और यहां तक कि डांस भी कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मरीजों ने उत्साहपूर्वक डॉ. सिंघल के साथ डांस किया, जिससे साफपता चलता है कि सर्जरी के बाद उनका जीवन फिर से सक्रिय और खुशहाल हो गया है। डॉ. अंकुर सिंघल ने अब तक सैकड़ों मरीजों की ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी कर उन्हें आर्थराइटिस की समस्याओं से मुक्त किया है। उन्होंने अपनी सर्जिकल तकनीक एमसीटी (मिनिमम कट टेक्निक) के बारे में भी जानकारी दी, जो इस प्रकार की सर्जरी के लिए विशेष रूप से प्रभावी है। इस तकनीक में सर्जरी के दौरान बहुत छोटा चीरा लगाया जाता है, जिससे मरीज के मसल्स और हड्डियों को कम क्षति पहुंचती है। ऑपरेशन के केवल 3 घंटे बाद ही मरीज को चलने में सक्षम बनाया जाता है। इस पद्धति के फायदे में कम रक्तस्त्राव, दवाइयों का कम दुष्प्रभाव, अस्पताल से जल्दी छुट्टी और मरीज को कम तनाव होना शामिल है। डॉ. सिंघल ने बताया कि इस सर्जरी के बाद मरीज अपने पहले जैसे सामान्य जीवन को जी सकते हैं, जैसा कि वे 10-15 साल पहले जीते थे, जब उन्हें घुटनों या जोड़ों की कोई समस्या नहीं थी।

# नगरी पुलिस ने सामुदायिक पुलिसिंग के तहत नशामुक्ति अभियान चलाया

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com




थाना नगरी द्वारा विशेष आग्रह पर वार्ड में किया गया नशा मुक्ति अभियान जिसमें दुर्गा चौक वार्ड वासियों को सायबर फ्रॉड एवं नशे के दुष्प्रभाव के बारे बताया गया। धमतरी पुलिस द्वारा युवा पिढ़ी को सायबर फ्रॉड के संबंध में जागरूक एवं नशे से मुक्त कराने के लिए,चलाई जा रही है जागरूकता अभियान। धमतरी पुलिस थाना प्रभारी नगरी द्वारा वार्ड क्र.5 दुर्गा चौक नगरी में नशामुक्त अभियान एवं सायबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत सायबर फ्रॉड एवं नशा उन्मूलन कार्यक्रम नशामुक्त धमतरी के अंतर्गत नशा उन्मूलन के तहत दुर्गा चौक नगरी के सभी वार्ड वासियों एवं बच्चों को गुढ़ाखु, गांजा, बीड़ी, सिगरेट, सिलोशन एवं सीरिंज से नशे लेने पर,होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। अभी हो रहे दुर्घटना में मुख्य कारण नशे में वाहन चलाने चलाने वालों की हो रही दुर्घटना को देखते हुए यह अभियान व्यापक तौर पर पूरे जिले में चलाया जा रहा है। नगरी थाने कि टीम ने सोमवार को नगरी थाना के वार्ड क्र.5 दुर्गा चौक नगरी में नशामुक्त धमतरी अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि आज से सभी अपने-अपने परिवार, रिश्तेदारों,दोस्तों के यहां अगर नशे का सेवन करते होंगे तो उनको नशे के सेवन से शरीर पर होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बतायें, ताकि नशे का सेवन करना छोड़ दे। वार्ड वासियों को नशामुक्ति के साथ-साथ सायबर फ्रॉड के संबंध में भी जानकारी दी गई।

# मैट्स विश्वविद्यालय के स्टार्टअप नेक्सस क्लब के द्वारा बिजनेस आइडिया प्रतियोगिता का आयोजन



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मैट्स विश्वविद्यालय के स्टार्टअप नेक्सस क्लब के द्वारा बिजनेस आइडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग के स्टार्टअप क्लब और प्रबंधन विभाग के मार्केटिंग क्लब द्वारा संयोजित किया गया था, जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर फर्स्टअप स्पेस स्टार्टअप हब के संस्थापक करण डागा थे। उन्होंने विद्यार्थियों को स्टार्टअप बिजनेस की बारीकियां से अवगत करवाया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. उमेश गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन दिया कार्यक्रम में मैट्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति प्रोफेसर डॉ के पी यादव, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, कुलसचिव गोकुलानंद पांडा ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बहुत सारे बिजनेस आइडिया प्रस्तुत किए गए और प्रतिभागियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का समापन समूह चित्र और धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बेदव्यास पिता हिराराम जाति केवट निवासी ग्राम सरायपाली तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम सरायपाली दिनांक 27/07/2011 को आवेदक के माता सोहदा निषाद की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 23/10/2024 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 08/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सरायपाली, जिला-महासमुंद

**न्यायालय तहसीलदार भोथिया, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र./अ-2/2023-24
साकिन-भोथिया, तहसील भोथिया

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रितेश चंद्रा पति देवनारायण चंद्रा साकिन भोथिया तहसील भोथिया के द्वारा उनके नाम पर ग्राम भोथिया में स्थित भूमि खसरा नंबर 947/2, 947/3 रकबा 0.16, 0.17 एकड़ भूमि अवस्थित है। व्यावसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इसके संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती से मूल प्रकरण प्राप्त हुआ है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय की पेशी दिनांक 23/10/2024 के पूर्व अपनी दावा/आपत्ति स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
भोथिया, जिला-सक्ती

**न्यायालय तहसीलदार भोथिया, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र./अ-2/2023-24
साकिन-भोथिया, तहसील भोथिया

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रितेश चंद्रा पति देवनारायण चंद्रा साकिन भोथिया तहसील भोथिया के द्वारा उनके नाम पर ग्राम भोथिया में स्थित भूमि खसरा नंबर 1107/1, 1106/2, 1106/3 रकबा 0.214, 0.081, 0.028 हे. भूमि अवस्थित है। व्यावसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इसके संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती से मूल प्रकरण प्राप्त हुआ है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय की पेशी दिनांक 18/10/2024 के पूर्व अपनी दावा/आपत्ति स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
भोथिया, जिला-सक्ती

**न्यायालय तहसीलदार भोथिया, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र./अ-2/2023-24
साकिन-भोथिया, तहसील भोथिया

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रितेश चंद्रा पति देवनारायण चंद्रा साकिन भोथिया तहसील भोथिया के द्वारा उनके नाम पर ग्राम भोथिया में स्थित भूमि खसरा नंबर 1170/7, 1172/2 रकबा 0.16, 0.46 एकड़ भूमि अवस्थित है। व्यावसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इसके संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती से मूल प्रकरण प्राप्त हुआ है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय की पेशी दिनांक 23/10/2024 के पूर्व अपनी दावा/आपत्ति स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
भोथिया, जिला-सक्ती

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**
दूरभाष नं.-07856-252224, 252862 (फैक्स) E-mail : spdantewada@gmail.com

क्रमांक/पु.अ./दंते/एसी./एम/(2024-25)/NIT-05/2024 दन्तेवाड़ा, दिनांक-15/10/2024

// संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना //

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए मुहरबंद निविदायें प्रपत्र-अ में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग, रायपुर, छ0ग0 द्वारा जारी शेड्यूल ऑफ रेट (एस.ओ.आर.) दिनांक-01.01.2015 से प्रभावशील दरों के आधार पर लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के ''ई'' रजिस्टर्ड, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत आधार पर मुहरबंद निविदायें दो लिफाफा पद्धति से पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा के कार्यालय में पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1-निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि :- 25.10.2024
2-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 29.10.2024 के शाम 05.00 बजे तक
3-निविदा खोले जाने की तिथि :- 30.10.2024 के प्रातः 11.00 बजे
4-निविदा प्रपत्र का मूल्य :- रू. 750/- (चालान के माध्यम से पुलिस-0055, 800-अन्य प्राप्तियों)
5-कार्य पूर्ण करने की अवधि :- 03 माह (कार्य आदेश दिनांक से)
6- सक्षम ठेकेदारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अन्तर्गत ''डी'' श्रेणी अथवा उससे अधिक

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | थाना बारसूर हेतु 04 नग टॉयलेट/बाथरूम निर्माण कार्य। | 5.56 लाख | 4200/- |
| 2 | थाना कुआकोण्डा हेतु 04 नग टॉयलेट/बाथरूम निर्माण कार्य। | 5.56 लाख | 4200/- |
| 3 | ''ए'' कंपनी कैम्प बड़ेसुरोखी थाना गीदम हेतु 03 नग टॉवर मोर्चा निर्माण कार्य। | 6.00 लाख | 4500/- |

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा में प्राप्त निविदाओं को उपस्थित निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के सक्षम खोले जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जावेगी। निविदा से संबधित शर्ते एवं निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी कार्यालय समय मे कार्यालय पुलिस अधीक्षक, दन्तेवाड़ा में उपस्थित होकर प्राप्त किया जा सकता है।

पुलिस अधीक्षक
जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा

G-242503212/2

# छत्तीसगढ़ के विकास पुरूष है डॉ. रमन सिंह : सीएम विष्णु देव साय

## प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास, हास्य कवि पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे, गीत एवं गजल गायिका डॉ. सुमन दुबे, वीर रस की कवयित्री कविता तिवारी, हास्य कवि दिनेश बावरा ने अपनी कविताओं से समां बांधा

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के अवसर पर युवा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा म्युनिसिपल स्कूल प्रांगण में आयोजित विराट कवि सम्मेलन में शिरकत की। मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों ने देर रात्रि तक कवि सम्मेलन में कविता पाठ का आनंद लिया।

मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष ने सभी कवियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सीमा गर्ग द्वारा लिखित हमारी संस्कृति हमारी धरोहर किताब का विमोचन किया गया। प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास, हास्य कवि पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे, गीत एवं गजल गायिका डॉ. सुमन दुबे, वीर रस की कवयित्री कविता तिवारी, हास्य कवि दिनेश बावरा ने अपनी कविताओं से समां बांध दिया। कविता, गीत, गजल एवं हास्य कविताओं के इस खुशनुमा लम्हों के राजनांदगांव नगरवासी साक्षी बने। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनके स्वस्थ, सुदीर्घ, खुशहाल एवं मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि आज 15 अक्टूबर का दिन हम सभी के लिए गौरव का क्षण है। डॉ. रमन सिंह छत्तीसगढ़ के विकास पुरूष हैं, उन्होंने 15 वर्षो तक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ की सेवा की है। उनका जन्मदिन मनाने के लिए राज्य के मंत्री, सांसद, विधायक और दूर-दूर से जनप्रतिनिधिएवं जनसामान्य एकत्र हुआ है। मुख्यमंत्री ने राजनांदगांव की भूमि को प्रणाम करते हुए कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का जन्म कबीरधाम जिले में हुआ था, लेकिन संस्कारधानी राजनांदगांव उनकी कर्मभूमि है। राजनांदगांव की जनता ने उन्हें विधायक, सांसद, केन्द्रीय मंत्री, तीन बार मुख्यमंत्री और वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष बनाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया, लेकिन उसे संवारने और गढने का कार्य डॉ. रमन सिंह ने किया और 15 वर्षों में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हुआ। वे गरीब एवं जरूरतमंदों के लिए चऊरवाले बाबा के नाम से जाने गए। यही कामना है कि आगे भी उनका मार्गदर्शन मिलता करते रहे। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि आज देश के सुप्रसिद्ध कवियों का कविता पाठ सुनने का अवसर मिलेगा।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज सुबह से रात तक रायपुर से राजनांदगांव तक सभी ने जन्मदिन पर जो स्वागत किया उसके लिए अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले ने उन्हें एक नई पहचान दी है और परिवर्तन की यात्रा राजनांदगांव की धरती से प्रारंभ हुई, जिसके लिए उन्होंने सभी का आधार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव की धरती में जो कोई आता है, उसका विकास होता है। उन्होंने कहा कि राजा घासीदास और बलराम दास ने राजनांदगांव शहर का आधार रखा और इस नगरी की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान है। यह नगरी साहित्यकार पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र, गजानंद माधव मुक्तिबोध की नगरी है। यहां नंदूलाल चोटिया, कुंज बिहारी चौबे और गणेश खरे जैसे साहित्यकार रहे है। यहां स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह ने राजनांदगांव में जन्म लेकर स्वतंत्रता के लिए आंदोलन का नेतृत्व किया। उन्होंने सफल फिल्मकार किशोर साहू, दाऊ खुमान साव, दाऊ मंदरा जी जैसी हस्तियों का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव मेरा अभिमान और मेरा स्वाभिमान है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय किसानों के जीवन में परिवर्तन लेकर आये है। उन्होंने किसानों के लिए जो घोषणा की उसका क्रियान्वयन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने 3100 रूपए में धान खरीदी, 21 क्विंटल धान खरीदी, दो साल का बोनस, 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना से लाभान्वित कर रहे हैं।

प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास ने एक से बढ़कर एक कविताएं सुनाई, जिसे सुनकर श्रोता अभिभूत हुए। हास्य कवि दिनेश बावरा एवं पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे की कविताओं ने श्रोताओं को खूब हंसाया। पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे ने अपने हास्य व्यंग्य के चिर परिचित अंदाज में छत्तीसगढ़ी में कविता सुनाई। कार्यक्रम के प्रारंभ में वीर रस की कवियित्री कविता तिवारी ने माँ शारदा की वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग मंत्री विजय शर्मा, आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री रामविचार नेताम, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, खेलकूद एवं युवा कल्याण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री टंकराम वर्मा, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यन्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल, वाणिज्य-उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन देवांगन, महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक भरतपुर-सोनहत रेणुका सिंह आरंग विधायक गुरू खुशवंत साहेब, सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद सरोज पाण्डेय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि प्रेमप्रकाश पाण्डेय, महेश गागड़ा, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी व बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित थे।

# नगरीय निकाय चुनाव के लिए प्रारंभिक प्रक्रिया प्रारंभ



पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। तत्संबंध में एसडीएम द्वारा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आहूत की गई। इस बैठक में मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन की जानकारी देते हुए वार्डवार मतदाता सूची उपलब्ध कराई गई। दावा आपत्ति हेतु तिथि निर्धारित की गई है।

नगरीय क्षेत्र के लिए स्थापित मतदान केन्द्र में दिनाँक 16 से 22 अक्टूबर तक शासकीय कार्य दिवसों में प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक तथा 23 अक्टूबर को 10 से 3 बजे तक मतदाता सूची का अवलोकन करते हुए दावा आपत्ति नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया ताकीद दी गई है। बैठक में ललित लोढ़ा, राम कुमार गुप्ता, सँतोष यादव, योगेश पटेल, रोशन यदु, कोमल साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# मतदाता सूची का किया गया प्रारंभिक प्रकाशन

पायनियर संवाददाता ➤ मोहला
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस जय जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में नगर पालिका निर्वाचन एवं पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने प्रेस वार्ता में बताया कि नगर पालिका निर्वाचन के अंतर्गत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर लिया गया है। बताया गया कि विधानसभा निर्वाचन एवं लोकसभा निर्वाचन के मतदाता सूची को आधार मानकर नगर पालिका निर्वाचन एवं पंचायत निर्वाचन के लिए मतदाता सूची तैयार किया जा रहा है। नगर पालिका निर्वाचन के लिए आज 16 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया है। 23 अक्टूबर तक प्रारंभिक मतदाता सूची संबंध में दावा आपत्ति प्राप्त किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत कुल 15 वार्ड शामिल है। इनमें कुल मतदाताओं की संख्या 7376 है इनमें पुरुष मतदाता की संख्या 3450 एवं महिला मतदाता की संख्या 3926 है। पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत जिले में कुल 185 ग्राम पंचायत है। जहां सरपंच पद के लिए निर्वाचन होगा। पूर्व निर्वाचन के अनुसार जिले में 2416 पंच पद के लिए निर्वाचन हुआ था। वर्तमान में जिला मोहला-मानपुर के अंतर्गत जनपद पंचायत सदस्यों की संख्या 47 एवं जिला पंचायत सदस्यों की संख्या 07 है। नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के लिए परिसीमन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

# हॉकी खिलाड़ी तरुण का रेलवे तथा सुखदेव और तौफीक की वन विभाग में नियुक्ति

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



हॉकी की नर्सरी कहे जाने वाले जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के तीन हॉकी खिलाड़ीयो की रेल्वे और वनविभाग में नियुक्ति हुई है। जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी ने बताया कि नगर के तरुण यादव (बम्बू) कि एसईसी रेलवे बिलासपुर तथा तौफ़ीक़ अहमद और सुखदेव निर्मलकर की वनविभाग में नियुक्ति हुई है। उक्त सभी हॉकी खिलाड़ी विगत कई वर्षो से जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के साथ साथ छत्तीसगढ़ हॉकी की ओर से कई राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में हिस्सा लेते आये है। विगत दिनों रायपुर में आयोजित वनविभाग की चयन स्पर्धा में दोनों खिलाड़ियों ने अपने अच्छे खेल का प्रशिक्षण दिया। आधार पर उनका वन विभाग में चयन हुआ है। इसी प्रकार नगर के होनहार हॉकी खिलाड़ी तरुण ने भी विभिन्न राष्ट्रीय हाकी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एसईसीआर रेलवे बिलासपुर में चयनित हुए है।

उनकी इस उपलब्धि पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंह, महापौर हेमा देशमुख, जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के सचिव शिवनारायाण धकेता, नीलमचंद जैन, कुतुबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, भूषण साव, पूर्व महापौर नरेश डाकलिया, गणेश प्रसाद शर्मा ने शुभकामनाएं दी।

# कौशल पखवाड़ा : युवाओं के लिए निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ मोहला
www.dailypioneer.com

जिला कौशल विकास प्राधिकरण जिला - मोहला- मानपुर- अंबागढ चौकी जिले के सभी विकासखंड में राज्य शासन के निर्देशानुसार 14 से 45 वर्ष के युवाओ को उनके रूचि के अनुसार नि.शुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 14 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक शिविर का आयोजन करने जा रहा है। जिसमे विभिन्न प्रकार के कोर्स शामिल है जैसे की- डोमेस्टिक डेटा ऐंट्री आपरेटर (कंप्यूटर), टेलर(सिलाई), मेसन जनरल, वर्मी कंपोस्ट, गार्डनर, इलेक्टिशियन, वेल्डिंग, फिल्ड टेक्निशियन, मशरूम ग्रोवर, सुर्यमित्र(सोलर), टेलीकॉम टेक्निशियन, जल वितरण संचालक एवं अन्य कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु युवा अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर अपना पंजीयन शिविर मे उपस्थित विभागो मे करवा सकते है। शिविर 16 अक्टूबर को बांधा बाजार (ग्राम पंचायत भवन) 17 अक्टूबर को गोटाटोला (ग्राम पंचायत भवन) 18 अक्टूबर को ईरागांव (ग्राम पंचायत भवन) 21 अक्टूबर को चिल्हाटी (ग्राम पंचायत भवन) 22 अक्टूबर को मोहला (जनपद पंचायत) 23 अक्टूबर को खडगांव (ग्राम पंचायत भवन) 24 अक्टूबर को चौकी (जनपद पंचायत) 25 अक्टूबर को दनगढ़ (ग्राम पंचायत भवन) 28 अक्टूबर को मानपुर (जनपद पंचायत) मे समय प्रातः 10 बजे से 03 बजे तक आयोजित किया जायेगा।

# सिंघोला से सम्बलपुर तक सड़क मार्ग मरम्मत की मांग



पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह के जन्मदिन के अवसर पर ग्राम पंचायत सम्बलपुर के प्रतिनिधि ग्रामीणजन जर्जर सड़क की समस्या को लेकर विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव पहुंचे थे। ग्रामीणों ने डॉ रमन सिंह के सुपुत्र व पूर्व सांसद अभिषेक सिंह को सिंघोला से संबलपुर सड़क मार्ग की मरम्मत की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने पूर्व सांसद अभिषेक सिंह को बताया कि संबलपुर गांव की सड़क अत्यधिक खराब हो जाने के कारण सिंघोला से होकर राजनांदगांव में पढ़ाई हेतु स्कूल व कालेज जाने वाले बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पूर्व सांसद सिंह ने ग्रामीणों को सड़क दुरुस्त कराने आश्वासन दिया गया।इस मौके पर संबलपुर के ग्रामीणजन तिलक साहू, शैलेंद्र साहू व घनश्याम साहू सहित दर्जनभर ग्रामीण शामिल थे।

# बांधाबाजार में कौशल पखवाड़ा का आयोजन, 59 युवाओं ने लिया भाग



**मोहला।** जिला कौशल विकास प्राधिकरण जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के सभी विकासखंड में राज्य शासन के निर्देशानुसार 14 से 45 वर्ष के युवाओं को उनके रूचि के अनुसार निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 14 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज विकास खंड अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत बांधाबाजार में कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न प्रकार के कोर्स शामिल है जैसे की डोमेस्टिक डाटा ऐंट्री ऑपरेटर कंप्यूटर, टेलर सिलाई, मेसन जनरल, वर्मी कंपोस्ट, गार्डनर, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डिंग, फील्ड टेक्निशियन, मशरूम ग्रोवर, सुर्यमित्र सोलर टेलीकॉम टेक्नीशियन, जल वितरण संचालन इत्यादि विषयों के सम्बन्ध में युवाओं को सम्बंधित विभागों द्वारा जानकारी एवं काउंसलिंग किया गया। कौशल पखवाड़ा में क्षेत्र के 59 युवाओं ने भाग लिया। कौशल पखवाड़ा में डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर, नायब तहसीलदार दिनेश साहू, सीईओ जनपद अं.चौकी प्रियंवदा रामटेके सहित जनपद पंचायत, उद्यानिकी, कृषि, क्रेड़ा, श्रम के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने ली कानून व्यवस्था के संबंध में प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ मोहला
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस जयवर्धन ने प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर कानून व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि कोई भी संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें । अपराधी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि अपराधिक एवं गतिविधियों को किसी भी प्रकार का संरक्षण ना देवें। बैठक में कहा गया कि मेडिकल स्टोर्स में संयुक्त दल का गठन कर संदिग्ध दवाइयां के विक्रय पर कार्रवाई करें। नर्सिंग होम एक्ट के तहत अवैध रूप से क्लिनिक संचालन होने पर संबंधित चिकित्सक के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करें। महाराष्ट्र सीमावर्ती जिले के सीमा क्षेत्र में सघन जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। इस क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के संचालन होने, नशीली दवाइयां एवं शराब के परिवहन होने पर कड़ी कार्रवाई करने की निर्देश दिए गए हैं। अवैध शराब परिवहन, गांजे सहित अन्य नशीली दवाइयां के व्यापार पर कड़ी कार्रवाई करने कहा गया है। सड़कों एवं मुख्य मार्गों पर आवारा पशुओं को हटाने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी घटना की गंभीरता को ध्यान में रखकर तत्काल संज्ञान में लेकर आवश्यक कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है। त्योहारों के अवसर पर डीजे संचालक के लिए नियमानुसार अनुमति देने एवं निर्धारित ध्वनि से अधिक ध्वनि होने पर कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है।

## परवेज अहमद ने कहा- मानव सेवा ही ईश्वर सेवा, डाक्टर साहब के दीर्घायु होने की कामना की

# वृद्धजनों की सेवा कर वृद्धाश्रम में मनाया गया डाक्टर रमन सिंह का जन्मदिन

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री , राजनांदगांव के विधायक व् विधानसभा अध्यक्ष डाक्टर रमन सिंह जी का जन्मदिन संस्कारधानी में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शहर के वृद्धाश्रम में ठण्ड के मौसम को देखते हुए कम्बल का वितरण किया गया साथ ही गर्म पानी की उपलब्धता के लिए दो गीजर भेंट किये गए व् वृद्ध जनों को भोजन करवा कर डाक्टर रमन सिंह के दीर्घायु होने की कामना की गई । भारतीय जनता पार्टी अल्प संख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष परवेज अहमद ने जानकारी देते हुए कहा कि डाक्टर रमन सिंह ने हमेशा लोगों की मदद करने की प्रेरणा हम सबको दी है और आज उनके जन्मदिन के अवसर पर वृद्ध जनों के बीच उनका जन्मदिन मना कर आत्मिक शान्ति का अनुभव हो रहा है । इस अवसर पर मौजूद पूर्व सांसद मधुसूदन यादव व् पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष अग्रवाल सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही । कार्यक्रम के दौरान मधुसूदन यादव ने कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा है और इस तरह के पुण्य कर्म हम सभी को करने चाहिए । पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने कहा कि वृद्धाश्रम में अपनों से दुखी लोग रहते हैं और हम सबको इनके बीच आ कर इनका अकेलापन हमेशा दूर करना चाहिए । परवेज अहमद ने डाक्टर रमन सिंह जी की दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि डाक्टर साहब ने पंद्रह वर्षो तक हर तबके के लोगों की मदद की है और प्रदेश में विकास की गंगा बहाई है । निश्चित तौर पर हम सबको आगे भी डाक्टर साहब का प्रेम स्नेह मिलता रहेगा ।

उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम के बुजुर्गो ने मुक्त कंठ से डाक्टर साहब को आशीर्वाद दिया है । परवेज अहमद ने कहा कि बुजुर्गों ने कुछ बातें उन्हें बताई हैं जिस पर वो जल्द ही डाक्टर रमन सिंह जी से चर्चा कर के उनकी मांगों को पूरा करने का प्रयास करेंगे ।

# निगम में फंड का रोना और दूसरी तरफ आयुक्त कर रहे आर्थिक नुकसान : कुलबीर

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता को पत्र लिखकर आपत्ति जताते हुए कहा कि नियम विरूद्ध आपके द्वारा पदमश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम को 02 अगस्त से 08 अगस्त तक धार्मिक कथा के लिए दिया गया था। जिसका किराया/शुल्क की रसीद कटाये बगैर ही आडिटोरियम को 07 दिन के लिए दे दिया गया था। विभाग द्वारा 23275 रूपये इस कार्यक्रम में देने हेतु लिखी गई नोटशीट के अभिमत में इस तरह 07 दिवस तक कुल 1,62,925 रूपए निगम कोष में जमा कराया जाना लिखा गया है। जबकि सिर्फ ऑडिटोरियम के हॉल की ही नहीं पूरे आडिटोरियम की जगह का उपयोग हुआ है, जो कि वहां के कई विडियो में दिख रहा है।

छाबड़ा ने आगे कहा कि नगर निगम के किसी भी भवन को किराये में लेने के लिए शहर के नागरिकों, समितियों के कार्यक्रम, शादी, तेरहवीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बैठक एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए पूरा शुल्क नगर निगम में राशि जमा करवाकर भवन की चाबी सौंपता है। इस तरह कहा जाए तो निगम आयुक्त शहरवासियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे है। जबकि शहरवासियों को निगम के भवनों को कार्यक्रम में लेने के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है और निगम आयुक्त नियम के विपरीत व्यक्ति विशेष लोगों को संरक्षण दिया गया है, साथ ही शासन के समस्त विभागों से अनुमति प्राप्त के दस्तावेज भी निगम द्वारा लिये गये हैं की नहीं यह भी स्पष्ट उल्लेख नहीं है। छाबड़ा ने आयुक्त को कड़े शब्दों में चेताते हुए कहा कि आप आर्थिक अनियमितता के हो रहे संरक्षण को बंद करें एवं नियम विरूद्ध किये गये कार्य के दोषियों के खिलाफ कार्यवाही कर नगर निगम में पूरे आडिटोरियम की राशि जमा करायें।

### वेतन के लिए त्राहि-त्राहि

पार्षद छाबड़ा ने कहा कि एक तरफ शहर के सफाई व्यवस्था एवं शहर के विकास के लिए निगम की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। निगम के कर्मचारियों के वेतन तीन-तीन माह के नहीं मिल पाया है। निगम आयुक्त आर्थिक तंगी का हवाला दे रहे हैं और निगम असहाय है यह बताया जाता है। वहीं दूसरी तरफ लाखों रूपए बिना शुल्क व रसीद लिये भवनों को किराये में देना और नगर निगम में राशि जमा नहीं होना ये इस बात का प्रमाण है कि ये शहर के अव्यवस्थाओं के प्रति एवं नगर निगम के दायित्वों के प्रति आयुक्त अभिषेक गुप्ता गंभीर नहीं है, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से निगम की आर्थिक व्यवस्था को बिगाड़ने का कार्य किया जा रहा है।

# कवर्धा में चार बड़े काम, बैंकिंग परिसर, चौपाटी, सर्वसुविधायुक्त गार्डन और सेवा भक्ति प्रतीक्षालय के लिए 28 करोड़ रुपए का कार्य योजना तैयार

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले का सबसे बड़ा शहर कवर्धा एक समृद्ध कवर्धा-सुव्यस्थित कवर्धा के मॉडल शहर के रूप में विकसित किया जाएगा। पूरे प्रदेश में एक मॉडल नगर पालिका के रूप में विकसित करने के लिए चार बड़े-बड़े कार्ययोजना तैयार हो रहे है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से यह कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इन चार बड़े प्रस्तावित विकास मूलक कार्यों के लिए लगभग 28 करोड़ करोड़ रुपए का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा जाएगा। इसके अलावा कवर्धा शहर के चौक-चौराहों का सौदर्यीकरण, सड़कों का निर्माण, कालोनियों में बुनियादी और मूलभूत सुविधाओं तथा आवश्यकताओं के ध्यान में रखते हुए अलग-अलग कार्य योजनाएं भी बनाई जाएगी। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया तथा प्रस्तावित कार्ययोजना की ड्राईग, नक्शा का अवलोकन करते हुए भूमि आंबटन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान बताया गया कि इस प्रस्तावित कार्ययोजना के लिए लगभग 28 करोड़ रूपए की बजट लग सकती है। कलेक्टर ने प्रस्तावित कार्यां का बजट प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन को शीघ्रता से प्रेषित करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने प्रस्तावित भूमि का, विधिवत भूमि आंबटन की कार्यवाही करने जिला नजूल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर देवांगन को निर्देशित किया है। समृद्ध कवर्धा-सुव्यस्थित कवर्धा के मॉडल शहर के रूप में तैयार की गई 4 प्रस्तावित कार्ययोजनाओं बैंकिंग कंपोजिट परिसर-मार्ग, सुव्यस्थित उद्यान, सुसज्जित चौपाटी, सर्वसुविधायुक्त डोम और भक्त-दर्शनार्थी प्रतिक्षालय शामिल है। कंपोजिट बैंकिग काम्पलेक्स पुरानी मंडी परिसर में प्रस्तावित है। जिसमें सभी बैंकर्स को एक परिसर में लाने की योजना है। इस कार्य के लिए प्रस्तावित बजट 20 करोड़ 40 लाख रूपए का आंकलन किया गया है। वर्तमान में यह जमीन कृषि उपज मंडी के पास है। पुराना अस्पताल परिसर में सुव्यस्थित उद्यान, मांगलिक भवन, ओपन जिम पॉथ-वे, सहित सौदर्यीकरण का कार्य शामिल है। इसके लिए प्रस्तावित बजट 5 करोड़ 30 लाख रूपए तैयार की गई है। बुढ़ा महादेव मंदिर समीप बनेगा सर्वसुविधायुक्त डोम और भक्त-दर्शनार्थी प्रतिक्षालय -प्रस्तावित बजट 1 करोड़ 53 लाख रूपए का कार्ययोजना बनाई गई है। बतादे बुढ़ा महोदव कबीरधाम जिले को ऐतिहासिक, धार्मिक, पुरात्तविक तथा जनआस्था का केन्द्र है। यहां प्रतिवर्ष सावन माह में हजारों की संख्या में कावडिया और दर्शनार्थी आते है। बुढ़ा महोदव मंदिर से छत्तीसगढ़ के पुरातत्व तथा एतिहासिक महत्व के स्थल भोरमदेव मंदिर तक पदयात्रा का आयोजन होता है। सर्वसुविधा युक्त डोम के निर्माण होने से उस सभी दर्शनार्थियों तथा श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का विस्तार होगा। इसके अलावा कवर्धा नगर पालिका के सामने सुव्यवस्थित चौपाटी, गार्डन सहित सौदर्यीकरण का कार्य शामिल है। चौपाटी के लिए राज्य शासन से एक करोड़ रूपए की स्वीकृति मिल गई। टेंडर प्रक्रिया में, शीघ ही चौपाटी का काम शुरू होगा।

# आजादी के 78 साल बाद भी चपिया वासियों को पक्की सड़क नसीब नहीं

## ग्रामीणों ने की क्षेत्रीय विधायक से पक्की सड़क की मांग

पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com

आजादी के अठत्तर साल बीत जाने के बाद भी आदिवासी बाहुल्य ग्राम चपिया वासियों को बारहमासी पक्की सड़क नसीब नहीं हो पाई है। ग्रामीणों की जिंदगी आज भी कीचड़ युक्त कच्ची सड़क मार्ग से होकर गुजर रही है। गांव के किसानों को खाद लाना हो या फिर छात्रों को स्कूल जाना हो या फिर मरीज को अस्पताल पहुंचाना हो पक्की सड़क के अभाव में ग्रामीणों को बड़े ही मुश्किल हालातों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की माने तो बरसात का चौमासा किसी काले पानी की सजा से कम नहीं है। बरसात के दिनों चार पहिया वाहनों का पहुँचना नामुमकिन है। गांव के पंच गजानंद कश्यप, रूपसिंह, खेलसिंह कश्यप, अमर लाल, सुरेंद्र, सेतलाल, गंगासागर, दिनेश जगत आदि ने बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल को पत्र लिखकर पक्की सड़क बनाये जाने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार बसना विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत रूपापाली के आश्रित ग्राम चपिया एक आदिवासी बाहुल्य ग्राम है। यहां की आबादी करीब 5-6 सौ है। रूपापाली से चपिया की दूरी करीब 4 किलोमीटर है। वर्तमान में रूपापाली से चपिया तक कच्चा मार्ग बना हुआ है, जिससे होकर ग्रामीणों का आवागमन हो रहा है। बरसात के दिनों में पूरा मार्ग कीचड़ में तब्दील हो गया है और ट्रैक्टर वगैरह के चलने से बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इस मार्ग से होकर वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल है।

**मनरेगा के तहत भी नहीं बनी सड़क**-ग्राम चपिया से रूपापाली तक मनरेगा के तहत पहुंच मार्ग का निर्माण हेतु हल्का पटवारी एलके देवांगन ने एक नजरी नक्शा 27.12.2022 को तहसीलदार बसना के निर्देश पर तैयार किया गया। दोनों गांव की सीमा के बीच तकरीबन 1 किलोमीटर का हिस्सा नारंगी क्षेत्र के अंतर्गत आता है। पक्की सड़क तो दूर ग्रामीणों को मनरेगा के तहत मुरमीकृत सड़क भी नसीब नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि शासन प्रशासन से कई मर्तबा सड़क निर्माण हेतु मांग की गई है मगर कोई भी सरकार उनकी मांग की ओर ध्यान नहीं दे रही है।

**पीएमजीएसवाय बना दिवास्वप्न**-पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के शासनकाल में प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्राम चपिया तक पक्की सड़क क्यों नहीं बन पाई? एक गंभीर सवाल है। विकास की जितनी भी ढिंढोरा पीटा जाए यदि आदिवासी बाहुल्य ग्राम चपिया बारहमासी सड़क से नहीं जुड़ पाता है तो विकास की बातें बेमानी होगी। पीएम आवास योजना की क्रियान्वयन के लिए नियुक्त किए गए अधिकारियों तक चपिया के ग्रामीणों की आवाज क्यों नहीं पहुँच पा रही है? समझ से परे है।

**छात्र और मरीजों को होती है परेशानी**-पक्की सड़क नहीं होने से सर्वाधिक परेशानी स्कूली छात्रों को होती है। यहां के छात्रों को मिडिल स्कूल की पढ़ाई के लिए रूपापाली एवं हाई स्कूल की पढ़ाई के लिए भंवरपुर जाना पड़ता है। पक्की सड़क नहीं होने से कीचड़ से लथपथ मार्ग से होकर पैदल ही स्कूल जाना पड़ता है। छठवीं के बच्चे जिनकी उम्र महज 11-12 साल की होती है उन्हें 4 किलोमीटर तक का सफर पैदल ही चल कर तय करना कितना कष्टदायक है यह तो छात्र ही बता पाएंगे।

# महिला कबडड़ी प्रतियोगिता में शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविधालय खरौद की टीम ने मारी बाजी, अकलतरा महाविधालय की टीम रही उपविजेता



पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

संदीपनी विज्ञान महाविघालय राहौद व्दारा आयोजित परिक्षेत्र महिला कब्बड़ी प्रतियोगिता में जांजगीर चाम्पा जिला एवं शक्ति जिला के 16 टीमो ने भाग लिया था जिसमें शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविघालय खरौद के छात्राओं ने खेल का अच्छा प्रदर्शन करते हुए इस प्रतियोगिता का सिरमौर बनी इस टूनामेंट में खेल का सबसे अच्छा प्रदर्शन रीना अंचल का था जिसने अपने खेल से सबका मन मोह लिया था और उन्हे प्लेयर ऑफ द टूनामेंट का खिताब भी मिला। खरौद महाविघालय इस प्रतियोगिता को लगातार दो वर्ष से जीत रहा है अकलतरा महाविघालय की टीम इस प्रतियोगिता में उप विजेता रही। प्रतियोगिता के संचालन में शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविघालय के क्रीड़ाधिकारी विश्वास विश्वकर्मा का विशेष सहयोग रहा है।


इस जीत से शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविघालय खरौद के छात्र-छात्राओं में हर्ष है। महाविघालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.जी. सी. भारव्दाज एवं महाविघालय के सभी प्राध्यापकों ने विजयी टीम के सभी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

# स्वदेशी मेला के उद्घाटन समारोह में कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में होंगे शामिल

## उद्घाटन समारोह में लोकमंच रंगझांझर सुनील तिवारी देंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कवर्धा के स्थानीय पीजी कॉलेज मैदान में 17 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक स्वदेशी मेला का आयोजन किया जाएगा। 17 अक्टूबर स्वदेशी मेला के उद्घाटन कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हांगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात चिकित्सक डॉ. एके वास्तव, विशिष्ट अतिथि साजा विधायक ईश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष मती सुशीला रामकुमार भट्ट, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, जनपद अध्यक्ष मती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी और प्रांत संयोजक जगदीश पटेल करेंगे। उद्घाटन समारोह में लोकमंच रंगझांझर सुनील तिवारी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति




देंगे। स्वदेशी मेला कार्यक्रम में अतिथि के लिए पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, दयालदास बघेल, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक मती भावना बोहरा और बेमेतरा विधायक दिपेश साहू को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। स्वदेशी में ला में कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता, आरती थाली सजाओं, रंगोली, महिला खेल, व्यंजन, जसगीत, मेहंदी, चित्रकला और शिशु वेषभूषा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से पहली बार कवर्धा में इसका आयोजन किया जा रहा है। स्वदेशी मेला में विभिन्न राज्यों से स्वदेशी उत्पादों के हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम के अलावा लखनऊ, बिहार, मध्यप्रदेश, दिल्ली, पंजाब और कश्मीर तक के स्टाल की प्रदर्शनी लगेगी साथ ही प्रतिदिन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। स्वदेशी मेला आयोजन के लिए स्थानीय स्तर पर संचालन समिति का गठन किया गया है इसके अतिरिक्त स्थानीय उत्पादों को भी मेले में प्रदर्शनी के लिए स्थान दिया जाएगा।

# सहकारिता एवं कृषि विभाग के कार्यों पर जिला पंचायत के सामान्य सभा में हुआ मंथन

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक में सहकारिता एवं कृषि विभाग सहित अन्य जरूरी विषय पर गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला पंचायत सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषय जैसे खाद बीज, पोटाश, डीएपी का भंडारण सहित अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष मती सुशीला भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष मती पुष्पा साहू भी उपस्थिति थी। सामान्य सभा की बैठक में सहकारिता विभाग द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि जिले में कुल 323 पंजीकृत समितियां है। जिसमें 189 कार्यशील, 122 आकार्यशील एवं 12 परिसमापनधीन है। इसके साथ ही



107 समितियो का निर्वाचन पूर्ण होने 70 का निर्वाचन प्रक्रियाधीन होने तथा 134 समितियो का निर्वाचन शेष होने की जानकारी सदन को दी गई। विभाग द्वारा आगे जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्ष 2023-24 में 321 समितियो का आकेक्षण कराया जाना प्रस्तावित था। जिसके लिए 103 संपरिक्षक की नियुक्ति हुई है जिसमें 65 का आकर्षण पूर्ण होने एवं 38 का आकर्षण शेष होने की जानकारी दी गई।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों हितैषी योजना अपार आईडी, जाति प्रमाण पत्र व अन्य महती योजना के संदर्भ जिले के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक ली

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी वाई.डी. साहु द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक विद्यार्थियों हितैषी योजना व जाति प्रमाण पत्र के संदर्भ समीक्षा बैठक लिया गया। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग राज्य शासन की महत्वाकां विद्यार्थी हितैषी योजनाओं संबंधी क्रियान्वयन की समीक्षा हुई। बैठक में अपार आईडी क्रिएशन, छात्रवृत्ति की आन लाईन प्रविष्टि की प्रगति विद्यालय का जियो टेकिंग, ओटीआर, संस्था प्रमुख आधार पंजीयन के साथ, निः शुल्क सरस्वती सायकल वितरण, निः शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, विद्यालय निरीक्षण, निर्माण कार्य, व्यवसायिक पाठ्यक्रम का विद्यालय स्तर पर क्रियान्वयन तथा अन्य महत्वपूर्ण अकादमिक बिन्दुओं पर चर्चा कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन व



नवाचारी गतिविधियों से संबंधित कार्य बिन्दुओं पर चर्चा किया गया। राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे एवं राज्य स्तरीय उपलब्धि सर्वे पर चर्चा एवं शत प्रतिशत वन नेशन- वन स्टुडेंट संदर्भ में अपार आईडी की तैयारी, वृक्षारोपण- एक वृक्ष मां के नाम, रोपित वृक्षों का संवर्धन व जल संरक्षण पर चर्चा कर ततसंबंधी प्रगति के साथ ही यूडाईस पोर्टल में स्कूल प्रोफाईल एवं शिक्षण प्रोफाईल एण्ट्री की स्थिति जैसे विविध महत्वपूर्ण कार्य बिन्दुओं पर चर्चा कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। बैठक में सहायक संचालक एम.के.गुप्ता, सहायक संचालक, एम.आई.एस., प्रशासक सतीश यदु, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कवर्धा संजय जायसवाल, बोडला एस.एल.पन्द्रो व स.लोहारा संतोष भास्कर सहित जिले के 150 विद्यालयों के संस्था प्रमुख उपस्थिति थे।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने पत्रकारों को फोटों युक्त निर्वाचक नामावली तैयार एवं पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के मीडिया साथियों के साथ प्रेसवार्ता लेकर फोटो युक्त निर्वाचक नामावली तैयार एवं पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं नगरीय निकाय निर्वाचन 2024-25 के संबंध में जानकारी दी। इससे पहले कलेक्टर ने राजनैतिक दल की बैठक लेकर फोटो युक्त निर्वाचक नामावली तैयार एवं पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं नगरीय निकाय निर्वाचन 2024-25 के संबंध में जानकारी दी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कबीरधाम जिले के नगर पालिका, नगर पंचायत के आम/उप निर्वाचन के लिए अर्हता तिथि एक जनवरी 2024 के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिये कार्यक्रम जारी किया गया है। कार्यक्रम के अनुसार द्वितीय चरण में निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 16 अक्टुबर को किया गया। निर्वाचक नामावली के संबंध में दावा आपत्ति करने हेतु 16 अक्टूबर से 23 अक्टुबर तक दावा आपत्ति प्राधिकृत



कर्मचारियों के माध्यम से किया जाएगा। द्वितीय चरण में 16 अक्टूबर दिन बुधवार को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावे तथा आपत्तियां प्राप्त करना तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निर्वाचक नामावली उपलब्ध कराना, 23 अक्टूबर दिन बुधवार अपरान्ह 3 बजे तक दावा आपत्तियों प्राप्त करने की अंतिम तारीख व समय, 29 अक्टूबर दिन मंगलवार तक दावा आपत्तियों का निपटारे की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। 04 नवम्बर दिन सोमवार तक प्ररूप क्र-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि, 08 नवम्बर दिन शुक्रवार तक प्ररूप क्र-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि, निराकरण आदेश पारित होने के 05 दिवस के भीतर दावा आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तारीख निर्धारित की गई है। 13 नवम्बर दिन बुधवार तक परिवर्धन, सशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में करना, 16 नवम्बर दिन शनिवार तक चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पीडीएफ मुद्रण हेतु जिला कार्यालय को सौंपना, 19 नवम्बर दिन मंगलवार तक अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ सलग्न करना, 22 नवम्बर दिन शुक्रवार तक निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि निर्वाचक नामावली के प्रकाशन की व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है। बोड़ला को छोड़कर सभी नगरपालिका, नगर पंचायतों के सभी वार्डो में दावा आपत्ति प्राप्त करने के लिए केन्द्र बनाया गया है।

# थाना कसडोल पुलिस ने मेडिकल कालेज मे प्रवेश दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले 02 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

चंदराम यादव उम्र 42 साल निवासी ग्राम पुराना खर्वे द्वारा थाना कसडोल रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसके पुत्र को मेडिकल कालेज मे प्रवेश दिलाने के नाम पर आरोपियों दीपराज गायकवाड एवं राज गायकवाड द्वारा 16.06.2023 से 14.02.2024 के मध्य ग्राम पुराना खर्वे मे अलग-अलग किस्तो से कुल 40,00,000 ले लिया गया, लेकिन मेडिकल कालेज में प्रवेश नही दिलाया और ना ही अब पैसे वापस कर रहे है। कि रिपोर्ट पर थाना कसडोल में अपराध क्र. 450/2024 धारा 420 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। की प्रकरण में थाना कसडोल से निरीक्षक रितेश मिश्रा, सउनि मेघनाथ बंजारे, प्रधान आरक्षक राजू टण्डन एवं आरक्षक टीका राम साहु की पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को 16.10.2024 को रायपुर से



हिरासत मे लिया गया। पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों से विस्तृत पूछताछ किया गया जिसमें दोनों आरोपियों द्वारा मेडिकल कॉलेज में प्रवेश दिलाने के नाम पर प्रार्थी से 40 लाख रुपए की रकम अलग-अलग किस्तों में ठगी करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में 16.10.2024 को दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किये जाने कि प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम -1. दीपराज गायकवाड उम्र 33 साल निवासी ओम सोसायटी सुन्दर नगर पुरानी बस्ती रायपुर जिला रायपुर 2. राज गायकवाड उम्र 36 साल निवासी ओम सोसायटी सुन्दर नगर पुरानी बस्ती रायपुर जिला रायपुरथाना कसडोल पुलिस द्वारा मेडिकल कालेज मे प्रवेश दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले 02 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार। चंदराम यादव उम्र 42 साल निवासी ग्राम पुराना खर्वे द्वारा थाना कसडोल रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसके पुत्र को मेडिकल कालेज मे प्रवेश दिलाने के नाम पर आरोपियों दीपराज गायकवाड एवं राज गायकवाड द्वारा 16.06.2023 से 14.02.2024 के मध्य ग्राम पुराना खर्वे मे अलग-अलग किस्तो से कुल 40,00,000 ले लिया गया। लेकिन मेडिकल कालेज में प्रवेश नही दिलाया और ना ही अब पैसे वापस कर रहे है।

## मतदाता सूची निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन की दी जानकारी

# नगरपालिका और पंचायत के आम व उप निर्वाचन की तैयारी के संबंध में कलेक्टर ने ली प्रेस कांफ्रेस

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम व उप निर्वाचन 2024 की तैयारी के संबंध में कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस ली और प्रारंभिक प्रकाशन के लिए चिन्हांकित विविध स्थानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 01 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के अनुसार तैयार मतदाता सूची निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 16 अक्टूबर 2024 को जिले के नगरपालिका परिषद्, नगर पंचायत कार्यालयों एवं 84 वार्डों में किया जा रहा है तथा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के लिए 24 अक्टूबर 2024 को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय एवं ग्राम पंचायतों में किया जाना



है। दावे एवं आपत्तियों को प्राप्त करने के लिए निर्धारित स्थलों की पंचायतवार, निकायवार, वार्डवार कुल संख्या की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि जिले में 05 नगरीय निकायों एवं 84 वार्डों, 08 जनपद पंचायत कार्यालय तथा सभी 444 ग्राम पंचायतों में दावा-आपत्ति हेतु स्थल निर्धारित है।

**निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के संबंध में जानकारी**-नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण अंतर्गत दावे, आपत्तियों के निराकरण पश्चात् परिवर्धन, संशोधन, विलोपन की कार्यवाही किया जाकर अनुपूरक सूची के साथ निर्वाचक नामावली नगरीय निकाय का अंतिम प्रकाशन 22 नवम्बर 2024 एवं निर्वाचक नामावली त्रिस्तरीय पंचायत का अंतिम प्रकाशन 29 नवम्बर 2024 को किया जाना निर्धारित है। पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में ‘‘जाबो‘‘ अंतर्गत किये गये जागरूकता कार्य जिले के ग्राम पंचायत एवं स्थानीय निकायों में जाबो वोटर के तहत् मतदाता जागरूकता कायक्रम निरंतर रूप से किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत बैनर-पोस्टर प्रदर्शन, रैली, स्कूलों-कॉलेजों में विभिन्न कार्यक्रम कराया जा रहा है। पुनरीक्षण कार्यक्रम के मॉनिटरिंग के लिए छ.ग.राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जशपुर जिले हेतु निर्वाचक नामावली प्रेक्षक अपर कलेक्टर रायगढ़ राजीव पाण्डेय को नियुक्त किया गया है, जिनका मोबाईल नं. 9425649105 है। निर्वाचक नामावली से संबंधित किसी भी प्रकार जानकारी एवं शिकायत के लिए संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋृतु राज सिंह बिसेन एवं जिले के पत्रकारगण उपस्थित थे।

# जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का होगा निराकरण

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन समान्य प्रशासन एवं जन शिकायत निवारण विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम नेवारी में 19 अक्टूबर 2024 शनिवार को शिविर आयोजित किया जाएगा, शिविर में 28 गांव शामिल है। इसी तरह पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम बाघामुड़ा में 26 अक्टूबर 2024 शनिवार को शिविर आयोजित किया जाएगा, शिविर में 54 गांव शामिल है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आदेश जारी कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बलौदाबार (छ.ग.)**

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना //**

ऑनलाईन निविदाएँ प्रपत्र-ए में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जल जीवन मिशन के सिंगल विलेज नलजल प्रदाय योजनांतर्गत निर्माण कार्य की ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा सूचना क्र./दिनांक | सिस्टम क्र. | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 40/16.10.2024 | 159790 | 81.99 |
| 41/16.10.2024 | 159792 | 72.94 |
| 42/16.10.2024 | 159793 | 51.58 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 28.10.2024 तक देखी जा सकती है एवं निविदा डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

G-242503238/3

# रामचण्डी गढ़फुलझर क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित किया जाएगा

## मुख्यमंत्री ने गढ़फुलझर में सर्व समाज मंगल भवन के लिए 50 लाख रुपए की घोषणा की

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बसना विकासखंड के गढ़फुलझर में बाबा बिसाशहे कुल कोलता समाज द्वारा आयोजित बाबा बिसाशहे कुल कोलता समाज वार्षिक स्नेह सम्मेलन व बंधु मिलन कार्यक्रम में पहुंचे। और पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। उनके साथ छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल, ओ.पी. चौधरी, बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल भी हेलीपेड पहुंचे। हेलीपेड मे महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, समाज के अध्यक्ष गिरधारी साहू तथा अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाज प्रमुखों ने मुख्यमंत्री का पुष्प गुच्छ देकर आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम मे सरायपाली विधायक चातुरीनंद, पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर सहित समाज के पदाधिकारी, सदस्य और बड़ी संख्या मे श्रद्धांलु गण मौजूद थे। इस अवसर पर उन्होंने कोलता समाज को बधाई देते हुए कहा कि यह एक ऐसा समाज है, जो एक बड़े वर्ग को अपने साथ लेकर चलता है। यह समाज भारतीय समाज, संस्कृति एवं परंपरा को लेकर चलने वाला समाज है, क्योंकि इस समाज के अधिकांश लोग खेती-किसानी करने वाले लोग हैं। मुख्यमंत्री का हुलहुली बजाकर स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि ओडिशा की संस्कृति प्राचीन संस्कृति है और छत्तीसगढ़ मुख्य रूप से सामाजिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक रूप से इस राज्य से जुड़ा है। दोनों प्रदेश के लोगों का रोटी-बेटी का संबंध है। दोनों के अचार-विचार मिलते हैं। इस अवसर पर बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने कहा कि रणेश्वर रामचण्डी मदिर सिद्ध मंदिर है। यहाँ जो भी मन्नत मांगी जाती है पूरी होती है। यह क्षेत्र आदिवासी राजा का गढ़ रहा है। उन्होंने इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप मे विकसित करने और कोरिडोर बनाने की मांग की है। पदमपुर से गढ़फुलझर सड़क को कृषि महाविद्यालय खोलने सर्व जन मंगल भवन, 100 बिस्तर अस्पताल, बसना मे ट्रामा सेंटर, अधूरे जोक परियोजना, फुलवारी ग्राम को राजस्व रेकार्ड मे दर्ज करने की मांग उनके द्वारा की गई। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि यहां मौजूद होना सौभाग्य की बात है। इस अवसर उन्होंने पर उड़ीसा और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली सड़क के उन्नयन की मांग की। वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री साय 21 क्विंटल धन्यवाद खरीदी, बोनस देने वाले, 18 लाख गरीब को आवास देने, 9 लाख, 25 हजार गरीबो को पहला किश्त दिया गया।70 लाख दीदी मन को हर माह एक हजार दे रहे है। ऐसे मुख्यमंत्री का अभिनन्दन है। प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल ने सभी समाज के लिए सर्व मंगल भवन के लिए घोषणा के लिए अनुरोध किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि कोलता समाज द्वारा आयोजित गरिमामय कार्यक्रम मे शामिल होना सौभाग्य की बात है। आज रामचण्डी दिवस और शरद पूर्णिमा की बहुत बधाई। सौभाग्य है कि आप सबका दर्शन लाभ लेने आये है। भगवान रामचंडी से सब की खुशहाली कि कामना की है। यह समाज बड़ा शिक्षित, समृद्ध है। जो दूसरे समाज को प्रेरणा देने वाला समाज है। कृषक समाज है। मोदी की गारंटी के अनुरूप हम काम कर रहे है। 13 लाख परिवार को तेंदुपत्ता संग्रहण का लाभ मिल रहा है। रामलला दर्शन योजना से लाखो श्रद्धांलुओं को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि समाज उत्तोतर विकास करे यही कामना है। युवा नशा के खिलाफ भी जागरूक हो। उन्होंने सभी को शाशकीय योजना का लाभ लेने आह्वान भी किया। कहा कि समाज के सभी वर्ग सामने आये। मान्यता है कि प्रभु श्रीराम जी द्वारा रावण से रण में विजय पाने हेतु देवी की 9 दिन तक देवी की उपासना की गई थी। राम साधक के रूप के कठोर साधना कर चंडी को प्रसन्न किये, उनसे विजयी होने का आशीर्वाद प्राप्त किया। उसी समय से देवी के उस स्वरुप का नाम रणेश्वर रामचण्डी पड़ा। माता रणेश्वर रामचण्डी बाबा बिशासहे कोलता समाज की कुल देवी के रूप में फुलझर के गढ़ में प्रतिष्ठित हैं। जहाँ एक और राजा तालाब और एक और रानी तालाब है। यहाँ आदिवासी भैना राजा का राज्य था। जिन्होंने गुरु नानक देव जी को 4 एकड़ भूमि देकर एवं गांव का नाम नानक सागर कर सम्मानित किया। सन 2004 में रणेश्वर रामचण्डी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई। तब से प्रत्येक वर्ष रामचण्डी दिवस का आयोजन धूमधाम से होता हैं। यह आयोजन का 20वां वर्ष है।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में तेजी लाने के दिए निर्देश

■ पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई के अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माणाधीन और प्रस्तावित राजमार्गों के कार्यों की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने लोक निर्माण विभाग और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों की बैठक लेकर राज्य में निर्माणाधीन और प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्गों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने रायपुर के नवीन विश्राम भवन में हुई बैठक में निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाने तथा प्रस्तावित कार्यों की बाधाओं को दूर कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-130डी नारायणपुर से कस्तुरमेटा मार्ग का काम जल्दी प्रारंभ करने को कहा। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग के सभी स्वीकृत एवं निर्माणाधीन कार्यों के भू-अर्जन के भुगतान और वन-व्यपवर्तन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री साव को बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि केशकाल बायपास का प्राक्कलन स्वीकृति के लिए केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, नई दिल्ली को भेजा गया है। साव ने केंद्र सरकार से इसकी शीघ्र मंजूरी प्राप्त कर काम प्रारंभ करने के लिए यथाशीघ्र निविदा आमंत्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने रायपुर से सारंगढ़ मार्ग के फोरलेन कार्य का डीपीआर जल्दी पूर्ण कर इस साल दिसम्बर माह तक केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को भेजने को कहा। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह और प्रमुख अभियंता के.के. पीपरी सहित वरिष्ठ विभागीय अधिकारी तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी भी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।

# निगम जोन 6 द्वारा पचपेड़ीनाका में खाना खजाना पर गन्दगी पाए जाने पर 5000 रुपए का जुर्माना

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा द्वारा नगर निगम जोन 6 क्षेत्र में किये गए निरीक्षण में दिए गए निर्देशानुसार नगर निगम अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही, जोन 6 जोन स्वास्थ्य अधिकारी संजीव शर्मा की उपस्थिति मे पचपेड़ी नाका के पास खाना खजाना फूड प्वाइंट द्वारा मुख्य मार्ग में नाली के उपर दुकान लगाने एवं वहाँ गंदगी पाए जाने पर 5000 रूपये का जुर्माना किया गया। जोन 6 नगर निवेश विभाग द्वारा द्वारा उक्त दुकान को हटाने का कार्यवाही की जा रही है। होटल के बाजू के दुकानदार द्वारा मुक्कड़ के स्थल पर बनाई गयी दुकान को सीलबन्द करने का निर्देश दिया गया है।


# रायपुर दक्षिण विधानसभा परिक्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग ने रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव की घोषणा कर दी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह ने विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के संबंध में कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा की। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा उप निर्वाचन 2024 की घोषणा करने के तत्काल बाद आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। आदर्श आचार संहिता के पालन में रायपुर दक्षिण विधानसभा परिक्षेत्र में ही लागू होगी। कलेक्टर डॉ सिंह ने बताया कि उप-निर्वाचन की अधिसूचना 18 अक्टूबर को जारी की जाएगी। निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी 25 अक्टूबर तक अपना नामांकन रिटर्निंग ऑफिसर या सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष जमा करा सकेंगे। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के उप-निर्वाचन के लिए 13 नवंबर को मतदान होगा। 23 नवंबर को मतों की गणना कर परिणाम घोषित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने बताया कि विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के मद्देनजर रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में संयुक्त कलेक्टर पुष्पेन्द्र शर्मा एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में तहसीलदार (शहर) राकेश देवांगन तथा अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर विनोद कुमार साहू की ड्यूटी लगाई गई है।

# एसआई भर्ती परीक्षा का रिजल्ट 15 दिन के भीतर जारी करें : हाईकोर्ट

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में पिछले कई महीनों से आंदोलन कर रहे सब-इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती के अभ्यर्थियों के लिए राहत की खबर है। हाईकोर्ट की जस्टिस एनके व्यास की सिंगल बेंच ने राज्य सरकार को 975 पदों के लिए एसआई भर्ती परीक्षा का परिणाम जल्द से जल्द जारी करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने 15 दिनों के भीतर रिजल्ट जारी करने का आदेश दिया है, जिससे लंबित भर्ती प्रक्रिया में एक नई उम्मीद जगी है। परीक्षा परिणाम में हो रही देरी से निराश होकर राजधानी रायपुर में अभ्यर्थियों ने गृह मंत्री विजय शर्मा के बंगले के बाहर धरना दिया था। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने मांग की थी कि या तो एसआई भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाए, या फिर उन्हें इच्छा मृत्यु की अनुमति दी जाए। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे पिछले 6 वर्षों से इस परिणाम का इंतजार कर रहे हैं और अब उनके धैर्य का बांध टूट गया है। रविवार को राज्य भर से सैकड़ों की संख्या में एसआई भर्ती के अभ्यर्थी रायपुर पहुंचे और गृह मंत्री के सिविल लाइन स्थित बंगले के बाहर हाथों में तख्तियां लेकर धरने पर बैठ गए। उनकी तख्तियों पर लिखा था, एसआई रिजल्ट जारी करें या इच्छा मृत्यु दें। अभ्यर्थियों का कहना है कि सरकार को अब स्पष्ट करना चाहिए कि रिजल्ट जारी होगा या नहीं। प्रदर्शन के बाद बंगले की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से बिहार के वन एवं सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मंत्रालय महानदी भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में बिहार के वन एवं सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने डॉ प्रेम कुमार का छत्तीसगढ़ में हार्दिक स्वागत किया। डॉ प्रेम कुमार से राजधानी रायपुर में आयोजित होने वाले 27 वें अखिल भारतीय वन खेलकूद महोत्सव के शुभारंभ समारोह में शामिल होने रायपुर आए हैं। वे छत्तीसगढ़ की लघु वनोपज खरीदी व्यवस्था और धान उपार्जन व्यवस्था का भी जायजा लेंगे।

# मुख्यमंत्री ने भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्य कुमार यादव का किया सम्मान



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर में आयोजित 27वें वन खेलकूद महोत्सव में विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्य कुमार यादव का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने यादव को छत्तीसगढ़ की पारंपरिक शॉल और श्रीफल भेंट कर उनका अभिनंदन किया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सूर्य कुमार यादव जैसे खिलाड़ी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं और उनके खेल कौशल ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का मान बढ़ाया है। उन्होंने यादव की खेल भावना और उनकी उपलब्धियों की सराहना की। इस मौके पर सूर्य कुमार यादव ने छत्तीसगढ़ के खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों की सराहना करते हुए राज्य में खेल के क्षेत्र में प्रगति की प्रशंसा की।

# धान खरीदी की तिथि कम करना सरकार की बदनीयती : दीपक बैज

## समर्थन मूल्य बढ़ा है, सरकार 3217 रू. में धान खरीदी करे

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने मांग किया है कि धान खरीदी 1 नवंबर से शुरू किया जाये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 14 नवंबर से धान खरीदी के निर्णय से सरकार की नीयत में खोट साफ नजर आ रही है। सरकार 14 नवंबर से 31 जनवरी तक धान खरीदी का निर्णय लिया है। इसका मतलब है पहले ही सरकार धान खरीदी 14 दिन कम करेगी। यदि शुरूआत देर से की जा रही है तो खरीदी की अंतिम तिथि को 15 दिन आगे बढ़ाना चाहिये। ताकि सभी किसानों का धान समर्थन मूल्य पर बिक सके। खरीदी अवधि कम करना भाजपा सरकार बदनीयती का प्रमाण है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार की घोषणा के अनुसार 14 नवंबर से 31 जनवरी तक कुल 75 दिन के अंदर धान खरीदी का लक्ष्य है, इसमें से 35 दिनों लगभग एक महिना से अधिक छुट्टी है, अर्थात मात्र 40 दिन ही सरकार धान खरीदी करेगी। मात्र 40 दिनों में 30 लाख से अधिक किसानों के धान की खरीदी संभव नहीं। पंजीकृत किसानों की संख्या बढ़ी है। रकबा बढ़ा है। पैदावार भी ज्यादा हुआ है। प्रति एकड़ खरीदी की लिमिट भी बढ़ी है, फिर खरीदी की अवधि कम करने का आधार क्या है? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार इस वर्ष धान की खरीदी 3217 रू. में करे क्योंकि 3100 रू. भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। केंद्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रू. बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रू. से बढ़ाकर 3217 रू. किया जाये। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रू. में धान खरीदी किया था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार किसानों का बकाया राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त का भुगतान दीपावली से करें ताकि किसान दीपावली मना सकें। किसानों के द्वारा पिछले वर्ष बेचे गये धान की कीमत की अंतिम किस्त जो सरकार को देना था, भाजपा सरकार ने उसको भी नहीं दिया है। किसानों का 1600 करोड़ रू. सरकार के पास बकाया है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त के लिये पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा बजट का प्रावधान करके रखा था, साय सरकार ने किसानों को भुगतान नहीं किया है। यह भारतीय जनता पार्टी की किसान विरोधी सोच का नतीजा है किसानों ने अपना धान 2680 रू. में सरकार के पास बेचा था, यह छत्तीसगढ़ सरकार और किसानों के बीच का अनुबंध था। सरकार चलाने वाला दल भले ही बदल गया हो, किसानों से सरकार द्वारा किया गया अनुबंध (वादा) तो यथावत है। किसान न्याय योजना का पैसा किसानों का हक है उन्हें मिलना ही चाहिये। साय सरकार किसानों को उनके धान का पैसा तत्काल दीपावली के पहले भुगतान करें।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403